RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 344
नई दिल्ली, रविवार, 22 अक्टूबर, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




पुलिसकर्मियों ने हर स्थिति में खुद को साबित किया

राष्ट्रीय-11

# राजनयिक वापसी पर कनाडा को मिला अमेरिका, ब्रिटेन का साथ

● दोनों देशों ने भारत के फैसले पर असहमति जताते हुए उम्मीद की कि भारत राजनयिक संबंधों पर 1961 की वियना संधि के तहत अपने दायित्वों का पालन करेगा

**एजेंसी।** लंदन/वाशिंगटन

**ब्रिटेन** और अमेरिका ने कनाडा के 41 राजनयिकों के भारत से वापस जाने पर चिंता व्यक्त की है। ब्रिटेन ने कहा है कि वह भारत सरकार के उन फैसलों के प्रति असहमति व्यक्त करता है, जिन्हें वह एक सिख अलगाववादी की हत्या को लेकर दोनों देशों (भारत और कनाडा) के बीच जारी गतिरोध के मद्देनजर राजनयिकों की वापसी की वजह मानता है।

ब्रिटेन के विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय (एफसीडीओ) के एक बयान में शुक्रवार को कहा गया कि इस कदम से राजनयिक संबंधों को लेकर वियना संधि के प्रभावी क्रियान्वयन पर असर पड़ा है। वहीं, अमेरिकी विदेश विभाग ने इस बात पर जोर दिया कि मतभेदों को सुलझाने के लिए जमीनी स्तर पर राजनयिकों की आवश्यकता होती है। इससे पूर्व, कनाडा ने कहा कि उसने सिख अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की जून में हुई हत्या में भारतीय एजेंट की संलिप्तता के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के दावों पर तनावपूर्ण द्विपक्षीय संबंधों के बीच राजनयिकों का दर्जा एकतरफा रद्द करने के संबंध में भारत की चेतावनी के बाद 41 राजनयिकों को वापस बुला लिया है। नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने निज्जर के मारे जाने की घटना में भारतीय एजेंट के शामिल होने के आरोप को सिरे से खारिज कर दिया है और राजनयिकों की वापसी के संबंध में वियना संधि के किसी उल्लंघन से भी इनकार किया है। विदेश मंत्रालय ने कहा, हम समानता के कार्यान्वयन को अंतरराष्ट्रीय मानदंडों के उल्लंघन के रूप में पेश करने के किसी भी प्रयास को खारिज करते हैं। लंदन में एफसीडीओ के बयान में कहा गया,



प्रतीकात्मक फोटो

मतभेदों को सुलझाने के लिए संबद्ध देशों की राजधानियों में संवाद और राजनयिकों की आवश्यकता होती है। हम भारत सरकार द्वारा लिए गए निर्णयों से सहमत नहीं हैं, जिनके परिणामस्वरूप कई कनाडाई राजनयिकों को भारत छोड़ना पड़ा।

बयान में कहा गया, हम उम्मीद करते हैं कि सभी राष्ट्र राजनयिक संबंधों पर 1961 की वियना संधि के तहत अपने दायित्वों को बरकरार रखेंगे। राजनयिकों को सुरक्षा प्रदान करने वाले विशेषाधिकारों और छूट को एकतरफा हटाना वियना संधि के सिद्धांतों या प्रभावी कामकाज के अनुरूप नहीं है। हम हरदीप सिंह निज्जर की मौत की स्वतंत्र जांच में कनाडा के साथ जुड़ने के लिए भारत को प्रोत्साहित करना जारी रखेंगे। अमेरिका ने गतिरोध पर कनाडा का समर्थन किया है। अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि वह भारत से कनाडाई राजनयिकों की वापसी से चिंतित है। उसने उम्मीद जताई कि भारत राजनयिक संबंधों पर 1961 की वियना संधि के तहत अपने दायित्वों का पालन करेगा। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा, हम भारत में अपनी राजनयिक उपस्थिति को काफी कम करने की कनाडा से की गई मांग के जवाब में कनाडाई राजनयिकों के भारत से वापस जाने संबंधी घटनाक्रम से चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि हमने भारत सरकार से आग्रह किया था कि वह कनाडाई राजनयिकों की संख्या कम करने पर जोर नहीं दे और कनाडा की जारी जांच में सहयोग करे। भारत ने कनाडा के 41 राजनयिकों की देश से वापसी को अंतरराष्ट्रीय मानदंडों के उल्लंघन के रूप में पेश करने की कनाडा की कोशिशों को शुक्रवार को खारिज कर दिया।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि दो-तरफा राजनयिक समानता सुनिश्चित करना राजनयिक संबंधों से जुड़ी वियना संधि के प्रावधानों के अनुरूप है। विदेश मंत्रालय ने कहा, हम समानता के कार्यान्वयन को अंतरराष्ट्रीय मानदंडों के उल्लंघन के रूप में पेश करने के किसी भी प्रयास को खारिज करते हैं। मंत्रालय ने कहा, हमारे द्विपक्षीय संबंधों की स्थिति, भारत में कनाडाई राजनयिकों की बहुत अधिक संख्या और हमारे आंतरिक मामलों में उनका निरंतर हस्तक्षेप नई दिल्ली और ओटावा में पारस्परिक राजनयिक उपस्थिति में समानता को वांछित बनाता है। इस साल जून (शेष पेज 9)

# अंतरिक्ष में भारत ने रचा इतिहास

● इसरो ने मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम से पहले परीक्षण यान का सफल प्रक्षेपण किया, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह समेत शीर्ष नेताओं ने दी इसरो को बधाई

**एजेंसी।** श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश)

**भारतीय** अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कुछ प्रारंभिक बाधाओं से पार पाते हुए देश के महत्वाकांक्षी मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम गगनयान से जुड़े पेलोड के साथ उड़ान भरने वाले परीक्षण यान का शनिवार पूर्वाह्न 10 बजे सफल प्रक्षेपण किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और तमिनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन समेत कई नेताओं ने इस सफल प्रक्षेपण पर वैज्ञानिकों को बधाई दी।

वैज्ञानिकों ने मिशन निष्फल होने की स्थिति में (अबॉर्ट सिचूएशन) टीवी-डी। परीक्षण यान से क्रू मॉड्यूल (जिसमें अंतरिक्ष यात्री सवार होंगे) को बाहरी अंतरिक्ष में प्रक्षेपित करने के बाद वापस सुरक्षित लाने के लिए क्रू एस्केप सिस्टम यानी चालकदल बचाव प्रणाली (सीईएस) का परीक्षण किया। तय योजना के अनुसार, क्रू मॉड्यूल और क्रू एस्केप सिस्टम के बंगाल की खाड़ी में



श्रीहरिकोटा से सफर पर रवाना होता परीक्षण यान।

सुरक्षित और सटीक तरीके से गिरने पर मिशन नियंत्रण केंद्र में इसरो के वैज्ञानिकों में खुशी की लहर दौड़ गई। क्रू मॉड्यूल (सीएम) वह स्थान है, जहां गगनयान मिशन के दौरान अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में दबावयुक्त पृथ्वी जैसे वातावरण के बीच रखा जाना है। इसरो ने कहा कि टीवी-डी। के लिए सीएम एक बिना दबाव वाला संस्करण था। अधिकारियों ने बताया कि नौसेना उन्हें बंगाल की खाड़ी से फिर से प्राप्त करेगी और इसे चेन्नई बंदरगाह लेकर आएगी। इसरो के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने मिशन नियंत्रण केंद्र से कहा, मुझे टीवी-डी।

मिशन की सफलता की घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है। मिशन का उद्देश्य एक परीक्षण यान प्रदर्शन के माध्यम से गगनयान कार्यक्रम के लिए चालक दल बचाव प्रणाली का प्रदर्शन करना था। इस दौरान वाहन एक मैक और उससे भी अधिक तेजी (शेष पेज 9)

## अष्टम महागौरी



**श्वेते वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बरधरा शुचिः।**
**महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोदया॥**

**नवरात्र** में आठवें दिन महागौरी शक्ति की पूजा की जाती है। इनका रूप पूर्णत: गौर वर्ण है। इनकी उपमा शंख, चंद्र और कुंद के फूल से दी गई है। अष्टवर्षा भवेद् गौरी यानी इनकी आयु आठ साल की मानी गई है। इनके सभी आभूषण और वस्त्र सफेद हैं। इसीलिए उन्हें श्वेताम्बरधरा कहा गया है। चार भुजाएं हैं और वाहन वृषभ है इसीलिए वृषारूढ़ा भी कहा गया है। इनके ऊपर वाला दाहिना हाथ अभय मुद्रा है तथा नीचे वाला हाथ त्रिशूल धारण किया हुआ है। ऊपर वाले बाएं हाथ में डमरू धारण कर रखा है और नीचे वाले हाथ में वर मुद्रा है। इनकी पूरी मुद्रा बहुत शांत है। पति रूप में शिव को प्राप्त करने के लिए महागौरी ने कठोर तपस्या की थी। इसी वजह से इनका शरीर काला पड़ गया लेकिन तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने इनके शरीर को गंगा के पवित्र जल से धोकर कांतिमय बना दिया। उनका रूप गौर वर्ण का हो गया। इसीलिए यह महागौरी कहलाईं।

# आखिरकार फलस्तीन को मिली जरूरी सहायता

● फिलहाल सहायता सामग्री लेकर जा रहे केवल 20 ट्रकों को सीमा पार करने की दी गई अनुमति

**एजेंसी।** राफा (गाजा पट्टी)

**मिस्र** और गाजा के बीच की सीमा शनिवार को खोली गई ताकि घिरे फलस्तीनी क्षेत्र में पहली बार आवश्यक सहायता पहुंचाई जा सके। दो हफ्ते पहले हमास के खूनी उत्पात के बाद इजराइल ने इसे सील कर दिया था। केवल 20 ट्रकों को अंदर आने की अनुमति दी गई, सहायता कर्मियों ने कहा कि यह राशि गाजा में अभूतपूर्व मानवीय संकट से निपटने के लिए अपर्याप्त थी। लगभग 3,000 टन सहायता सामग्री ले जाने वाले 200 से अधिक ट्रक कई दिनों से क्रॉसिंग के पास खड़े हैं।

गाजा के 23 लाख फलस्तीनी में से आधे घर छोड़कर भाग गए हैं। मिलने वाले राशन से भोजन कर रहे हैं और गंदा पानी पी रहे हैं। अस्पतालों का कहना है कि पूरे क्षेत्र में बिजली कटौती के कारण उनके पास चिकित्सा आपूर्ति और आपातकालीन जनरेटर के लिए ईंधन की कमी हो गई है। इज़राइल अभी भी गाजा पर हवाई हमले कर रहा है। शुक्रवार देर रात, हमास ने एक अमेरिकी महिला और उसकी किशोर बेटी को रिहा कर दिया, जो मुक्त होने वाले पहले बंदी थे। यह तुरंत स्पष्ट नहीं था कि रिहाई और सहायता वितरण के बीच कोई संबंध था या नहीं। इज़राइल का कहना है कि हमास ने अभी भी कम से कम 210 लोगों को बंदी बना रखा है।

शनिवार की सुबह राफा के फलस्तीनी हिस्से में एक रिपोर्टर ने 20 ट्रकों को उत्तर की ओर दीर अल-बलाह की ओर जाते देखा, जो एक शांत खेती वाला शहर है, जहां उत्तर से आए कई लोगों ने आश्रय मांगा है। राफ़ा में संघर्ष से बचने की उम्मीद कर रहे सैकड़ों विदेशी पासपोर्ट धारकों को जाने की अनुमति नहीं दी गई। इसमें कहा गया है कि ट्रकों में संयुक्त राष्ट्र की बच्चों की एजेंसी से पीने के पानी की 44,000 बोतलें थीं- जो एक दिन के लिए 22,000 लोगों के लिए पर्याप्त थी। यूनिसेफ के कार्यकारी निदेशक कैथरीन रसेल ने कहा कि यह पहला, सीमित पानी जीवन बचाएगा, लेकिन जरूरतें तत्काल और बहुत अधिक हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा कि राफा से होकर गुजरने वाले 20 ट्रकों में से चार चिकित्सा आपूर्ति ले जा रहे थे, जिसमें तीन महीने के लिए 300,000 लोगों के लिए आवश्यक आपूर्ति, 1,200 लोगों के लिए आघात चिकित्सा और आपूर्ति, और 235 पोर्टेबल ट्रॉमा बैग शामिल थे। संयुक्त राष्ट्र के विश्व खाद्य कार्यक्रम की प्रमुख सिंडी मैक्केन ने बताया कि गाजा में स्थिति भयावह है। उन्होंने कहा कि हमें कई, कई, कई ट्रकों और सहायता के निरंतर प्रवाह की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि युद्ध से पहले लगभग 400 ट्रक प्रतिदिन गाजा में प्रवेश कर रहे थे। गाजा में हमास द्वारा संचालित सरकार ने यह भी कहा कि सीमित काफिला मानवीय आपदा को बदलने में सक्षम नहीं होगा। उसने चौबीसों घंटे चलने वाले एक सुरक्षित गलियारे का आह्वान किया।



### विश्व कप क्रिकेट

- **परिणाम:** श्रीलंका ने नीदरलैंड को पांच विकेट से हराया
- दक्षिण अफ्रीका ने इग्लैंड को 229 रन से हराया
- **आज:** भारत और न्यूजीलैंड

## क्विक न्यूज

### बम की सूचना पर विमान ने मुंबई में की आपात लैंडिंग

**मुंबई।** दिल्ली जाने वाले अकासा एयर के एक विमान में बम की सूचना मिलने के बाद उसे मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतारा गया। सूचना बाद में अफ्वाह साबित हुई। इस विमान में कम से कम 185 यात्री सवार थे। बम की फर्जी सूचना देने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है। जैसे ही विमान ने पुणे से उड़ान भरी, वैसे ही पल्लव अजय त्यागी नाम के एक यात्री ने चिल्लाना शुरू कर दिया कि विमान में बम है।

# मुश्किल भरी राह है महुआ मोइत्रा की

## पायनियर विश्लेषण

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारतीय** राजनीति उन साहसी महिलाओं की कहानियों से भरी पड़ी है, जो मुश्किल भरे रास्तों को पार करते हुए आगे बढ़ीं। इस संबंध में आप बसपा सुप्रीमो मायावती, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, स्मृति ईरानी, दिवंगत सुषमा स्वराज जैसे कुछ नामों का उल्लेख कर सकते हैं।

दूसरी ओर ऐसी महिला नेता भी हैं जिनके बारे में कहा जा सकता है कि वे अपनी पारिवारिक विरासत के कारण शीर्ष पर पहुंचीं। हो सकता है कि वे अभी तक पूरी तरह से आगे नहीं बढ़ पाई हो लेकिन राजनीतिक रूप से प्रासंगिक होने से थोड़ा अधिक बनने में कामयाब रहीं हैं। यह सूची बहुत लंबी है, एनसीपी की सुप्रिया सुले से शुरू होकर शिरोमणि अकाली दल की हरसिमरत कौर बादल, द्रमुक की कनिमोझी तक और



महुआ मोइत्रा की फाइल फोटो

संभवत: सपा की डिंपल यादव तक जाती है। महुआ मोइत्रा इन दोनों श्रेणियों में से किसी से भी संबंधित नहीं है। वह उस श्रेणी में आती है जिसे हम राजनीतिक 'अराजकता का पीछा करने वाली' के रूप में वर्णित कर सकते हैं। यह बात किसी भी राजनीतिक स्वतंत्रतावादी या किसी कट्टर नारीवादी को अपमानित करने के लिए नहीं है, लेकिन सुश्री मोइत्रा को कोई और कैसे देखता है? उनके अभी-अभी उभर रहे राजनीतिक करियर में संकट का वर्तमान दौर हमें बिल्कुल उसी दिशा में इशारा करता है। महुआ अराजकता फैलाने वाली हैं लेकिन राजनीति की तरह जीवन में भी आपको पता होना चाहिए कि कब पीछे हटना है या यह पता लगाने की बुद्धिमत्ता होनी चाहिए कि अराजकता का पीछा करने के इस साहसिक कार्य में कौन आपके साथी यात्री बनने के लिए तैयार हैं। अरविंद केजरीवाल ने एक स्व-घोषित अराजकतावादी के रूप में शुरुआत की, फिर (शेष पेज 9)




# यात्रियों ने लिया नमो भारत के सफर का आनंद

## लोगों ने खूब सेल्फी ली और लाइव वीडियो भी शेयर किए, ट्रेन संचालक ने यात्रियों का स्वागत फूल देकर किया

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद


पहले दिन नमो भारत में सफर करने वालों में उत्साह का माहौल रहा। यात्रियों ने इस दौरान सुविधाओं को सराहा।

पीएम नरेन्द्र मोदी द्वारा देश की सबसे तेज चलने वालीनमो भारत ट्रेन का शुभारंभ शुक्रवार को किया था। इसके बाद आज बड़ी संख्या में लोगों ने नमो भारत के सफर का आनंद उठाया। सुबह से ही लोगों की भीड़ नमो भारत स्टेशन पर जुटना शुरू हो गई।

सभी यात्रियों का स्वागत ट्रेन के प्रतिनिधियों द्वारा फूल देकर किया गया। ट्रेन में पहली बार सफर करने वाले लोग अपने स्वागत से अभिभूत नजर आए। लोगों ने सफर के दौरान खूब सेल्फी ली और लाइव वीडियो भी शेयर किए। बच्चों से लेकर बुजुर्ग भी ट्रेन का सफर कर उत्साहित नजर आए।

वैशाली निवासी सोनिया ओबरॉय ने रैपिड ट्रेन के सफर को बेहद सुविधाजनक बताया। उन्होंने कहा कि ट्रेन बाहर से जितनी अच्छी है अन्दर से भी उतनी ही अरामदायक है। वैशाली निवासी सिद्धाथ ओबरॉय ने बताया कि ट्रेन बेहद लग्जरी है। सफर कर ऐसा लगा कि वह किसी प्लेन के अन्दर बैठे हैं। पहला सफर शानदार रहा। यह एक बेहतर कनेक्टिवी है जो जिले के विकास को और आगे ले जाएगी। अपनी मां और बहन के साथ आए वसुंधरा निवासी हर्षित ने बताया कि ट्रेन का सफर बेहद अच्छा रहा। उन्हें तेज गति में सफर करना अच्छा लगा। अब लम्बी दूरी चंद मिनटों में होने से सफर आसान रहेगा।

वहीं हर्षित की सात वर्षीय बहन गरिमा ने बताया कि उन्हें ट्रेन में तेज चलने से डर तो लगा लेकिन फिर जब वह सुरक्षित उतर गई तो अच्छा लगा और जल्द ही वह आगे भी इसमें सफर करेंगी। प्रियंका ने बताया कि देश की सबसे तेज ट्रेन में सफर को लेकर बेहद उत्साहित थी और काफी समय से इसके चलने का इंतजार कर रही थी।

साहिबाबाद से दुहाई तक का सफर किया जिसमें ऐसे लगा जैसे वह आसमान में उड रही हैं। गाजियाबाद निवासी निर्मला बंसल अपने परिवार के साथ सफर पर आई थी। निर्मला ने बताया कि स्टेशनों पर एयरपोर्ट जैसी सुविधाएं हैं। बैठने के लिए अच्छी सीट, पानी और सफाई व्यवस्था भी बेहद अच्छी हैं। ऐसा लगा कि जैसे वह किसी एयरपोर्ट में आ गई हैं। उन्होंने लोगों से स्टेशन को साफ रखने की भी अपील की। प्रेम भारद्वाज ने ट्रेन के सफर को शानदार बताया उन्होंने कहा कि इस ट्रेन में लोगों को काफी हद तक ट्रेफिक से निजात मिलेगी और लोग चंद मिनटों में ही अपने गंतव्य तक पहुंच सकेंगे।

इंदिरापुरम निवासी जे शर्मा ने बताया कि रैपिडएक्स ट्रेन आने वाले समय में विकास के नाए आयाम तैयार करेगी। लंबी दूरी के लोगों के लिए बेहद कम समय में आवागमन आसान हो जाएगा और लोग आसानी से एक से दूसरे जगह जा सकेंगे। इसकी कनेक्टिवी जल्द ही अन्य जिलों में होनी चाहिए। दुहाई से सफर करने वाले पीयूष गोयल ने बताया कि जब से ट्रेन का ट्रायल शुरू हुआ है तब से वह बेहद ट्रेन में सफर करने को लेकर उत्साहित थे।

उद्घाटन के बाद वह टिकट लेकर सफर कर रहे हैं जो बेहद गर्व महसूस हो रहा है। सफर के पहले दिन ही काफी यात्रियों को पेनल्टी भी भुगतनी पड़ी। दरअसल लोग गलती से दूसरे स्टेशन पहुंच गए ऐसे में उन्हें वापस आना पड़ा तो पेनल्टी भुगतनी पड़ी। पहले दिन यात्रियों को इससे कोई छूट नहीं दी गई जिससे लोगों में निराशा भी दिखी।

## अधिवक्ता प्रेमलता बनी पहली यात्री

*विजयनगर निवासी अधिवक्ता प्रेमलता रैपिडएक्स ट्रेन की पहली यात्री बनी। पहला टिकट लेने के लिए वह सुबह साढे पांच बजे ही स्टेशन पर पहुंच गइ थी। कांउटर खुलते ही उन्होंने ट्रेन के प्रीमियम वर्ग का टिकट लिया। उसके बाद वह पहली यात्री बनी तो वहां मौजूद अधिकारियों ने फूल, उपहार व प्रमाण पत्र देकर प्रेमलता का स्वागत किया। प्रेमलता ने कहा कि देश की सबसे तेज ट्रेन का पहली यात्री बनने पर बेहद खुशी महसूस हो रही है। ट्रेन के सफर को लेकर उन्होंने कहा कि ट्रेन में*



*सभी सुविधाएं किसी एयरपोर्ट जैसी है। तो वहीं ट्रेन की स्पीड भी ऐसी है कि चंद मिनटों में साहिबाबाद से दुहाई पहुंच गई। उन्होंने कहा कि देश में इस ट्रेन की कनेक्टिवी हर शहर में होनी चाहिए।*

## संक्षिप्त समाचार


मां दुर्गा पारंपरिक संगीत व पूजा के साथ भव्य पंडाल में विराजमान हुई।

### संगीत आगमनी के साथ मां दुर्गा की प्राण-प्रतिष्ठा

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के वैशाली सेक्टर-6 के मिलिंद एकेडमी स्कूल के ग्रांउड में मां दुर्गा पारंपरिक संगीत व पूजा के साथ भव्य पंडाल में विराजमान हुई। यहां पिछले 20 वर्षों से नवोदय बंगाली कल्चरल एसोसिएशन के संयोजन में दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है। नवोदलय बंगाली कल्चरल एसोसिएशन के मुख्य सलाहाकार प्रशांत सोम ने बताया कि मां दुर्गा की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा संगीत आगमनी के साथ शुक्रवार को किया गया। उन्होंने बताया कि भक्तों के लिए पंडाल में तीन दिन का भंडारे का आयोजन किया गया है। इसके साथ स्थानीय बच्चों के विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ कोलकाता से आए बंगाली गायकों का संगीत अनुष्ठान का आयोजन किया जाएगा। इसके आलवा महाष्टमी व नवमी पर भी आरकेस्ट्रा के साथ गुणीजनों के द्वारा आयोजित सांस्कृतिक व संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। दुर्गा पूजा का सफल बनाने में अध्यक्ष गौतम चटर्जी, सचिव सुमित पाल कोषाध्यक्ष सुब्रतो दास के साथ साथ जयंत पुरुवा, डीडी राय, ऐश्वर्य प्रामाणिक विशेष योगदान दे रहे हैं। ये सभी लोग बंगाली समाज के साथ स्थानीय लोगों को एक सूत्र में पिरोकर मां दुर्गा की पूजा का भव्य तरीके से आयोजित कर रहे हैं।

### कमिश्नरेट पुलिस ने किया शहीदों को नमन

**गाजियाबाद।** पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर आज गाजियाबाद कमिश्नरेट पुलिस लाइन में पुलिस ने सीपी अजय कुमार मिश्रा की अगुवाई में कर्तव्यनिष्ठा की बलिवेदी पर अपने प्राण न्योछावर करने वाले जवानों को मान प्रणाम देते हुए उन्हें नमन किया। इस अवसर पर सीपी अजय कुमार मिश्रा के अलावा एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी, डीसीपी सिटी निपुण अग्रवाल, डीसीपी रूरल विवेकचंद्र यादव, डीसीपी ट्रांस हिंडन शुभम पटेल, एसीपी कोतवाली आईपीएस निमिष दशरथ पाटिल, एडीसीपी क्राइम सच्चिदानन्द, एडीसीपी ट्रैफिक रामानन्द कुशवाहा, एडीसीपी प्रोटोकॉल विरेंद्र सिंह, एसीपी कविनगर अभिषेक श्रीवास्तव, एसीपी नन्दग्राम रवि कुमार सिंह, एसीपी साहिबाबाद भास्कर वर्मा, एसीपी वेब सिटी सलोनी अग्रवाल, एसीपी अंकुर विहार रविप्रकाश सिंह, एसीपी लोनी रजनीश उपाध्याय, एसीपी शालीमार गार्डन सूर्यबली मौर्य, एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह, एसीपी मसूरी नरेश कुमार सिंह, एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय, एसीपी ट्रैफिक पूनम मिश्रा, एसीपी एलआईयू प्रियांशी पाल व आरआई ऊदल सिंह के अलावा 47 एवं 41 वीं वाहिनी पीएसी के अधिकारियों ने शहीद स्मारक पर पुष्पांजली अर्पित करके शहीदों को नमन किया। इस अवसर पर अधिकारियों ने शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिये दो मिनट का मौन भी रखा। बता दें कि ये पुलिस स्मृति दिवस चाइना बॉर्डर पर 1959 में हुई लड़ाई के दौरान शहीद होने वाले वीर जवानों की याद में मनाया जाता है।

### रणदीप भाटी गिरोह के सदस्य की संपत्ति कुर्क

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर में कुख्यात अपराधियों और उनके गिरोह के खिलाफ पुलिस कमिश्नरेट की कड़ी कार्रवाई लगातार जारी है। अवैध रूप से अर्जित की गई अपराधियों की संपत्तियों को कुर्क किया जा रहा है। इसी कड़ी में कुख्यात माफ्यिा रणदीप भाटी गिरोह के सक्रिय सदस्य बृजनंदन की संपत्ति को कुर्क किया गया। इस कड़ी में शनिवार को पुलिस आयुक्त न्यायालय गौतमबुद्ध नगर द्वारा 14/1 गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई के अंतर्गत शासन द्वारा घोषित कुख्यात माफिया रणदीप भाटी गैंग के सक्रिय सदस्य बृजानन्द के खिलाफ अब तक कि सबसे बड़ी कार्रवाई की गई। यह आरोपी हरियाणा के तिगांव के मौजा गांव का रहने वाला है। ब्रजानन्द, जो गैंग संख्या.298 रणदीप भाटी गिरोह का सक्रिय सदस्य भी है और जिस पर हत्या के प्रयास व गैंगस्टर आदि के दर्जनों मुकदमे दर्ज है। थाना दादरी द्वारा ब्रजानंद के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की गई। जिसकी विवेचना जारचा पुलिस की द्वारा की जा रही है। पुलिस आयुक्त न्यायालय के आदेश के बाद जारचा पुलिस ने हरियाणा के तिगांव के मौजा गांव पहुंचकर कार्रवाई की। जारचा पुलिस द्वारा 07 कनाल 12 मरले जमीन को कुर्क किया गया। अनुमानित कीमत करीब 8 करोड़ 78 लाख 44 हजार 813 रूपये बताई जा रही है। पुलिस कमिश्नरेट की तरफ से बताया गया कि कुख्यात माफिया के खिलाफ कार्रवाई जारी है। कुख्यात माफिया के द्वारा अवैध रूप से अर्जित की गई उनकी संपत्ति को कुर्क किया जा रहा है।

## एक्सप्रेसवे पर सड़क हादसे में पांच की मौत

- अज्ञात वाहन ने इकोवैन में मारी टक्कर, अन्य तीन घायल

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



यमुना एक्सप्रेस-वे पर शनिवार को अज्ञात वाहन की टक्कर में एक बच्चे समेत पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि घटना का शिकार हुई मारुति ईकोवैन में सवार तीन अन्य यात्रियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना में घायल तीनों नाबालिग हैं। घटना रबूपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत यमुना एक्सप्रेस-वे पर रात करीब एक बजे हुई। पुलिस के प्रवक्ता ने कहा, ईकोवैन में आठ लोग सवार थे जो झारखंड के निवासी थे और अपने राज्य लौट रहे थे। उन्होंने बताया कि जब उनकी कार यमुना एक्सप्रेस-वे के जीरो पॉइंट से 25 किमी दूर रबूपुरा थाना क्षेत्र में पहुंची, उनकी कार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।

घटना में पांच यात्रियों की मौत हो गई जबकि घायल तीन लोगों का निजी अस्पताल में उपचार हो रहा है। अधिकारी ने बताया कि मामले में जांच जारी है। ग्रेटर नोएडा के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) साद मियां खान ने कहा कि कार दक्षिण दिल्ली के मदनपुर खादर से झारखंड के पलामू जा रही थी। पुलिस ने बताया कि मरने वालों की पहचान झारखंड के पलामू जिला निवासी उपेंद्र बैठा (38), उनके भाई विजेंद्र बैठा (36), विजेंद्र की पत्नी कांति देवी (30), उनकी बेटी कुमारी ज्योति (12) और सुरेश बैठा (45) के रूप में हुई है।

उन्होंने बताया कि घायलों में उपेंद्र का बेटा सूरज (16) और विजेंद्र के बेटे आयुष (आठ) और आर्यन (10) शामिल हैं।

## चलते ट्रक में लगी आग हाईवे पर मची अफरातफरी

**गाजियाबाद।** मोदीनगर में दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर भोजपुर के घी और रिफाइन के टीन से भरे ट्रक में आग लग लग गई।

आग लगने से दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर अफरातफरी का माहौल बन गया। आग की चपेट मे आकर काफी सामान जलकर राख हो गया। दमकल की गाड़ी ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। शार्ट सर्किट के चलते आग लगने की बात सामने आ रही है। ट्रक घी और रिफाइन का टीन लेकर दिल्ली से मेरठ जा रहा था। ट्रक को बागचंद्र नामक युवक चला रहा था। जब ट्रक भोजपुर के पास पहुंचे तो पिछले हिस्से में धुआं उठने लगा। देखते ही देखते आग ने विकराल रुप धारण कर लिया और आग की ऊंची लपटें निकलनी लगी। एक्सप्रेसवे पर अफरातफरी का माहौल बन गया।

## सोसाइटी की लिफ्ट में बुजुर्ग महिला समेत चार लोग फंसे

- गार्ड व अन्य कर्मचारियों ने 20 मिनट बाद निकाला

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा में हाई राइज सोसाइटी में लिफ्ट अटकने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। ग्रेटर नोएडा की चेरी काउंटी हाउसिंग सोसाइटी में भी लिफ्ट फंसने का एक मामला सामने आया। बताया जा रहा है की लिफ्ट करीब 20 मिनट तक फंसी रही।

इस दौरान लिफ्ट के अंदर एक बुजुर्ग महिला सहित चार लोग लिफ्ट में फंसे रहे। करीब 20 मिनट की देरी के बाद इन लोगों को मेंटेनेंस टीम और सुरक्षा कर्मियों ने जैसे तैसे बाहर निकाला। ग्रेटर नोएडा के बिसरख थाना क्षेत्र की चेरी काउंटी सोसाइटी में शनिवार सुबह एक लिफ्ट अटक गई। लिफ्ट में एक बुजुर्ग महिला सहित चार लोग इस लिफ्ट में सवार थे। दरअसल बी.3 टावर में जब यह लोग लिफ्ट में ऊपर जा रहे थे अचानक से ही झटका लगने के बाद लिफ्ट रुक गई। वह 2 फ्लोर के बीच में अचानक से रुक गई।

लिफ्ट अचानक से रुकने के बाद उसमें फंसे हुए लोग घबरा गए। बताया जा रहा है कि इस दौरान उन लोगों ने अलार्म बजाया और इमरजेंसी बटन भी दबाया। लिफ्ट में फंसने के बाद यह लोग काफी घबरा गए और इन लोगों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। जिसके बाद मेंटेनेंस की टीम और सुरक्षाकर्मी मौके पर पहुंचे।


### सांकेतिक कब्जे की सूचना

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005.

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अमित चौधरी/ प्रियंका/ LBHIS00005229885 | मकान नंबर 80 पीपीआईडी नंबर 152सी793यू620, खसरा नंबर 558/1, 562/1, 568 से 574, गली नंबर-11 जवाहर नगर तहसील और जिला हिसार, हरियाणा/ अक्टूबर 18, 2023 | अप्रैल 26, 2023 रु. 26,10,446/- | दिल्ली/ गुड़गाँव/ हिसार |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : अक्टूबर 21, 2023**
**स्थान : दिल्ली/ एनसीआर (गुड़गाँव)**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि.**

### सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पति पता | प्रषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अनुराग शुक्ला/ऋचा पांडे (एलबीएलयूसी00006052205) एवं सी/ओ ओम प्रकाश नारायण शुक्ला, बभानी सराय खड़गपुर इमिलिया गोंडा, उत्तर प्रदेश, गोंडा-271204 | मकान खसरा नंबर 408 पर, वार्ड शहीद भगत सिंह, ग्राम अमराई, लखनऊ, उत्तर प्रदेश | 03-10-2023 रू. 18,04,243/- | 04-05-2023 |
| 2. | शिवम शंकर/ज्योति (एलबीएमआरटी00002354718) एवं 256 एल ब्लॉक शास्त्री नगर, साउथ उत्तर प्रदेश मेरठ-250002 | फ्लैट नंबर 10/बी/17/304, द्वितीय तल, एफ ब्लॉक, शास्त्री नगर, मेरठ, उत्तर प्रदेश | 25-09-2023 रू. 2,72,390/- | 28-07-2023 |
| 3. | विपिन कुमार/योगेन्द्र कुमार (एलबीएमआरटी00002416509) एवं मकान नंबर 162, का मढैया जतन, पिलखुवा, हापुड़, निकट चंडी मंदिर, पिलखुवा, गाजियाबाद-201002 | मकान नंबर 774, खसरा नंबर 21234, 2124 अथवा 2317/2, शिव नगर, हापुड़, उत्तर प्रदेश-245406 | 02-09-2023 रू. 6,58,315/- | 06-03-2023 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 21 अक्टूबर, 2023
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड


## कारोबारी को अगवा कर मांगी थी 6 करोड़ की फिरौती

- महिला समेत 7 आरोपी गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद


पुलिस गिरफ्त में फिरौती मांगने वाले आरोपी

गाजियाबाद पुलिस ने शनिवार को एक महिला समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने एक कपड़ा कारोबारी को बिजनेस के बहाने मिलने के लिए बुलाया। उसके बाद बंधक बनाकर 6 करोड़ की फिरौती मांगी। पौने 3 करोड़ रुपए मिलने के बाद कारोबारी को छोड़ा।

कारोबारी ने चंगुल से छूटने के बाद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कराया, उसके बाद पुलिस हरकत में आई। 7 आरोपियों को दबोच लिया। उनके पास से सवा 2 करोड़ रुपए रिकवर बरामद कर लिये। जबकि आठवां आरोपी देहरादून में पुराने मुकदमे में जमानत तुड़वाकर जेल चला गया है। दिल्ली के जनकपुरी के रहने वाले शशांक शर्मा की सहारनपुर में कपड़ा फैक्ट्री है। बिजनेस के सिलसिले में शशांक का दिल्ली के सीलमपुर माजरा के रहने वाले इशांत त्यागी से रुपयों का लेनदेन चलता रहता था। शशांक के मुताबिक, कुछ दिनों पहले इशांत त्यागी ने उन्हें नए बिजनेस का प्रपोजल दिया। इसी बहाने बातचीत करने के लिए इशांत ने उन्हें 14 अक्टूबर को गाजियाबाद में राजनगर एक्सटेंशन की ज्योति सुपर विलेज सोसाइटी के फ्लैट पर बुलाया। जब वे वहां पहुंचे तो कई लोग पहले से मौजूद थे। सभी ने उन्हें पीटा और हाथ.पैर बांधकर एक कमरे में डाल दिया। रिहाई के बदले 6 करोड़ रुपए की फिरौती मांगी। शशांक ने जैसे.तैसे पौने तीन करोड़ रुपए का इंतजाम कराया।

## जयश्री राम बोलने से रोकने पर प्रोफेसर निलंबित

**गाजियाबाद।** एबीईएस इंजीनियरिंग कॉलेज में जय श्रीराम बोलने पर छात्र को मंच से उतारकर बेइज्जत करने का मामला तूल पकड़ने लगा है।

महिला प्रोफेसर ने इस पूरे केस में अपना पक्ष रखते हुए जय श्रीराम स्लोगन से कोई दिक्कत नहीं होने की बात कही है। एबीईएस इंजीनियरिंग कॉलेज मैनेजमेंट ने प्रोफेसर डॉ ममता गौतम और डॉ स्वेता शर्मा को सस्पेंड कर दिया है। जांच कमेटी की रिपोर्ट आने के बाद ये कार्रवाई हुई है। ये जानकारी मीडिया प्रभारी डॉ तरुण अरोरा ने दी है। विवाद को देखते हुए कॉलेज के बाहर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

## कूड़े के ढेर में पड़ा पटाखा फटा, तीन बच्चे घायल

**नोएडा।** थाना सेक्टर-24 क्षेत्र में मदर डेयरी के पास कूड़े के ढ़ेर में पड़ा हुआ पटाखा फूट गया। वहां खेल रहे तीन बच्चे इसकी चपेट में आ गया। जिससे बच्चो को चोट लगी है।

बच्चों के पैर और हाथ झुलस गए है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मुआयना किया। वहां जला हुआ पटाखा मिला है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। सरुदीन सेक्टर. सेक्टर-22 सी-1 में झुग्गी में परिवार के साथ रहता है। पास में ही मदर डेरी भी है। वही उसके तीन बच्चे सनीबा 2, मेहरबा 1.5 और एहतेयाम 5 साल खेल रहे थे। कूड़े में पड़ा पटाखा फूट गया। जिससे निकले चिनगारी और प्रेशर की चपेट में वहां खेल रहे बच्चे आ गए। बच्चों के हाथ और पैर में चोट लगी है।

## ग्रेनो में 1500 करोड़ से बनेगा औद्योगिक पार्क

- एक जगह पर लगेंगे करीब 600 उद्योग, 20 हजार से ज्यादा लोगों को मिलेगा रोजगार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



ग्रेटर नोएडा में रियल्टी फर्म शाकुंतलम लैंड क्राफ्ट 1500 करोड़ रुपए के निवेश से एक औद्योगिक पार्क स्थापित करेगी। इसमें 600 से ज्यादा अति सूक्ष्म लघु एवं मझौली एमएसएमई इकाइयों को जगह दी जाएगी। यानी यहां पर करीब 600 औद्योगिक कंपनियां स्थापित होगी जो एक ही परिसर में होगी। शाकुंतलम लैंड क्राफ्ट के डायरेक्टर आशीष गुप्ता ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार की 1 ट्रिलियन इकॉनमी और मेक इन इंडिया की पहल को हमारी योजना आगे बढ़ाएगी। उन्होंने बताया कि यह औद्योगिक पार्क सूरजपुर में स्थित उस जमीन पर विकसित किया जाएगा जहां पर कभी कोरियाई कंपनी देबू मोटर का विनिर्माण संयंत्र हुआ करता था। उन्होंने बताया कि हमने ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर में स्थित 204 एकड़ जमीन नीलामी में करीब 359 करोड़ रुपए में खरीदी है। इस जमीन पर हम औद्योगिक पार्क बनाने की योजना बना रहे हैं। करीब 1500 करोड़ रुपए के निवेश से यह औद्योगिक पार्क तैयार होगा। जहां पर करीब 600 एमएसएमई इकाइयां मौजूद होंगी। उन्होंने बताया कि इस औद्योगिक पार्क से रोजगार के करीब 25000 अवसर पैदा होंगे।

इस औद्योगिक पार्क के विकास में करीब 2 वर्ष का वक्त लगेगा। उन्होंने बताया कि यहां पर करीब 25000 करोड़ का निवेश होगा। उन्होंने कहा कि सरकार लगातार मेक इन इंडिया और न्यू इंडिया की बात कर रही है। यह योजना इस नए भारत के सपने को साकार करेगी। जहां पर 600 हाईटेक इंड्रस्टी एक साथ मौजूद होंगी और जिसमें लोगों को रोजगार भी मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस भूखंड को सबसे पहले 1980 में डीसीएम टोयोटा को आवंटित किया गया था लेकिन 1990 में से देबू मोटर को सौंप दिया गया था। वर्ष 2008 में पैन इंडिया ने इसे खरीदा लेकिन पूरे पैसे नहीं दे पाई। इसकी वजह से वह 2016 में अपना कब्जा गंवा बैठी थी। इसके बाद वर्ष 2018 में जमीन पर बनी संयंत्र एवं मशीनरी को कबाड़ के रूप में बेच दिया गया और खाली जमीन की बिक्री के लिए 10 बार नीलामी की गई। आखिरकार अगस्त 2023 में शकुंतलम लैंड क्राफ्ट ने बोली लगाकर इसे खरीद लिया। उन्होंने बताया कि इस योजना के बाद प्रदेश के विकास में पंख लगेंगे लोगों को रोजगार मिलेगा।

# खराब होने लगी दिल्ली की फिजा, सुबह छाई धुंध

## केंद्रीय वायु गुणवत्ता आयोग ने 23-24 अक्टूबर को एक्यूआई बेहद खराब श्रेणी में रहने की जताई आशंका

● प्रदूषण नियंत्रण योजना के दूसरे चरण के तहत आने वाले उपाय लागू किए

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली


सुबह की धुंध से खराब होती दिल्ली की फिजा।

दिल्ली एनसीआर में हुई बारिश के बाद मौसम तो सुहाना हो गया था लेकिन फिर से प्रदूषण का असर दिखने लगा है। शनिवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक खराब स्तर पर पहुंच गया है। इतना ही नहीं आने वाले तीन से चार दिनों बाद यह बेहद खराब स्तर पर भी आ सकता है। ऐसे में अब दिल्ली एनसीआर को आने वाले कुछ दिनों में प्रदूषण को लेकर नई पाबंदियां भी झेलनी पड़ सकती हैं। इसके मद्देनजर केंद्रीय वायु गुणवत्ता आयोग ने प्रदूषण में वृद्धि की आशंका के बीच शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के प्राधिकारियों को निजी परिवहन को हतोत्साहित करने के लिए पार्किंग शुल्क में बढ़ोतरी और सीएनजी, इलेक्ट्रिक बसों, मेट्रो सेवाओं को बढ़ावा देने का निर्देश दिया। साथ ही सर्दी के दौरान वायु प्रदूषण से निपटने के लिए दिल्ली-एनसीआर में लागू की जाने वाली केंद्र सरकार की चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्य योजना (जीआरएपी) के दूसरे चरण के तहत यह निर्देश दिया गया है। दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता की स्थिति की समीक्षा करने के लिए हुई एक बैठक में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने कहा कि भारत मौसम विज्ञान विभाग और भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान के पूर्वानुमानों से पता चलता है कि प्रतिकूल मौसम और जलवायु परिस्थितियों के कारण 23 और 24 अक्टूबर को दिल्ली की समग्र वायु गुणवत्ता के गिरकर बहुत खराब श्रेणी में जाने की आशंका है।

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ग्रेप को सक्रिय रूप से लागू करने के लिए जिम्मेदार एक वैधानिक निकाय है। दिल्ली का 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) शनिवार को 248 रहा। इसलिए आयोग ने पूरे एनसीआर में जीआरएपी के पहले चरण के तहत पहले से उठाए जा चुके कदमों के अलावा दूसरे चरण के उपाय लागू करने का निर्णय लिया।

आयोग ने आदेश में कहा, एनसीआर में सभी संबंधित एजेंसियां ग्रेप के पहले चरण के उपायों के अलावा, दूसरे चरण के उपाय तत्काल प्रभाव से लागू करें। दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता के आधार पर जीआरएपी को चार चरणों में वर्गीकृत किया गया है। पहला चरण वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 201-300 यानी खराब होने पर लागू किया जाता है। दूसरा चरण एक्यूआई 301-400 (बहुत खराब) होने पर, तीसरा चरण एक्यूआई 401-450 (गंभीर) होने पर और चौथा चरण एक्यूआई 450 से अधिक (गंभीर से भी ज्यादा) होने पर लागू किया जाता है। पहले चरण में 500 वर्ग मीटर के बराबर या उससे अधिक के उन भूखंड पर निर्माण और तोड़फोड़ परियोजनाओं पर काम रोकने का आदेश दिया जाता है जो धूल रोकने के उपायों की निगरानी से संबंधित राज्य सरकार के पोर्टल पर पंजीकृत नहीं होते हैं।

इसके अलावा पहले चरण में दिल्ली के 300 किलोमीटर के अंदर प्रदूषण फैलाने वाली औद्योगिक इकाइयों और ताप ऊर्जा संयंत्रों के खिलाफ दंडात्मक कार्वाई की जाती है और होटल, रेस्तरां व खुले भोजनालयों के तंदूर में कोयले और जलावन लकड़ी के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया जाता है। निर्माण और तोड़फोड़ वाले स्थलों से निकलने वाली धूल पर काबू पाने के लिए दिशानिर्देशों का उचित कार्यान्वयन सुनिश्चित करना भी पहले चरण के तहत आता है। दूसरे चरण के तहत उठाए जाने वाले कदमों में व्यक्तिगत वाहनों के इस्तेमाल को कम करने के उद्देश्य से पार्किंग शुल्क बढ़ाना और सीएनजीइलेक्ट्रिक बस और मेट्रो सेवाओं को बढ़ावा देना शामिल है।

तीसरे चरण के तहत, दिल्ली, गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद और गौतम बुद्ध नगर में पेट्रोल से चलने वाले बीएस-3 इंजन वाले और डीजल से चलने वाले बीएस-4 चार पहिया वाहनों के इस्तेमाल पर रोक लगाने का प्रावधान है।

चौथे चरण में सभी प्रकार के निर्माण और तोड़फोड़ कार्यों पर प्रतिबंध लगाना शामिल है। राज्य सरकारें ऐसी स्थितियों के दौरान स्कूली छात्रों के लिए ऑनलाइन कक्षाओं और सरकारी व निजी कार्यालयों के लिए घर से काम करने के बारे में निर्णय लेने के लिए भी अधिकृत है।

### एनजीटी ने ग्रैप के उल्लंघन पर सरकार को भेजा नोटिस

*नई दिल्ली। राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने राजधानी दिल्ली में बिगड़ती वायु गुणवत्ता को लेकर दिल्ली के मुख्य सचिव, केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय और एमसीडी के अधिकारियों को नोटिस जारी कर कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है। एनजीटी ने एक मामले की सुनवाई करते हुए नोटिस जारी किया, जिसमें उसने दिल्ली के वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में गिरावट और चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्य योजना (जीआरएपी) के उल्लंघन के संबंध में मीडिया में आईं खबरों का स्वतः संज्ञान लेकर कार्यवाही शुरू की थी।*

*जीआरएपी के तहत सर्दी के दौरान वायु प्रदूषण को रोकने के लिए कड़े कदम उठाए गए हैं। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव और विशेषज्ञ सदस्य ए. सेंथिल वेल की पीठ ने खबरों पर गौर करते हुए कहा कि अधिकारियों द्वारा की गई कार्वाई के बावजूद, दिल्ली में वायु प्रदूषण की समस्या गंभीर हो रही है और इसके चलते लोग विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं का सामना कर रहे हैं।*

*एनजीटी ने शुक्रवार को पारित एक आदेश में कहा, वह इस मामले में दिल्ली के मुख्य सचिव, दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) के सदस्य सचिव, एमसीडी आयुक्त, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के सदस्य सचिव और केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को नोटिस जारी करते हैं। एनजीटी ने मामले की सुनवाई आठ नवंबर तक के लिए स्थगित कर दी।*

# वायु प्रदूषण उल्लंघन में डेढ़ लाख चालान, दो पहिया के ज्यादा काटे

● यातायात पुलिस ने जनवरी से 15 अक्टूबर तक काटे चालानों का आंकड़ा किया जारी

● सबसे अधिक 6,306 चालान दरियागंज, सरिता विहार में 6,254, राजौरी गार्डन, 5,595, शाहदरा 5,442 और तिलक नगर में 5,252 में काटे


फाइल फोटो

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में बिना प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र (पीयूसीसी) के वाहन चलाने वाले लोगों पर इस साल 15 अक्टूबर तक डेढ़ लाख से अधिक चालान जारी किए गए।

यातायात पुलिस द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के मुताबिक, अब कुल 1,58,762 चालान जारी किए गए, जो पिछले साल इसी अवधि के दौरान जारी चालान की संख्या से 50,662 अधिक है। आकंड़ों के मुताबिक, एक जनवरी से 15 अक्टूबर की अवधि के दौरान 2021 में 52,388 तथा 2022 में 1,08,100 चालान जारी किए गए थे। यातायात पुलिस के आकंड़ों के मुताबिक, इस साल सबसे अधिक 6,306 चालान दरियागंज सर्कल में जारी किए गए। इसके बाद सरिता विहार में 6,254, राजौरी गार्डन में 5,595, शाहदरा में 5,442 और तिलक नगर में 5,252 में चालान जारी किए गए।

यातायात पुलिस के आंकड़ों के मुताबिक, सबसे अधिक 69,190 चालान मोटरसाइकिल सवारों को जारी किए। वहीं, स्कूटर चालकों के 49,219, कार चालकों के 33,754 और ऑटोरिक्शा चालकों के।,556 चालान काटे गए। यातायात पुलिस के आंकड़ों के मुताबिक, 2019 में कुल 81,246 चालान जारी किए गए, 2020 में 69,199, 2021 में 1,04,369 तथा 2022 में 1,31,799 चालान जारी किए गए। दिल्ली यातायात पुलिस शहर में वायू प्रदूषण की जांच और नियंत्रण के लिए कई अहम कदम उठा रही है, जिसमें उच्चतम न्यायालय, राष्ट्रीय हरित अधिकरण, वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण विभागादिल्ली प्रदूषण द्वारा जारी निर्देशों को लागू करना शामिल है। भारत में चलने वाले वाहनों के लिए वैध पीयूसीसी होना और उनके चालकों के लिए इसकी एक प्रति रखना अनिवार्य है।

इसके पीछे मुख्य उद्देश्य केवल उन्हीं वाहनों को सड़कों पर चलने की अनुमति देना है, जो केंद्र सरकार द्वारा विनियमित उत्सर्जन मानदंडों का पालन कर रहे हैं। बयान में कहा गया है कि वैध पीयूसीसी के बिना चलने वाले वाहनों पर 10,000 रुपए के जुर्माने तथा पहली बार गलती करने पर तीन महीने के लिए लाइसेंस रद्द करने का प्रावधान है।

## प्रतिबंध के बावजूद चलाया पटाखा, लड़का जख्मी

**नई दिल्ली।** शास्त्री पार्क इलाके में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चलाए गए पटाखों के कारण 11 साल का एक लड़का घायल हो गया। राष्ट्रीय राजधानी में पटाखों पर पाबंदी है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी के अनुसार 15 अक्टूबर को शास्त्री पार्क इलाके में स्थित अपने घर के पास मुख्य रोड पर जब यह लड़का टहल रहा था तब उसके साथ यह घटना घटी। उन्होंने बताया कि लड़के की आंख को नुकसान पहुंचा, जिसके बाद उसे उसके माता-पिता ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में भर्ती कराया। उसे 17 अक्टूबर को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। लड़के के पिता ने 20 अक्टूबर को स्थानीय पुलिस को इस घटना की सूचना दी। पुलिस ने कहा कि इस घटना के संबंध में विस्फोटक सामग्री के सिलसिले में लापरवाही तथा दूसरे की जान खतरे में डालकर उसे नुकसान पहुंचाने को लेकर मामला दर्ज किया गया है।

# बाप-बेटे की गला रेत कर हत्या, घरेलू सहायक फरार

● सात अक्टूबर को ही आरोपी को रखा था, पुलिस को शक है कि उसी ने लूटपाट के बाद वारदात को दिया है अंजाम

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



नबी करीम इलाके में दोहरे हत्याकांड से सनसनी फैल गई। इलाके बाप-बेटे की गला काटकर नृशंस तरीके से हत्या कर दी गई है। मृतकों की पहचान अनुज सिंह और उनके बेटे रौनक के रूप में हुई है।

परिवार ने कुछ दिन पहले की एक घरेलू कर्मचारी को काम पर रखा था। वारदात के बाद से ही वह गायब है। पुलिस को शक है कि उसी ने लूटपाट के बाद इस वारदात को अंजाम देकर वहां से भाग है। बाप और बेटे की मौत के बाद घर में मातम पसरा है। पीड़ित परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस के मुताबिक अनुज नबी करीम इलाके में रहते थे। परिवार में उनकी मां, पत्नी और एक बेटी भी है। अनुज की पत्नी, मां और बेटी शुक्रवार को द्वारका गए थे। शनिवार दोपहर को जब परिवार के सदस्य घर लौटे तो देखा कि अनुज और उनका बेटा रौनक खून से लथपथ पड़े थे। उन्होंने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पाकर जिले के आलाधिकारी मौके पर पहुंच गए।

क्राइम टीम के अलावा एफएसएल को मौके पर बुला लिया गया। शुरुआती जांच के बाद पुलिस आशंका है कि वारदात को अनुज के कर्मचारी ने ही अंजाम दिया है।

अनुज एक ढाबा चलाते थे और ढाबे की पहली मंजिल पर ही अपने परिवार के साथ रहते थे। दोनों के शव पहली मंजिल पर ही मिले हैं। पुलिस के मुताबिक, अनुज ने 7 अक्टूबर को ही सोनू नाम का एक घरेलू कर्मचारी रखा था। वारदात के बाद से ही सोनू फरार है। आशंका है कि उसी ने लूटपाट के बाद हत्या की है। सोनू बिहार का रहने वाला है। पीड़ित परिवार ने उसका पुलिस सत्यापन नहीं कराया था। पुलिस को कर्मचारी के खिलाफ अहम सुराग मिले हैं।

# विदेशी महिला की हत्या के आरोप में युवक गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

तिलक नगर में एमसीडी स्कूल के पास शुक्रवार को मिली महिला की लाश की शिनाख्त कर दिल्ली पुलिस ने हत्या की गुत्थुथी सुलझा ली है।

मृतका स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख शहर की नागरिक है। वह 11 अक्टूबर को भारत आई थी और 16 को यहां उसकी हत्या की गई। पुलिस ने इस हत्या के मामले में गुरगुप्रीत सिंह नाम के युवक को गिरफ्तार किया है। एपुलिस सूत्रों के मुताबिक, पकड़े गए गुरगुप्रीत सिंह की मुलाकात महिला से स्विट्जरलैंड में हुई थी, जिसके बाद उन दोनों के बीच दोस्ती हो गई। गुरगुप्रीत उस महिला से मिलने अक्सर स्विट्जरलैंड जाता था। गुरगुप्रीत को शक था कि महिला के किसी अन्य पुरुष से भी संबंध हैं। इसके बाद गुरगुप्रीत ने उसे घुमाने के बहाने धोखे से भारत बुलाया था।

अपने योजना को अंजाम देने के लिए वह उस महिला को बहाने से एक कमरे में लेकर गया और हाथ-पैर बांध कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि करीब 30 साल की महिला के पैर और हाथ किसी धातु की चेन से बंधे हुए थे।

## संक्षिप्त समाचार



सीड्स के सेमिनार में उपस्थित पदाधिकारी।

### जलवायु परिवर्तन प्रभाव घटाने की मुहिम

**नई दिल्ली।** तकनीक का ऐसा विकास हो ताकि इसका प्रतिकूल प्रभाव पर्यावरण व मानवता पर न्यूनतम हो या ना पड़े। वैश्विक व सामुदायिक स्तर पर इस पहल को आगे बढ़ाते हुए राजधानी में सस्टेनेबल एन्वायरनमेंट एंड इकोलॉजिकल डेवलपमेंट सोसायटी (सीड्स) ने सेमिनार का आयोजन किया। 'फ्लिप दे नेशन' प्रोजेक्ट के जरिए 11 ऐसे नवखोजी (इनोवेटर्स) की पहचान की, जिन्होंने समुदाय में कम से कम हस्तक्षेप व नुकसान के साथ बेहतर परिणाम दिया है। इस अवसर पर विशेषज्ञ कमल किशोर एनडीएमए भारत सरकार, ताकेशी कोमिनो महासचिव सीडब्ल्यूएस जापान, अरुणा पांडेय रिसर्च कंसल्टेंट लाइटहाउस कम्युनिटीज ने अपने विचार रखे। सीड्स की सह संस्थापक डॉ. मनु गुप्ता ने कहा कि हम आपदा और पर्यावरण, भूगोलों में लचीले एवं सस्टेनेबल समुदायों को लीड करने के लिए तैयार कर रहे हैं।

### भाषा-विज्ञान का सर्वश्रेष्ठ ग्रन्थ अष्टाध्यायी: भाटिया



**नई दिल्ली।** महर्षि पाणिनि द्वारा विरचित सूत्राष्टाध्यायी भाषा-विज्ञान और व्याकरण का सर्वश्रेष्ठ ग्रन्थ है। इसे देख कर वैज्ञानिक भी आश्चर्यचकित हैं कि वर्ण, शब्द, वाक्य और भाषा का जो विन्यास पाणिनि ने किया है, वैसा कहीं नहीं है। ये विचार गोस्वामी गिरिधारी लाल शास्त्री प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान द्वारा नई दिल्ली में आयोजित राज्य स्तरीय व्याकरण सूत्र अन्त्याक्षरी प्रतियोगिता की अध्यक्षता करते हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. कान्ता भाटिया ने व्यक्त किये। प्रतिष्ठान के निदेशक डॉ.जीतराम भट्ट ने अपने प्रास्ताविक भाषण में कहा कि 'भारतीय संस्कृति और सभ्यता का संवर्धन करने के लिए गुरुकुलीय शिक्षा पद्धति सबसे अधिक प्रभावकारी है। अत: भारतीय संस्कृति की रक्षा के लिए गुरुकुल आवश्यक हैं। गुरुकुलीय शिक्षा पद्धति विश्व की सबसे प्राचीन शिक्षा प्रणाली है।' प्रतियोगिता में दिल्ली के चौदह गुरुकुलों ने भाग लिया। जिसमें प्रथम स्थान श्रीनिवास संस्कृत विद्यापीठ के छात्र को प्राप्त हुआ। इसके अतिरिक्त गुरुकुल किशन गंज, दिल्ली के छात्र को द्वितीय और तृतीय तथा गुरुकुल बक्करवाला के छात्र को चतुर्थ स्थान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर अनेक गणमान्य व्यक्ति और श्रोता भी उपस्थित थे।

### समाज कल्याण मंत्री ने विकलांगता शिविर का किया दौरा



**नई दिल्ली।** समाज कल्याण मंत्री राज कुमार आनंद ने अरुणा आसफ अस्पताल में समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय दिव्यांग जन सहायता शिविर का दौरा किया। इस शिविर में उत्तरी जिले व अन्य क्षेत्रों से आए दिव्यांगजनों को विभिन्न सेवाएं प्रदान की गईं। जिसमें प्रमुख रूप से विकलांगता प्रमाण पत्र, डिजिटल विकालंगता प्रमाण पत्र, डीटीसी बस पास, रेलवे पास, ऋण और सहायक उपकरण हाथों हाथ प्रदान किए गए। इस शिविर में विभिन्न क्षेत्रों से आए सैकड़ों लाभार्थियों ने बड़ी संख्या में डीआईडी कार्ड प्राप्त करने के लिए पंजीकरण किया। दिव्यांग जनों का यूडीआईडी पोर्टल पर पंजीकरण के उपरांत महर्षि वाल्मिकी अस्पताल पूठ खुर्द, दिल्ली के द्वारा गठित मेडिकल बोर्ड द्वारा चिकित्सक मूल्यांकन कर जांच की गई और गति संबंधित दिव्यांगता, कुष्ठरोगियों को दिव्यांगत पत्र प्रदान किए गए।

### आतिशी ने आंगनवाड़ी वर्कर्स के साथ की चर्चा

**नई दिल्ली।** आंगनवाड़ियों को बेहतर बनाने और इनकी कार्यशैलियों को समझने के लिए महिला एवं बाल विकास मंत्री आतिशी ने पटपड़गंज प्रोजेक्ट की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं के साथ चर्चा की व उनके सुझाव लिए। मंत्री ने कहा कि, सुझाव आंगनवाड़ियों को शानदार बनाने की दिशा में बेहद महत्वपूर्ण है।

आतिशी ने कहा कि गर्भवती महिलाओं को जागरूक करना हो या बच्चों को बेहतर पोषण और अच्छी शिक्षा देना हो, उनकी सरकार की आंगनवाड़ियां हर क्षेत्र में शानदार काम कर रही है। अब हमारी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं अभिभावकों को पैरेंटिंग के गुर भी सीखा रही है।

# एक वर्ष में 188 पुलिसकर्मियों ने सर्वोच्च बलिदान दिया: शाह

● केंद्रीय गृह मंत्री ने पुलिस स्मृति दिवस पर कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि पिछले एक साल में 188 पुलिसकर्मियों ने देश की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए ड्यूटी के दौरान अपना सर्वोच्च बलिदान दिया।

उन्होंने पुलिस स्मृति दिवस पर यहां राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद कहा, पिछले एक साल में, एक सितंबर, 2022 से 31 अगस्त, 2023 तक, 188 पुलिसकर्मियों ने देश में सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए ड्यूटी के दौरान सर्वोच्च बलिदान दिया है। इस बीच दिल्ली के न्यू पुलिस लाइन में भी श्रद्धांजली का आयोजन किया गया। पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने बताया कि इस वर्ष दिल्ली के 7 जवान शहीद हुए हैं। सभी ने शहीद स्मारक पर फूल चढ़ाए और शहीदों को याद करते हुए उनके सम्मान में दिल्ली पुलिस का झंडा भी झुका दिया।


न्यू पुलिस लाइन में श्रद्धांजलि सभा के दौरान शहीदों को सलामी देते पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा व अन्य।

# ऐतिहासिक गोल मार्केट बिल्डिंग महिलाओं को होगी समर्पित

## उपराज्यपाल और राज्य मंत्री ने जेपीएन लाइब्रेरी के निर्माण स्थल का दौरा किया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली


मुख्य गोल मार्केट बिल्डिंग का निरीक्षण करते उपराज्यपाल वीके सक्सेना व अन्य।

राजधानी के गोल मार्केट का जीर्णोद्धार और कायाकल्प की परियोजना का उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने शुभारंभ किया। इमारत की ऐतिहासिक संरचना की मौलिकता के साथ छेड़छाड़ नहीं की जाएगी। यह देश में अपनी तरह का पहला संग्रहालय होगा जो विभिन्न क्षेत्रों में देश की उपलब्धियां हासिल करने वाली महिलाओं को समर्पित होगा।

उपराज्यपाल वीके सक्सेना और संस्कृति और विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी की उपस्थिति में एक संग्रहालय के रूप में मुख्य गोल मार्केट बिल्डिंग के संरक्षण और जीर्णोद्धार एवं सर्विस ब्लॉक के साथ सबवे के निर्माण सहित आसपास के क्षेत्रों के पुनर्विकास की परियोजना का शुभारंभ किया। यह संग्रहालय कला, साहित्य, संस्कृति, सामाजिक क्षेत्र, चिकित्सा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी में भारत की महिलाओं द्वारा किए गए योगदान और विशेष रूप से स्वतंत्रता के संघर्ष में उनकी भूमिका को आधुनिक तकनीकों से प्रदर्शित करेगा। गोल मार्केट की मुख्य इमारत एक विरासती इमारत है, जो समय के साथ धीरे-धीरे जीर्ण-शीर्ण हो गई और पिछले एक दशक से अधिक समय से बंद पड़ी है। इस इमारत की पुनस्थापना कार्य में लागत 21.66 करोड़ से 1407 वर्ग मीटर के मुख्य गोल मार्केट भवन की रेट्रोफिटिंग, पुनर्वास और संरक्षण शामिल है। सक्सेना ने आशा व्यक्त की कि यह विरासती स्थल आने वाले दिनों में आगंतुकों के लिए एक केंद्रीय स्थान के रूप में विकसित होगा। उन्होंने कहा की इस संग्रहालय में आगंतुकों की सुविधा के लिए एक सबवे और एक समर्पित पार्किंग स्थान भी इस गोल मार्केट परियोजना का हिस्सा होगा। संस्कृति और विदेश राज्यमंत्री मीनाक्षी लेखी के साथ उपराज्यपालसक्सेना ने उद्यान मार्ग पर जेपीएन लाइब्रेरी के निर्माण स्थल का भी दौरा किया। जेपीएन लाइब्रेरी कॉम्प्लेक्स के पुनर्विकास के बारे में बोलते हुए सक्सेना ने बताया कि इस सुविधा को एक अति-आधुनिक, विश्व स्तरीय लाइब्रेरी में रूपांतरित किया जाएगा।

### स्मारकों व उपेक्षित जलाशय को दिया नया रूप

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली में एक विशाल पुरातत्व पार्क में स्मारकों के एक समूह और पूर्व में उपेक्षित एक ऐतिहासिक जलाशय को पुनरुद्धार एवं बहाली परियोजना के तहत नया जीवन मिला है। उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना ने शुक्रवार शाम महरौली पुरातत्व पार्क में संरक्षित स्मारकों और पुनरुद्धार के बाद नया रूप पाने वाले जलाशय का अनावरण किया। स्मारकों में से कुछ की दीवारों पर भित्तिचित्र उकेरे गए थे और जलाशय छह या सात महीने पहले तक गाद एवं कचरे से भरा हुआ था। यह पार्क यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल कुतुब मीनार के निकट है। उपराज्यपाल ने दिल्ली विकास प्राधिकरण के अंतर्गत आने वाले पार्क के दौरे के दौरान मीडिया से बातचीत में कहा कि दिल्ली विरासत से भरी हुई है और इसे संरक्षित करने की आवश्यकता है। कुछ महीने पहले, इस क्षेत्र में घना जंगल था, मलबा बिखरा हुआ था और जलाशय गाद से भरा हुआ था। लेकिन छह से सात महीनों में क्षेत्र का कायाकल्प हो गया। डीडीए के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी भी उपराज्यपाल सक्सेना के पास है। सक्सेना ने कहा, भविष्य में ऐसी और भी परियोजनाएं होंगी और हम ऐसे पुरातत्व स्थलों को देख रहे हैं जिनका पुनरुद्धार किया जा सके।

# केएमपी के साथ पाइप लाइन बिछा नूंह में लाया जाएगा यमुना का पानी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम/नूंह



नूंह में शांति समिति की बैठक में बोलते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने कहा कि मेवात क्षेत्र में 108 एकड़ में फैली कोटला झील को विकसित किया जाएगा। इसके अलावा केएमपी के साथ स्पेशल पाइप लाइन बिछाकर यमुना का पानी भी नूंह जिले के लिए लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नूंह जिला को आकांक्षी जिला में शामिल करके इसे अन्य जिलों के बराबर खड़ा करने का संकल्प लिया है। शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, कृषि व कानून के अलावा हर मानदंड पर इस क्षेत्र को आगे ले जाने का कार्य किया जाएगा। वे नूंह के लघु सचिवालय में शांति समिति की बैठक में बोल रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी नूंह जिला की पूरी फिक्र करते हैं। वे जब भी उनसे मिलते हैं तो वे मेवात क्षेत्र के विकास की प्रगति के बारे में जरूर पूछते हैं। मनोहर लाल ने आह्वान किया कि वे अपने बच्चों को मुख्यधारा की शिक्षा अवश्य दिलाएं। हरियाणा सरकार का प्रयास है कि यहां पर बड़े स्तर पर उद्योग स्थापित किए जाएं, ताकि युवाओं को रोजगार मिले।

शांति समिति की बैठक में पहुंचने पर शांति समिति के सदस्यों ने मुख्यमंत्री की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि हरियाणा प्रदेश भाग्यशाली है कि जहां इतने साफ और नेक दिल इंसान मुख्यमंत्री प्रदेश को मिले हैं। सभी ने एक सुर में कहा कि सीएम की समझदारी व सूझबूझ से ही नूंह हिंसा की घटनाएं नियंत्रित हो पाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि नूंह जिला में 31 जुलाई को हुई घटना दुर्भाग्यपूर्ण थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस धरती पर मेवाती हसन खान जैसे देश पर कुर्बान होने वाले देशभक्त हुए हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वे युवाओं में मादर-ए-वतन का भाव जगाएं। जब हम इस भाव के साथ आगे बढ़ेंगे तो विचारों में टकराव नहीं आएगा।

सीएम ने स्पष्ट किया कि नूंह हिंसा में शामिल लोगों को किसी भी सूरत में नहीं बख्शा जाएगा। निर्दोष लोगों को कोई भी आंच नहीं दी आएगी। उन्होंने कहा कि अपराधी व्यक्ति का कोई धर्म, जाति नहीं होती। ऐसे में सभी समाज के मौजिज लोगों को एकजुट होकर अपराधियों को पकड़वाने में जिला व पुलिस प्रशासन की मदद करनी चाहिए। हिंसा के दौरान हुए नुकसान के संबंध में मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने क्षतिपूर्ति पोर्टल के माध्यम से लोगों को मुआवजा दिया है।

जो मामले बचे हुए हैं, उनकी जांच की जा रही है। मुख्यमंत्री ने इन सभी जनप्रतिनिधियों, मौजिज लोगों, खापों व नागरिकों की सराहना की, जिन्होंने हिंसा को रोकने में भूमिका निभाई।

## देश की आंतरिक सुरक्षा में पुलिस की अहम भूमिका: सीपी विकास अरोड़ा



स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ करते पूर्व डीजीपी शील मधुर व सीपी विकास अरोड़ा।

**गुरुग्राम।** देश की आंतरिक सुरक्षा में पुलिस की अहम भूमिका है। आज के परिवेश में पुलिस की अनुपस्थिति में एक सभ्य ओर सुरक्षित समाज की कल्पना नहीं की जा सकती। यह बात पुलिस कमिश्नर विकास अरोड़ा ने शनिवार को जिला पुलिस लाइन में पुलिस बलिदान दिवस के अवसर पर कही। इस दौरान पुलिस शहीद फाउंडेशन हरियाणा द्वारा मेगा मेडिकल कैम्प भी लगाया गया। इस अवसर पर रिटायर्ड डीजीपी शील मधुर ने भी उपस्थित सभी पुलिस अधिकारियों और गणमान्य व्यक्तियों को संबोधित किया। पुलिस कमिश्नर विकास अरोड़ा ने कहा कि आज देश और समाज को सुरक्षित रखने में पुलिस की भूमिका काफी बढ़ गई है, काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि पुलिस का बलिदान किसी भी मायने में कम नही आंका जा चाहिए। सेना देश की सीमाओं की रक्षा करती है और पुलिस समाज में कानून व्यवस्था और देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए के लिए वचनबद्ध है। उन्होंने कहा कि हम पुलिस के वीर बलिदानियों के परिवारों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते है और उनका सम्मान करते है। पुलिस शहीद फाउंडेशन हरियाणा के अध्यक्ष एडवोकेट आरएल शर्मा ने मंच संचालन करते हुए कहा कि पुलिस के बिना सुरक्षित समाज की हम सोच भी नहीं सकते। पुलिस शहीद फाउंडेशन के महासचिव दीपक मैनी ने कहा की फाउंडेशन 2004 से ही पुलिस शहीद के परिवारों ओर सभी पुलिस कर्मचारियों के वेलफेयर के कार्य कर रही है। मेडिकल कैम्प आर्टेमिस अस्पताल के सहयोग से लगाया गया, जिसमें लगभग 121 पुलिस लाइन के रेजिडेंट ओर कर्मचारियों ने लाभ उठाया।

## संक्षिप्त समाचार

### रामलीला के दौरान हत्या करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** रामलीला के दौरान हुए झगड़े में नाबालिग की गोली मारकर हत्या करने के तीन आरोपियों को पुलिस ने शुक्रवार की देर शाम गिरफ्तार किया है। इनमें दो नाबालिग हैं व एक बालिग है। पुलिस प्रवक्ता सुभाष बोकन ने शनिवार को बताया कि पुरानी रंजिश में इनका झगड़ा हुआ था। इसी दौरान हत्या को अंजाम दिया गया। गौरतलब है कि गुरुवार की रात को भीम नगर स्थित रामलीला में टैंट के पीछे कुछ युवकों का झगड़ा हो गया। इन युवकों में एक नाबालिग की गोली मार दी गई। गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। रात 12 बजे की इस घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची। मृतक नाबालिग के चाचा के बयान पर पुलिस ने केस दर्ज किया था। रात से ही आरोपियों की धरपकड़ शुरू हो गई। अपराध शाखा पालम विहार की टीम ने 15 घंटे के भीतर ही हत्या करने के तीन आरोपियों को काबू कर लिया। आरोपियों में दो नाबालिग हैं और एक बालिग है। बालिग आरोपी की पहचान रोहन (21) निवासी न्यू कालोनी मोड़ के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में आरोपी रोहन ने बताया कि उसका आशीष (मृतक) के साथ काफी समय से झगड़ा चल रहा था। 19/20 अक्टूबर की रात को रामलीला मैदान में उनका फिर से झगड़ा हो गया। इस दौरान उसने अपने साथियों के साथ मिलकर आशीष की गोली मारकर हत्या कर दी।

### सीईटी एग्जाम को लेकर डेरा ने बस स्टैंड पर लगाया हेल्प डेस्क




डेरा सच्चा सौदा द्वारा लगाए हेल्प डेस्क से जानकारी लेते परीक्षार्थी।

**सिरसा।** हरियाणा स्टॉफ सिलेक्शन कमीशन ग्रुप-डी की कॉमन इलिजिब्लिटी टेस्ट (सीईटी) परीक्षा शनिवार से शुरू हो गई। यह परीक्षा दो दिन तक चलेगी। परीक्षा को लेकर सुबह-सवेरे से ही परीक्षार्थी बस स्टैंड पहुंचने शुरू हो गए। बस स्टैंड में परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए डेरा सच्चा सौदा के शाह सतनाम जी ग्रीन एस वेलफेयर फोर्स विंग की ओर से रोडवेज प्रबंधन के सहयोग से एक हेल्प डेस्क लगाया गया है। सेवादार परीक्षा देने आने वाले परीक्षार्थियों को उनके परीक्षा केंद्र की जानकारी, परीक्षा केंद्र तक परीक्षार्थियों को ले जाने वाली बसों की जानकारी दी जा रही है। इसके अलावा चाय, नाश्ता, पीने के पानी, इमरजेंसी में मेडिकल सुविधा भी दी जा रही है। वहीं परीक्षार्थियों ने भी डेरा सच्चा सौदा द्वारा बनाए गए हेल्प डेस्क की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे उन्हें अपने परीक्षा केंद्र तक जाने में आसानी हो रही है इसके लिए हम शाह सतनाम जी ग्रीन एस वेलफेयर फोर्स विंग का धन्यवाद करते हैं। सीईटी एग्जाम को लेकर सिरसा में 39 परीक्षा केंद्र बनाए गए है। परीक्षा सुबह 10 बजे से 11.45 बजे तक व दोपहर 3 बजे से 4.45 तक दो सत्रों में आयोजित हो रही है। वहीं रोडवेज के वर्कशॉप मैनेजर मनोज शर्मा ने कहा कि परीक्षार्थियों की सहायता के लिए डेरा सच्चा सौदा की शाह सतनाम जी ग्रीन एस वेलफेयर फोर्स विंग द्वारा अच्छा प्रयास किया गया है। इसकी रोडवेज प्रबंधन सराहना करता है।

### हरियाणा सरकार पत्रकारों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध



**मेवात।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि लोकतंत्र में प्रेस को चौथा स्तंभ माना गया है। सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जनमानस तक पहुंचाना और जनहित से जुड़े विषयों को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने में प्रेस का महत्वपूर्ण योगदान होता है। हरियाणा सरकार पत्रकारों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह बात नूंह के शनिवार को सर्किट हाउस नूंह में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कही। हाल ही में हरियाणा सरकार ने पत्रकारों को मिलने वाली मासिक पेंशन को दस हजार से बढ़ाकर 15 हजार रुपए, मान्यता प्राप्त पत्रकारों के लिए 10 लाख रुपए की निःशुल्क बीमा योजना व डिजिटल मीडिया पॉलिसी को लागू करने का निर्णय लिया है। जिसके चलते नूंह जिला के पत्रकारों ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार जताया और हरियाणा सरकार की पत्रकारों के कल्याण के लिए चलाई जा रही नीतियों की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि जन जागरुकता में मीडिया का सबसे अहम योगदान है। विधानपालिका, न्यायपालिका व कार्यपालिका के साथ-साथ मीडिया का एक मजबूत चौथे स्तंभ के तौर पर समाज में महत्वपूर्ण स्थान है। ऐसे में सभी मीडियाकर्मियों को सकारात्मक सोच के साथ समाज के हित में सजग रहना होगा। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि मीडिया का समाज में अहम योगदान है। यह लोगों को सूचनाएं देने के साथ-साथ जागरुक करने का भी काम करता है। मीडिया प्रशासन की कमियों को दिखाकर जनता की समस्याओं को हल करवाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वह अपने देश व प्रदेश की छवि को समाज में हो रहे अच्छे कार्यों के जरिए बेहतर बनाने का प्रयास करें।

## पुलिस स्मृति दिवस पर मुख्यमंत्री ने नूंह पुलिस लाइन में किया शहीदों को नमन



पुलिस लाइन में शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अपिर्त करते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

पायनियर समाचार सेवा। नूंह/गुरुग्राम



**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने शनिवार को पुलिस स्मृति दिवस पर पुलिस लाईन नूंह में पहुंचकर ड्यूटी के दौरान शहीद हुए सुरक्षा कर्मियों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने शहीद डीएसपी सुरेंद्र मांझू के बेटे डीएसपी (अंडर ट्रेनिंग) सिद्धार्थ व शहीद सिपाही सत्यवीर की धर्मपत्नी सुनीता देवी का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। मुख्यमंत्री ने नल्हड़ स्थित उस मंदिर में भी पूजा-अर्चना की, जहां पर ब्रज मंडल यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं पर हमला हुआ था।

हिसार के गांव सारंगपुर निवासी डीएसपी सुरेंद्र मांझू तावडू में अवैध खनन को रोकने के दौरान शहीद हो गए थे। वहीं सिपाही सत्यवीर अवैध खनन रोकने के प्रयास में एक नाके पर शहीद हो गए थे। इस दौरान पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारनिया ने पिछले एक साल के दौरान देश के विभिन्न हिस्सों में अपने कर्तव्य निभाते हुए शहीद हुए 189 सैनिकों के नाम पढ़े। शहीद स्मारक पर देश के लिए कुर्बानी देने वाले शहीदों को नमन करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे जवानों के त्याग, समर्पण और बहादुरी की कहानी को आने वाली पीढ़ी के लिए एक मिसाल के तौर पर रखना समाज की जिम्मेदारी है। पुलिस की ड्यूटी चुनौतीपूर्ण व जोखिम भरी होती है।

उन्होंने कहा कि अपनी कर्तव्य निष्ठा व जरूरत पड़ने पर हमेशा बलिदान देने को तत्पर रहने वाली हरियाणा पुलिस फोर्स पर हमें गर्व है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा पुलिस देश के अग्रणी पुलिस बल में से एक है। राज्य में पुलिस कर्मियों व उनके परिवार के कल्याण के लिए सरकार ने कई ऐतिहासिक कदम उठाए हैं ताकि सभी सुरक्षाकर्मी अपने परिवारों की चिंता छोड़ निश्चित होकर डयूटी करें। उन्होंने कहा कि ड्यूटी करते हुए यदि कोई पुलिसकर्मी शहीद होता है तो उनके परिवारजनों को सरकार ने आर्थिक सहायता राशि के साथ-साथ एक्सग्रेशिया में नौकरी का प्रावधान किया है।

## ट्रांसपोर्ट कंपनी के वाहन से लाखों रुपए का रेडीमेड सामान गायब

**तावडू।** उपमंडल की सीमा में स्थित एक निजी कंपनी के वेयरहाउस में एक ट्रांसपोर्ट वाहन के माध्यम से पहुंचाया जाने वाला लाखों रुपए का रेडीमेड सामान गायब होने का मामला सामने आया है। मामले सदर थाना पुलिस ने संबंधित ट्रांसपोर्ट कंपनी संचालक,वाहन चालक और उसके एक साथी के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता सुभाष चंद्र ने बताया कि तावडू बिलासपुर रोड पर स्थित एक कम्पनी के लिए वह ट्रांसपोर्ट का काम देखता है।उन्होंने बताया कि बीते 3 अक्टूबर को सबरस प्राइवेट जाट ट्रांसपोर्ट कंपनी संचालक कुलदीप के माध्यम से एक वाहन को बुक किया था।

## मर्यादा पुरुषोत्तम राम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं लोग: बोधराज सीकरी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में रामलीला में पहुंचे बोधराज सीकरी व उनकी टीम।

**समाजसेवी** बोधराज सीकरी ने सोहना रामलीला, प्रेम मंदिर गुरुग्राम की रामलीला और शिवपुरी की राम लीला में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उनके साथ ओमप्रकाश कथूरिया, धर्मेंद्र बजाज, गजेंद्र गोसाई, राम किशन गांधी और रमेश कामरा भी मौजूद रहे। सभी रामलीला कमेटियों ने अभिनंदन किया।

इस दौरान बोधराज सीकरी ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम राम के आदर्श जीवन का अंगीकार कर जीवन को सार्थक बनाया जा सकता है। चरित्र निर्माण करना, संस्कारवान होना, देश के प्रति, समाज के प्रति कर्तव्यपरायणता का भाव होना यह सब गुण भगवान राम जी के आदर्श रूपी जीवन से युवा पीढ़ी को सीखने की जरूरत है। सीकरी ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े पर्यावरणविद् मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम जी थे। जिन्होंने अपनी युवा अवस्था के 14 वर्ष वनों को दिये, ताकि वहां का पर्यावरण का संतुलन बना रहे। उन्होंने युवा पीढ़ी को बताया कि हमारे जीवन का आधार प्राण ऊर्जा है। प्राण ऊर्जा का आधार है पेड़ और पौधे। पेड़ और पौधों का आधार है प्रकृति। प्रकृति का आधार है ईश्वर। ईश्वर का आधार है परब्रह्म। इसलिए इन सबमें संतुलन रखने के लिए हर युवा, हर बड़े का कर्तव्य है कि पर्यावरण के प्रति और धरती माता के प्रति सोचें। बोधराज सीकरी ने युवाओं को कहा कि राम ने एक आदर्श पिता, एक आदर्श पुत्र, एक आदर्श भाई, एक आदर्श राजा का रूप दिखाया और पूरे विश्व को एकता का, समरसता का संदेश दिया। हम सबको भी उनके आदर्श जीवन का अनुसरण करना चाहिए।

## राम के बैरी का इस दुनिया में ठिकाना ही नहीं...

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



रामलीला मंचन में सीता हरण का दृश्य।

**रामलीला** मंचन के आठवें दिन की लीला में अपनी कटी हुई नाक लेकर शूर्पणखा अपने भाई खर और दूषण के पास जाती है। उन्हें अपने साथ हुए अत्याचार की दास्तां सुनाती है। बहन की कटी नाक का बदला लेने के लिए दोनों भाई खर और दूषण राम-लक्ष्मण से भिड़ते हैं और लड़ते-लड़ते मारे जाते हैं।

जैकमपुरा स्थित श्री दुर्गा रामलीला कमेटी की लीला में दिखाया गया कि खर दूषण 14 हजार सैनिकों को साथ लेकर राम जी से युद्ध करने जाते हैं। एक बार तो यह दृश्य देखकर देवता भी सहम जाते हैं कि राक्षस इतनी अधिक संख्या में और राम-लक्ष्मण दो ही हैं। सब देवताओं के भय को भांपकर श्री राम ने एक माया रची और सभी राक्षस एक-दूसरे को राम ही दिखाई देने लगे। इस तरह से कुछ तो आपस में ही लड़कर मर गए कुछ को राम-लक्ष्मण ने मार डाला।

खर दूषण के मारे जाने की खबर शूर्पणखा ने लंकापति रावण तक पहुंचाई और अपनी कटी नाक का बदला लेने के लिए उसे उकसाया। रावण ने पूछा कि किसने तेरी नाक काटी है। वह बोली, अयोध्या के राजा दशरथ के पुत्र हैं। वे सिंह के समान हैं। वन में शिकार खेलने आए हैं। मुझे लगता है कि वे पृथ्वी को राक्षसों से रहित कर देंगें। वे शोभा के धाम हैं, राम उनका नाम है। उसके साथ एक सुंदर स्त्री भी है। उससे सुंदर स्त्री आज तक नहीं देखी। उन्हीं के छोटे भाई ने मेरी नाक काटी है। मैं तेरी बहन हूं। यह सुनकर वे हंसी भी करने लगे। खर दूषण सहायता के लिए गए तो उन्हें भी मार डाला।

रावण ने सोचा कि खर और दूषण भी बलशाली थे। उन्हें किसी भगवान के अलावा कोई नहीं मार सकता। मन ही मन में रावण सोचता है कि-निश्चय ही वो अवतारी है तो उनसे बैर रखूंगा मैं।

रावण अपनी बहन की कटी नाक का बदला लेने के लिए एक योजना बना चुके हैं। वे अपने मामा मारिच के पास जाते हैं। मारिच को वे कहते हैं कि वह सोने का मृग बनके चित्रकूट पर विचरण करे और राम-लक्ष्मण को वहां से दूर जाने पर विवश करे। रावण के साथ संवाद करते हुए मारिच कहते हैं-कूदकर अग्नि में फिर बचने का कोई बहाना ही नहीं,राम के बैरी को इस दुनिया में ठिकाना ही नहीं।

लाके धोखे में मिटाया जा रहा है आपको, नाश के पथ पर चलाया जा रहा है आपको। इसके बाद सीता हरण की लीला दिखाई गई। शबरी के झूठे बेर खाने तक की लीला भी आठवें दिन हुई।

## कांग्रेस की नीतियों को घर-घर पहुंचाएं कार्यकर्ता: भारद्वाज

### लोकसभा और विधानसभा ऑब्जर्वर ने ली कार्यकर्ताओं की बैठक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते लोकसभा के कांग्रेस ऑब्जर्वर अमित पुनिया

**शनिवार** को गुरुग्राम कमान सराय स्थित कांग्रेस कार्यालय पर कांग्रेस के लोकसभा ऑब्जर्वर अमित पुनिया व विधानसभा ऑब्जर्वर दीपक भारद्वाज ने पहुंचकर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की।

इस मौके पर मुख्य रूप से वीरेंद्र यादव, आशीष दुआ, सुधीर चौधरी, पंकज डावर, पूर्व विधायक रामबीर, वर्धन यादव, अमित यादव, कुलराज कटारिया, मनीष खटाना, कुलदीप कटारिया, निर्मल यादव, गजेंद्र चौहान, पंकज भारद्वाज, एडवोकेट सूबे सिंह यादव, संतोख सिंह, पर्ल चौधरी, सुनीता वर्मा, प्रियंका राजपूत, राजेश यादव, जय सिंह हुड्डा, भारत मदान, सूबे सिंह पटौदी, सुनील प्रधान, मोहनलाल सैनी, नरेश यादव, हरिओम, बीर सिंह नंबरदार, सुनील प्रकाश, मनोज अहूजा, रमन वर्मा, अमरजीत गुर्जर, सतबीर चैयरमैन,अनिल सूंड, लियाकत चेयरमैन, गुरजीत सिंह, राजपाल यादव, बिलाल तावडू, विजयपाल, शिव प्रताप समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक के दौरान ऑब्जर्वर अमित पुनिया व दीपक भारद्वाज ने जिले में ब्लॉक अध्यक्ष, मंडलम अध्यक्ष के साथ बूथ कमेटियां बनाने पर चर्चा की। सभी कार्यकर्ताओं को जनता के बीच जाकर एक-एक मतदाता को जागरुक करने व कांग्रेस की नीतियों को घर-घर पहुंचाने के लिए प्रेरित किया।

लोकसभा ऑब्जर्वर अमित पूनिया ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी के रीढ़ की हड्डी की तरह है। इसलिए सभी कार्यकर्ताओं का मान सम्मान बढ़ाने के लिए कार्यक्षेत्र अनुसार उन्हें पद दिया जाना है। अमित पूनिया ने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस की अच्छी लहर है।

## केआरएमयू के फैशन डिजाइन विभाग ने टाइम्स फैशन वीक में जलवा बिखेरा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**के. आर.** मंगलम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर एंड डिज़ाइन के फैशन डिज़ाइन विभाग ने टाइम्स फैशन वीक, नई दिल्ली में भाग लिया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के फैशन विभाग के प्रतिभाशाली छात्रों ने अपने परिधानों का प्रदर्शन किया, जिसमें स्मार्ट कैजुअल के साथ गले लगाने वाले रंगों को खूबसूरती से चित्रित किया गया। इस फैशन शो में सना खान और विपिन अग्रवाल जैसे प्रतिष्ठित डिजाइनरों और मशहूर हस्तियों ने भाग लिया। इसके अलावा कैंटाबिल जैसे सुप्रसिद्ध ब्रांडों ने भी इस आयोजन में चार चांद लगाए। के. आर. मंगलम विश्वविद्यालय के उभरते डिजाइनरों के आकर्षक परिधानों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आपको बता दें कि फैशन एक असाधारण कला है, जो समाज, संस्कृति और मानवीय भावना को प्रतिबिंबित करती है। प्राचीन सभ्यताओं की भव्य शैलियों से लेकर 20वीं सदी के विद्रोही रुझानों तक, अपने मूल के प्रति श्रद्धा के साथ नवीनता का मिश्रण करते हुए यह लगातार विकसित हुआ है।

इस शो के लिए फैशन विभाग के अंतिम वर्ष के छात्रों ने अपने डिजाइन के माध्यम से प्रकृति के विभिन्न पहलुओं पर जोर दिया। उन्होंने अपने डिजाइंस की प्रेरणा एलियम सेपा, बेट्टा फिश, हमिंग बर्ड और ब्लू पॉटरी से ली थी। इस कार्यक्रम के दौरान प्रदर्शित कलेक्शन स्मार्ट कैजुअल और रंगों का एक सुंदर मिश्रण था, जो उन दूरदर्शी लोगों को श्रद्धांजलि देता है, जिन्होंने फैशन के लिए मार्ग प्रशस्त किया।

केआरएमयू के छात्र डिजाइनरों को कैंटाबिल जैसे प्रसिद्ध डिजाइनरों और ब्रांडों के साथ सहयोग करने, प्रत्येक शिल्प के सार में खुद को डुबोने और कारीगरों के अद्वितीय दृष्टिकोण में अमूल्य अंतर्दृष्टि प्राप्त करने का सौभाग्य मिला। अपने नए ज्ञान को अपनी रचनात्मक क्षमताओं के साथ जोड़कर, छात्रों ने ऐसे संग्रह तैयार किए हैं जो वास्तव में इन शिल्पों की भावना को दर्शाते हैं। इस फैशन शो में अपना उम्दा प्रदर्शन के लिए विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र दिया गया।

## विविध पारंपरिक कार्यक्रमों के साथ 'फेस्टिवल ऑफ इंडिया' ने लुभाया

### टीवी9 के कार्यक्रम में दिखी देश भर की संस्कृति की झलक जनप्रतिनिधियों ने भी शिरकत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**भारत** सांस्कृतिक रूप से समृद्ध देश है। यहां की विविधता यहां के उत्सवों का आकर्षण है। इसी विविधता और सांस्कृतिक समृद्धि के आकर्षण के साथ नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में 'फेस्टिवल ऑफ इंडिया' का आयोजन किया जा रहा है। 20 अक्टूबर से प्रारंभ हुआ यह उत्सव 24 अक्टूबर तक चलेगा। टीवी9 नेटवर्क की तरफ से आयोजित किए जा रहे इस उत्सव में लोगों की जबर्दस्त उपस्थिति देखने को मिल रही है।

कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय, पूर्व केंद्रीय मंत्री महेश शर्मा, राज्यसभा सदस्य बिप्लब कुमार देव, दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी समेत कई गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति देखने को मिली।

फेस्टिवल ऑफ इंडिया में देशभर की संस्कृति की झलक देखने को मिल रही है। यह एक असाधारण लाइफस्टाइल एक्सपो है, जो विविधता, संस्कृति और जीवनशैली का एक अविस्मरणीय उत्सव है। यहां देश की बेहतरीन कला, संगीत, भोजन, फैशन का प्रदर्शन किया जा रहा है। 200 से अधिक लाइफस्टाइल और शॉपिंग स्टॉल इसका अहम आकर्षण बने हुए हैं। यहां अत्याधुनिक घरेलू उपकरणों से लेकर नवीनतम तकनीकी गैजेट्स, फैशन-फॉरवर्ड पहनावा, उत्तम फर्नीचर समेत कई उत्पाद उपलब्ध हैं। इस उत्सव में तुर्की, ईरान, अफगानिस्तान, थाइलैंड और कई अन्य देशों की प्रदर्शनियां भी प्रस्तुत की जा रही हैं।

उत्सव में देश के विभिन्न हिस्सों के व्यंजनों का भी आनंद लिया जा सकता है। इसके अतिरिक्त नवरात्र को ध्यान में रखते हुए महादुर्गा पूजा की भी व्यवस्था की गई है। गुजरात से डांडिया, पंजाब से भांगड़ा और ओडिशा से ओडिसी की प्रस्तुति ने भी लोगों को लुभाया है। कई लाइव इवेंट दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देने वाले हैं। उत्सव के शेष दो दिनों में भी विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तावित हैं।

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 22 अक्टूबर, 2023



# जर्जर भवन को नगर निगम ने किया सील

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**एनआईटी** 1/2 चौक पर स्थित एक जर्जर भवन को नगर निगम ने सील कर दिया। बिल्डिंग में एक होटल भी खुला हुआ था। बिल्डिंग की हालत काफी जर्जर बनी हुई थी, जिसके चलते नगर निगम ने सील करने की कार्रवाई की गई है।

एनआईटी के एनएच 1ई-17 में स्थित इस बिल्डिंग को लेकर नगर निगम को शिकायत की गई थी, जिसमें बिल्डिंग की जर्जर हालत के चलते हादसे की आशंका जताई गई थी। नगर निगम में इसको लेकर एक्सईएन स्तर की कमेटी बनाई गई थी, जिसमें इस बिल्डिंग को सील करने का निर्णय लिया गया। कमेटी की सिफारिश पर नगर निगम ने इस बहुमंजिला इमारत को सील कर दिया। एसडीओ राजेश कुमार ने बताया कि 1ई-17 में बनी बिल्डिंग की जर्जर हालत के चलते सील कर दिया गया है। इस बिल्डिंग की जर्जर हालत के चलते पड़ोसियों द्वारा जान-माल की हानि की आशंका जताई गई थी। कमेटी ने निर्णय लिया कि यह बिल्डिंग कमर्शियल एक्टिविटी के लायक नहीं है।

शहर के विभिन्न बाजारों में इन दिनों अतिक्रमण किया हुआ है। नगर निगम में अतिक्रमण की लगातार शिकायतें आ रही हैं। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए निगम की संयुक्त आयुक्त अलका चौधरी के आदेश पर बाजारों में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई होगी। एसडीओ राजेश शर्मा ने बताया कि त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए बाजारों में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि दुकानदारों और रेहड़ी-पटरी वालों को सड़क पर सामान नहीं रखना चाहिए।

# पलवल के 75 गांवों को जल्द मिलेगी 24 घंटे बिजली

## निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए फीडरों की क्षमता बढ़ाई

पदम सिंह घुघेरा। पलवल



**घर-घर** उजाला योजना के तहत दक्षिण बिजली वितरण निगम पलवल की तरफ से गांवों मे 24 घंटे बिजली सप्लाई देने के लिए फीडरों की क्षमता बढ़ाई गई है। वहीं इसके लिए नई बेहतर केबल भी लगाई गई है। इस योजना के तहत जल्द ही पलवल क्षेत्र के 75 गांवों में 24 घंटे बिजली सप्लाई ग्रामीणों के लिए उपलब्ध होगी। इस योजना के चालू होते ही ग्रामीणों की बिजली की किल्लत से हमेशा के लिए छुटकारा मिल जाएगा।

बिजली विभाग की तरफ से घर-घर उजाला योजना के तहत जल्द इलाके के 75 के करीब गांव 24 घंटे बिजली सप्लाई देने वाले फीडरों से जुड जाएंगे। इन फीडरों से जुड़ने के बाद ग्रामीणों केलिए हर समय बिजली सप्लाई उपलब्ध होगी। इसके बाद हर मौसम, सर्दी, गर्मी व बरसात में ग्रामीणों के लिए ग्रामीणों के लिए बेरोकटोक बिजली की सप्लाई उपलब्ध रहेगी। इसके लिए दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम की तरफ से गांवों को बिजली सप्लाई करने वाले फीडरों की क्षमता बढ़ाई जा रही है।

वहीं इसके लिए नई और बेहतर बिजली केबल लगाई जा रही है। इनके लगने के बाद खराब मौसम (आंधी-तूफान) में भी ग्रामीण इलाके की बिजली 24 घंटे उपलब्ध होगी। इस योजना के पूरी तरह से लागू होने के बाद गांवों में भी शहर की तरह बिजली सप्लाई उपलब्ध होगी। ग्रामीण अपने घरेलू कार्य हर समय बिजली के उजाले में कर सकेगें।

ग्रामीण क्षेत्र में लगने वाले बिजली कटों से लोगों को पूरी तरह से छूटकारा मिल सकेगा। उसके बाद ग्रामीण भी अपने एसी, कूलर, वासिंग मशीन, प्रेस, दूध बिलौने की मशीन, आरो. पंखे, लाइट आदि का उपयोग कर सकेंगे। पलवल क्षेत्र की सात सब डिवीजन के 16 फीडरों की क्षमता बढ़ जाएगी। जिससे छह दर्जन से अधिक गांवों ग्रामीणों को हर समय बिजली सप्लाई हो सकेगी।

### इन गांवों में मिलेगी 24 घंटे बिजली

**इस** योजना पर अमल होने के बाद डकोरा, हौशंगाबाद, खेडला, लोहागढ़, मीसा, रसूलपुर, रौनीजा व सिहौल, अहरवां, दुर्गापुर, जलालपुर, मर्रोली, गुंडावास, अजीजाबाद, चवन का नंगला, बेला, असावटा, छज्जूनगर, भूपगढ, कांवरका, मुनीर गढ़ी, शोलाका, पालडी, सीहा, पिंगोड, औरगांबाद, बाता, अमरोली, सैलोटी, बामनीखेडा, फिरोजपुर, आल्हापुर, अगवानपुर, जनौली, नयागांवस, मांदकौल, कटेसरा, बढ़राम, सदरपुर, गोपीखेड़ा, घाघोट, कुरैरा, अलावलपुर, लीखी मछीपुरा, डराना, खांबी, घासेडा, नकरौल, भैंडौली, भिडूकी, रामगढ़, माहौली, घरौंट, स्वामीका, जनाचौली, जैनपुर, खोकियाका, आलूका, बिचपुरी, सांपनकी, भंगूरी, फिरोजपुर राजपूर, मलोखरी, रींडका, कलसाडा, डकोरा, माफी जलालपुर, पैंगलतू आदि।

“ **पलवल** क्षेत्र के 75 गांवों को जल्द ही 24 घंटे बिजली सप्लाई उपलब्ध होगी। इसके लिए फीडरों की क्षमता बढ़ाई गई है व नई व बेहतरीन केबल लगाई जा रही है।

-रंजन राव, अधिक्षक अभियंता हरियाणा बिजली वितरण निगम

# संक्षिप्त समाचार

## छाबड़ा परिवार को मंत्री ने दी नवरात्र की शुभकामनाएं



**फरीदाबाद।** प्रदेश के केबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने चावला कॉलोनी स्थित श्याम लाल छाबड़ा के निवास पर माता रानी के दरबार में माथा टेका व माता रानी का आशीर्वाद लिया। केबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि माता रानी सभी की मनोकामनाएं पूरी करती है, माता रानी की दिल से पूजा अर्चना करने वाले लोग हमेशा सुख शांति और समृद्धि पाते हैं। उन्होंने सभी को नवरात्रों की बधाई और शुभकामनाएं दीं। केबिनेट मंत्री शर्मा ने कहा कि माता-पिता की सेवा करने वाले लोग भी हमेशा सुख पाते हैं। उनके साथ बृजलाल शर्मा, प्रेम खट्टर, श्याम लाल छाबड़ा, वीरेंद्र मनचंदा, विजय आर्य, विजय विरमानी, राकेश विरमानी, देशराज हंस, निखिल खट्टर, सुमित गर्ग ने भी माता रानी का आशीर्वाद लिया।

## 25 अक्टूबर को होगा ऑनलाइन टोकन सिस्टम का परीक्षण



**पलवल।** द सहकारी चीनी मिल पलवल की प्रबंध निदेशक शशि वसुंधरा ने बताया कि मिल द्वारा 25 अक्टूबर को दोपहर बाद तीन बजे ऑनलाइन टोकन सिस्टम का परीक्षण किया जाएगा। उन्होंने जिला के गन्ना उत्पादक किसानों से निर्धारित तिथि व समय पर मिल के गन्ना विभाग के प्रागंण में पहुंचने का आह्वान किया है, ताकि संबंधित गन्ना उत्पादक किसानों की मौजूदगी में ऑनलाइन टोकन सिस्टम का सफल परीक्षण किया जा सके। उन्होंने बताया कि भविष्य में गन्ना उत्पादक किसानों को इस सिस्टम को चलाने की पूर्ण रूप से जानकारी दी जाएगी, ताकि किसानों को इसे चलाने में कोई कठिनाई न आए।

## संस्था ने औषधीय पौधों का वितरण किया



**पलवल।** हम सबका प्रयास- हर घर तुलसी का वास अभियान चलाकर मिशन प्रकृति बचाओ पर्यावरण सचेतक समिति द्वारा 151 विभिन्न औषधीय पौधों का वितरण कर लोगों को जागरूक किया गया। रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर हरियाणा पुलिस शीशराम तंवर की अध्यक्षता में अलीगढ़ रोड स्थित रेलवे पुल के नीचे मार्केट, कृष्णा कॉलोनी, सल्लागढ़ आदि स्थानीय लोगों को रामा- श्यामा तुलसी, करीपत्ता, घृतकुमारी आदि के पौधे देकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। ग्रीन एंबेसडर डॉ. आचार्य राम कुमार बघेल ने कहा कि नवरात्रि माता दरबार में कलश स्थापना के साथ पौधों की स्थापना कर विदाई अवसर पर उचित स्थानों पर इनका रोपण करना चाहिए। यह औषधीय पौधे आध्यात्मिक व वैज्ञानिक दृष्टि से अति महत्वपूर्ण तथा हमारे प्राकृतिक डॉक्टर हैं। तुलसी नीम दूर रखें वैद्य हकीम, यह दैवीय पौधे स्वच्छ वातावरण तथा सकारात्मक ऊर्जा के साथ शुभफलदायी हैं। मास्टर मानिकचंद ने बताया कि नव दुर्गाओं में पौधों का अधिक वितरण हमारी प्राथमिकता है। इस अवसर पर संस्था पदाधिकारी मास्टर थानसिंह, मास्टर गुलवीर, गजेंद्र सिंह, धर्मचंद वैद्य, सुनील, श्रीचंद आदि सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## नशेड़ी ने पहले कार के शीशे तोड़े, फिर लगाई आग



**पलवल।** शराब के नशे में धुत युवक ने घर में घुसकर कार के शीशे तोड़े दिए। विरोध किया तो जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। लेकिन, उसके कुछ देर बाद आरोपी दोबारा आया और कार में आग लगा दी। सदर थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। सदर थाना के पुलिस जांच अधिकारी विनीत के अनुसार, दीघोट गांव निवासी प्रेम सिंह तंवर ने दी शिकायत में कहा कि वह एक्सिस बैंक पलवल में नौकरी करता है। ड्यूटी खत्म होने पर वह दिल्ली निवासी अपने दोस्त की कार को लेकर अपने घर आ गया। उसने कार को अपने प्लॉट में खड़ा कर दिया और घर के अंदर चला गया। सुबह उसकी पत्नी प्लॉट पर गई तो गांव का ही राजेश वहां आया और कार के शीशे तोड़ने लगा। उसकी पत्नी ने उसे फोन पर इसकी सूचना देकर मौके पर बुलाया। पीड़ित जब मौके पर पहुंचा तो राजेश ने शराब पी रखी थी। उसने विरोध किया तो आरोपी उसे धमकी देकर गया कि वह कार में आग लगा देगा। विरोध करने पर आरोपी ने उसे व उसके परिवार के लोगों को जान से मारने की धमकी दी। नशे में होने के कारण उसे समझाकर वापस भेज दिया और वह अपनी ड्यूटी पर आ गया। उसके कुछ देर बाद उसकी पत्नी का फोन आया कि राजेश व उसके दो साथियों ने कार को आग लगा दी है। पीड़ित घर पहुंचा तो कार पूरी तरह जल चुकी थी। सदर थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी राजेश सहित दो अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## हुक्का बारों और होटल, रेस्तरां, शराब घरों में धारा-144 लागू

**फरीदाबाद।** जिलाधीश विक्रम सिंह ने जिला के हुक्का बारों और होटल, रेस्तरां, शराब घरों में धारा-144 के आदेश दिए गए हैं। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा और तब तक लागू रहेगा जब तक सरकार के आगामी आदेश जारी होंगे। जिलाधीश ने कहा कि यह देखने में आया है कि जिला फरीदाबाद के विभिन्न स्थानों पर हुक्का बार चल रहे हैं, जो हुक्का नरगिल में निकोटीन युक्त तंबाकू परोसते हैं, जो उपयोगकर्ताओं के स्वास्थ्य के लिए अत्यधिक हानिकारक है। कभी-कभी इन हुक्का बारों में तंबाकू के साथ अन्य हानिकारक प्रतिबंधित नशीले पदार्थ भी मिलाये जाते हैं। वहीं, यह भी देखने में आया है कि हुक्का बार में विभिन्न स्वादों/जड़ी-बूटियों का भी इस्तेमाल किया जाता है। कई बार तो उन हुक्का बारों में फ्लेवर/जड़ी-बूटी परोसने की आड़ में निकोटिन और प्रतिबंधित दवाएं भी परोसी जाती हैं। हुक्का में, इसमें जल पाइप प्रणाली और स्वादयुक्त घटक शीशा शामिल है, जिसे चारकोल के साथ गर्म किया जाता है। जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि किशोरों और युवा वयस्कों के बीच इस स्वाद वाले हुक्के की लोकप्रियता हाल के दिनों में काफी बढ़ गई है। कई तरह के स्वादों की उपलब्धता, धुएं की कम तीव्रता, निकोटीन का न होना या कम होना और महत्वपूर्ण रूप से इसके उपयोग से जुड़े जोखिम का कम या न होना जैसी विभिन्न भ्रांतियों के कारण इसके उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। जबकि, उन हुक्का बारों में भी, जहां हुक्के में केवल स्वाद/जड़ी-बूटियां परोसी जा रही हैं, हालांकि निकोटीन अनुपस्थित हो सकता है, हालांकि, ऐसे स्वाद वाले हुक्के के धुएं में भी कार्बन मोनोऑक्साइड, पॉलीसाइक्लिक एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन जैसे विभिन्न विषाक्त पदार्थ होते हैं।

# अवैध शराब के कारखाने का किया भंडाफोड़

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



मौके से भट्टी, शराब बनाने के उपकरण व कच्ची शराब बरामद

**चांदहट** थाना पुलिस ने अवैध शराब कारखाने का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से भट्टी, शराब बनाने के उपकरण व नौ लीटर कच्ची शराब बरामद की है।

थाना चांदहट प्रभारी निरीक्षक कैलाशचंद ने बताया कि चौकी बागपुर प्रभारी उप निरीक्षक सचिन कुमार अपनी टीम के साथ गश पड़ताल पर गांव माला सिंह चौराहे पर मौजुद था कि मुखबर ने सूचना दी कि मालासिंह फार्म निवासी एक युवक अवैध कच्ची शराब का काम करता है और आज भी गांव माला सिंह फार्म के खेतों में भट्टी लगाकर शराब निकाल रहा है।

पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर रेड की तो मौका पर एक युवक खेत में जहां चारों तरफ धान के खेत हैं व खेतों की मेड पर काफी पेड़ खडे हुये हैं, उनके बीच भट्टी लगाई हुई थी। जो पुलिस को देखकर पास खडी मोटरसाइकिल को लेकर भागने लगा। लेकिन मोटरसाइकिल स्टार्ट न होने पर मोटरसाइकिल को छोड़कर, अंधेरे व धान के खेतों का फायदा उठाकर भाग गया। मौके पर चेक किया तो भट्टी में आग चल रही थी और पास में एक लोहा ड्राम, एक सिल्वर कीप व एक सिल्वर पतीला, एक नलकी व एक सफेद प्लास्टिक कैन जिसमें कच्ची शराब भरी हुई थी, जिसे मापने पर कुल नौ लीटर कच्ची शराब बरामद हुई।

## किराना स्टोर से कैश व लाखों का सामान चोरी

**पलवल।** दुकान का शटर तोड़कर चोर नकदी सहित लाखों रुपये का सामान चोरी कर ले गए। पीड़ित दुकानदार ने चांदहट थाना पुलिस को शिकायत दी। जिसके बाद पुलिस ने चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। चांदहट थाना प्रभारी कैलाशचंद भड़ाना के अनुसार, सिहौल गांव निवासी कर्मचंद ने दी शिकायत में कहा कि उसने पलवल-अलीगढ़ रोड पर सिहौल-खेड़ला मोड के पास परचून की दुकान खोली हुई है। पीड़ित शाम के समय दुकान का ताला लगाकर अपने घर आ गया। अगले दिन सुबह करीब साढ़े छह बजे जब वह दुकान खोलने के लिए पहुंचा तो ताले और शटर दोनों टूटे हुए मिले।

उसने दुकान के अंदर देखा तो दुकान से सारा सामान गायब था। पीड़ित के अनुसार चोर दुकान से इन्वर्टर, गैस सिलेंडर, छह हजार रुपये और करीब एक लाख रुपये का सामान ले गए। पीड़ित ने चोरी की सूचना तुरंत पुलिस को डायल 112 पर दी। सूचना मिलते ही पुलिस की गाड़ी मौके पर पहुंच गई।

# पलवल में नील गाय का शिकार

## रेड कर पुलिस ने मकान से पकड़ा 40 किलो मांस, छत से कूदकर भागा आरोपी

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**नील** गाय की हत्या कर मांस बेचने की शिकायत पर पुलिस ने वन्य जीव रक्षक के साथ गांव आलीमेव में रेड की। इस दौरान पुलिस ने एक मकान से प्रतिबंधित मांस बरामद किया। हालांकि इस दौरान मकान मालिक छत कूदकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने वन्य जीव निरीक्षक की शिकायत पर एक नामजद सहित अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

बहीन थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि वह एक मुकदमे की जांच के लिए अपनी टीम के साथ बहीन के बस स्टैंड पर मौजूद थे। उसी समय मुखबिर ने सूचना दी कि आलीमेव गांव निवासी गिल्लू जंगल से नील गाय का शिकार करके मांस बेचने के लिए अपने घर लेकर आया है। पुलिस ने तुरंत आलीमेव गांव जाकर गिल्लू के घर छापेमारी की तो गिल्लू मांस से भरे कटट् को लेकर मकान की छत से कूद गया। लेकिन, मांस में वजन होने के चलते उसे वहीं छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। पुलिस ने मांस को कब्जे में लेकर मामले की सूचना फरीदाबाद वन्य जीव निरीक्षक जयदेव को दी। सूचना के तुरंत बाद निरीक्षक जयदेव व रक्षक हंसराज थाने पहुंच गए। उन्होंने कट्टे को चेक किया तो उसमें मांस भरा हुआ था। जिसका वजन 40 किलो 500 ग्राम था।

पुलिस ने इस संबंध में निरीक्षक जयदेव की शिकायत पर आलीमेव गांव निवासी गिल्लू व उसके तीन-चार अन्य साथियों के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# नाबालिग को अगवा कर नशा देकर किया दुष्कर्म

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**हसनपुर** थाना क्षेत्र के एक गांव से नाबालिग का अपहरण करके ले जाने के बाद उसे नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। आरोपी ने विरोध करने पर नाबालिग को जान से मारने की धमकी दी।

हसनपुर थाना पुलिस ने नाबालिग लड़की के पिता की शिकायत पर एक नामजद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। हसनपुर थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह के अनुसार, थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने दी शिकायत में कहा है कि गदपुरी थाना क्षेत्र के अल्लीका गांव निवासी मुकेश उसकी 15 वर्षीय बेटी का अपहरण करके ले गया। आरोप है कि आरोपी ने उसकी बेटी को पानी में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया। उसके बेहोश होने के बाद उसके साथ दुष्कर्म किया। बेटी को जब होश आया तो उसने आरोपी का विरोध किया। आरोपी ने उसकी बेटी को जान से मारने की धमकी दी। कहा कि यदि इस बारे में किसी को बताया तो वह उसे व उसके परिजनों को जान से खत्म कर देगा। उसके बाद जब उसकी बेटी घर पहुंची तो वह डरी-सहमी हुई थी। जिसके बारे में उसकी पत्नी ने जब बेटी से पूछा तो उसने सारी बात अपनी मां को बता दी। पीड़ित अपनी बेटी को लेकर हसनपुर थाने पहुंचा और आरोपी के खिलाफ लिखित शिकायत दी। पुलिस ने पीड़ित पिता की शिकायत पर आरोपी मुकेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# औरंगाबाद योग शिविर में योगासन के लाभ बताए

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**जिला** योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन पलवल के तत्वावधान में योग विज्ञान एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन योगाचार्य गुरमेश सिंह के सानिध्य में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला औरंगाबाद में गायत्री मंत्र उच्चारण के उपरांत हुआ। शिविर के कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल प्राचार्य रंजना गुप्ता ने की तथा संयोजन जगमोहन सिंह कंवर सिंह ने किया।

शिविर में दर्जनों गांव के सैकड़ों छात्रों ने योग प्रशिक्षण प्राप्त करके स्वास्थ्य लाभ उठाया तथा अपनी प्राचीन वैदिक सनातन संस्कृति, योग संस्कृति को अपनाने का संकल्प भी दोहराया। योगाचार्य गुरमेश सिंह ने शिविर के दौरान आसन में ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, उत्कटासन, नटराज आसन, पद्मासन, चक्रासन, सर्वांगासन, पश्चिमोत्तानासन, पादहस्तासन, एक पद सिकंदरसन, मयूरासन, वज्रासन, मंडूकासन, पवनमुक्तासन, धनुरासन, भुजंगासन, पक्षीआसन, मयूरासन, शीर्षासन के उपरांत कुछ सूक्ष्म व्यायाम व योग जॉगिंग के साथ स्कंद चालन, कटी चालन, पगचालन, हस्त चालन आदि व्यायाम कराए गए। प्राणायाम में भास्त्रीका, कपालभाति, अनुलोम, विलोम, उज्जाइ, उद्यान बंद, शीतली, शेतकारी, प्रणवजाप ध्यान योग भी कराया गया। प्राकृतिक चिकित्सा के विषय में मिट्टी, पानी, धूप, हवा यही सब रोगों की दवा का विश्लेषण किया गया।

इस अवसर पर रचना गुप्ता, पवन कुमार, जगमोहन, नरवीर सिंह, जगबीर, राजवीर, कर्मवीर शेरावत, कंवर सिंह, रविंदर, पूजा, रचना आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे। शिविर के अंत में योगाचार्य ने आए हुए सभी योग अभ्यर्थियों का धन्यवाद करते हुए स्वास्थ्य लाभ के लिए शुभकामनाएं दीं।

## कंजक पूजन की खरीददारी के लिए सजे बाजार

**फरीदाबाद।** आज अष्टमी की पूजा की जाएगी। ऐसे में कन्या पूजन को लेकर लोग शनिवार को खरीदारी करते नजर आए। बाजारों में कन्याओं को दिए जाने वाले उपहारों की भरमार है। नवरात्रि में अधिकांश लोग अष्टमी के दिन कन्या पूजन करते हैं और उपहार देते हैं। बदलते परिवेश में माता-पिता अपने बच्चों को दूसरों के यहां खाने के लिए नहीं भेजना चाहते हैं। ऐसी स्थिति में लोग कन्या पूजन के लिए रेडीमेड फूड पैकेट लेना पसंद कर रहे हैं। साथ ही समय की कमी के चलते जो लोग कन्याओं को बैठाकर खाना नहीं खिला पाते वह भी इन पैकेट्स को खरीद रहे हैं। एनआईटी नंबर एक, दो पांच के अलावा ओल्ड फरीदाबाद के बाजारों में भी उपहारों की दुकानों पर खरीददारी करने करने वालों की भीड़ है।

# बृज परिक्रमा मार्ग पक्का होने से श्रद्धालुओं का आवागमन होगा सुगम

## विधायक जगदीश नायर ने दो करोड़ के विकास कार्यों के किए शिलान्यास

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने विकास कार्यों के लिए धन का पिटारा खोल रखा है। विकास कार्य करवाने के लिए किसी भी विधानसभा क्षेत्र में धन की कमी आड़े नहीं आने दी जा रही है। यह वक्तव्य शनिवार को होडल के विधायक जगदीश नायर ने विधानसभा क्षेत्र होडल में सड़कों के शिलान्यास करने उपरांत ग्रामीणों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

होडल के विधायक एवं हरियाणा भूमि सुधार एवं विकास निगम के चेयरमैन जगदीश नायर ने शनिवार को विधानसभा होडल में लगभग दो करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास किया। विधायक जगदीश नायर ने करीब 50 लाख 10 हजार की लागत से राष्ट्रीय राजमार्ग से नंगला अहसानपुर तक 695 मीटर लंबी सड़क तथा एक करोड़ 32 लाख 46 हजार की लागत से बंचारी से डकोरा बृज 84 कोस परिक्रमा मार्ग की करीब दो किलोमीटर लंबी सड़क का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बृज 84 कोस परिक्रमा के लिए 14 करोड़ 84 लाख की राशि स्वीकृत की है, जिसमें से अभी बंचारी से डकोरा तक का परिक्रमा मार्ग बनवाया जा रहा है, जल्द ही पूरे मार्ग को बनवा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बृज 84 कोस परिक्रमा में रोड के साथ-साथ रोशनी का प्रबंध व यात्रियों के ठहरने के लिए ठहराव स्थल व बैठने के लिए बैंच लगाई जाएगी। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री ने जन संवाद कार्यक्रम के दौरान जो मांगे रखी गई थी, उन मांगों को पूरा कर दिया है। उन्ही मांगों के तहत होडल विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य गति से चल रहे हैं और आगे भी चलते रहेंगे। यह सभी कार्य छह महीने में पूरे कर दिए जाएंगे। विधायक जगदीश नायर ने कहा कि इन सड़कों के बनने से बृज 84 कोस की परिक्रमा सुगम हो जाएगी और इस क्षेत्र के गांवों के लोगों को आवागमन में सुविधा होगी।

## धान मिल संचालकों की हड़ताल खत्म होते ही खरीद शुरू

**फरीदाबाद।** प्रदेशभर के राइस मिलर्स एक्सपोटर द्वारा हड़ताल को खत्म कर दिया गया है। धान मिल संचालकों द्वारा किसानों की फसल की खरीद शुरू कर दी गई है। पिछले पांच दिन से खरीद न होने की वजह से किसानों को काफी नुकसान व परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। जिले की मोहना अनाज मंडी, तिगांव अनाज मंडी और बल्लभगढ़ अनाज मंडी में एक अक्टूबर से सरकारी दर पर धान के साथ बासमती समेत अन्य को खरीदा जा रहा था।

15 अक्टूबर से राइस मिल की हड़ताल होने की वजह से आढ़ती द्वारा धान को खरीदा नहीं जा रहा था। बृहस्पतिवार को सरकार द्वारा राइस मिल की सभी मांगों को मान लिया गया। जिसके चलते शुक्रवार से जिले की सभी मंडी में खरीद शुरू हो गई। मंडी के पूर्व प्रधान सुनील भारद्वाज ने बताया कि पांच दिनों से राइस मिल हड़ताल होने के कारण किसानों को काफी नुकसान झेलना पड़ रहा था।

# जरूरतमंद को भोजन वितरित करने के साथ जयंती का समापन हुआ




पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**प्रमुख** सामाजिक संस्था श्री वैश्य अग्रवाल सभा द्वारा आयोजित सात दिवसीय महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह का समापन कायक्रमों के अंतिम दिन महाकाल की रसोई धर्म प्लाजा रेलवे रोड पर जरूरतमंद लोगों के भोजन वितरित करने के साथ ही संपन्न हो गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता सभा के प्रधान ओमप्रकाश गुप्ता ने की व संचालन महामंत्री शैलेंद्र सिंगला ने किया। सभा के संरक्षक एसपी मित्तल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। महाकाल की रसोई में 500 जरूरतमंद लोगों को भोजन खिलाया गया। इस अवसर पर सभा के कोषाध्यक्ष चंद्रप्रकाश गोयल एवं विशेष सलाहकार दिनेश अग्रवाल ने बताया कि महाराजा अग्रसेन जी के एक रुपये और एक ईंट के सिद्धांतां को कायम रखते हुए जयंती समारोह के अंतिम दिन श्री वैश्य अग्रवाल सभा पलवल द्वारा जरूरतमंद लोगों के लिए भोजन प्रसाद की व्यवस्था की है। उल्लेखनीय इससे पूर्व अलग अलग दिनों में अलग अलग कार्यक्रम आयोजित किये गए थे। इस अवसर पर महाकाल की रसोई के संचालकों पूर्व पार्षद चंदीराम गुप्ता, पवन अग्रवाल, राजेंद्र लोहिया, श्रीचंद देशवाल, गौरव गर्ग, राजीव डागर आदि पदाधिकारियों का सभा की तरफ से स्वागत किया। इस अवसर पर प्रमोद सिंगला, घनश्याम सिंगला, यशपाल मंगला, कविता मंगला, शांति गुप्ता, पूर्व पार्षद अनिता मंगला, अंशु सिंगला, शक्तिपाल मंगला, जितेंद्र गुप्ता, वेद प्रकाश मित्तल सहित सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# समाजसेवी महिलाओं का किया गया सम्मान

## पुलिस लाइन में हुआ मिशन शक्ति कार्यशाला का आयोजन



संतकबीरनगर। मुख्यमन्त्री उ0प्र0 सरकार द्वारा शारदीय नवरात्रि/दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर महिलाओं / बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-04) के तहत जिलाधिकारी महेंन्द्र सिंह तंवर व पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने संयुक्त रुप से शनिवार को रिजर्व पुलिस लाइन में ''सशक्त नारी-समृद्ध प्रदेश'' की थीम पर महिलाओं, बेटियों, छात्राओं को लैंगिक समानता स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वालम्बन की दिशा में सुदृढ़ एवं आत्मनिर्भर बनने हेतु चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें जिले की सैकड़ों की संख्या में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, आशा कार्यकत्रियों, आशा किरण, पंचायत मित्र, ग्राम प्रधान व सामाजिक कार्यकर्ता सहित अन्य महिलाओं/बालिकाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। हमारे संविधान द्वारा भी लैंगिक असमानता को दूर करने के लिए अनेक सकारात्मक कदम उठाए हैं, जिसमें हर किसी के लिए सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय प्राप्त करने के लक्ष्यों के साथ अपने सभी नागरिकों के लिए सभी स्तर की समानता और अवसर के साथ-साथ महिलाओं के लिए बहुत से संवैधानिक सुरक्षात्मक उपाय बनाये गये हैं। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं-वीरांगना रानी लक्ष्माबाई हास्पिटल की संचालक डा0 सलोनी श्रीवास्तव, राजकीय कन्या इण्टर कालेज खलीलाबाद की प्रधानाचार्या डा0 साबिया मुमताज, जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय सनातन संघ श्रीमती शशि वर्मा, महिला सदस्य स्थानीय लोक अदालत श्रीमती सुनीता मोदनवाल, सभासद पुरानी तहलील खलीलाबाद श्रीमती साजिदा खातून, जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा श्रीमती विमला सिंह, मोदी मिशन श्रीमती मंजू देवी, प्रधान ग्रामसभा बघौली श्रीमती आशा देवी, बीडीसी सदस्य श्रीमती संजू, आंगनबांड़ी कार्यकत्री बड़गो श्रीमती अमरावती, ग्राम प्रहरी धौरहरा श्रीमती जुनैदा खातून, केडीएस सुपरवाइजन श्रीमती वंदना सिंह, सखी स्वयं सहायता समूह श्रीमती राधिका गुप्ता आदि को मोमेन्टम प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद श्रीमती दीपांशी राठौर, प्रतिसार निरीक्षक रजनीकांत ओझा, प्रभारी निरीक्षक मेहदावल विजय दूबे, प्रभारी निरीक्षक महिला थाना मंजू सिंह, प्रभारी महिला प्रकोष्ठ सरोज शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## भारत विकास परिषद के सदस्यों ने उतारी महामाई की आरती



**गुरसहायगंज** (कन्नौज)। शारदीय नवरात्र के षष्टम दिवस पर पावर हाउस में गंगेश्वर नाथ में चल रहे दुर्गा पूजा महोत्सव में बीती शाम भारत विकास परिषद के सदस्यों ने माँ भगवती के स्वरूप की आरती कर अपने जीवन को धन्य बनाया। महोत्सव में श्रद्धालुओं के साथ जगत जननी मां दुर्गा की भव्य आरती बंदना करने के उपरान्त परिषद के प्रान्तीय उपाध्यक्ष वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डा. सुधीर दीक्षित ने कहा कि धार्मिक आयोजनों में हम सभी को बढ-चढकर भाग लेना चाहिये। जिससे सनातन संस्कृति की रक्षा हो सके एवं अपनी संतानों को भी धर्म के प्रति जागरूक करना चाहिए। अपने भगवान की लीलाओं को भी सुनाए। जिससे वह अपने अंदर उनके सद्गुणों को समाहित कर सकें उनके आदर्शों का जीवन में धारण करके जीवन पथ पर आगे बढकर परिजनों का नाम रोशन करना चाहिये।

## पीडिता को प्रतिष्ठा दिलाने को हुई जागरूकता गोष्ठी

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर जारी मिशन शक्ति अभियान के तहत रेड क्रॉस सोसाइटी/इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब ने सुषमा स्वरूप इंटरनेशनल स्कूल में नारी सशक्तिकरण, लैंगिक समानता, हिंसा की रोकथाम एवं पीड़िता को सामाजिक प्रतिष्ठा दिलाने की गरज से छात्राओं में जागरूकता पैदा की। शनिवार को बतौर मुख्य अतिथि एडीएम वंदिता श्रीवास्तव ने कहा कि महिला को सामाजिक-आर्थिक रूप से मजबूत होना जरूरी है, ताकि वह शिक्षित हों और संविधान में प्रदत्त अधिकारों की जानकारी उसे हो। किसी प्रकार का कोई उत्पीड़न होने पर अपने माता-पिता से बतायें। संबंधित पुलिस अधिकारी को सूचित करें। घटना के बारे में जिक्र करते हुए कहा कि स्कूल की छात्रा ने जागरूकता के चलते व्यक्तिगत रूप से उनसे मिलकर परेशानी बताई, तत्काल निदान कराया। मिशन शक्ति प्रभारी सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय ने लैंगिक समानता एवं हिंसा की रोकथाम बाबत विस्तार से बताया।

## लोकसभा चुनाव में शिक्षक निभायेंगे अहम भूमिका



**गुरसहायगंज** (कन्नौज)। समाजवादी शिक्षकसभा के पदाधिकारी बूथ स्तर से लेकर लोकसभा स्तर तक प्रत्येक स्तर पर कड़ी मेहनत व लगन के साथ कार्य करेंगे। ताकि केन्द्र से भाजपा को हटाया जा सके। केन्द्र की भाजपा सरकार हमेशा से ही शिक्षकों व छात्रों के हितों का दमन करती चली आ रही है। जिसको ध्यान में रखते हुए शिक्षकसभा लगातार शिक्षकों से मिलकर उनकी समस्याओं के निस्तारण के लिए कंधे से कंधा मिलाकर लड़ाई लड़ेगी।यह बात शनिवार को समाजवादी शिक्षकसभा के जिलाध्यक्ष अमित कुमार यादव ने शिक्षकसभा की बैठक को संबोधित करते हुए कही। ग्राम तेराजाकेट स्थित एक निजी प्रतिष्ठान पर आयोजित शिक्षकसभा की बैठक में उन्होंने शिक्षक साथियों से लोकसभा चुनाव के लिए कमर कस लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि समाजवादी शिक्षकसभा लगातार शिक्षकों के हित के लिए कार्य करती रही है और करती रहेगी। पिछले दिनों पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन के दौरान शिक्षकसभा शिक्षकों के साथ खड़ी रही। उन्होंने बताया कि बीते दिनों कानपुर में संपन्न हुई बैठक में कानपुर मंडल के अंतर्गत आने वाले जिलों के अध्यक्षों का समाजवादी शिक्षकसभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव डॉ0 कमलेश यादव द्वारा मनोनयन किया गया। इस दौरान जनपद के संजय समर्थ व डा0 अंकित यादव को समाजवादी शिक्षकसभा का प्रदेश सचिव तथा अमित कुमार यादव को समाजवादी शिक्षकसभा कन्नौज का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। मनोनयन के बाद जिलाध्यक्ष ने कहा कि पार्टी व संगठन द्वारा जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गयी है उसका वे पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। जिसके लिए वे लगातार संघर्षरत रहेंगे और समाजवादी पार्टी की हितकारी योजनाओं को शिक्षकों के बीच ले जायेंगे।

## राष्ट्र के विकास के साथ गरीबों के कल्याण के लिए समर्पित है मोदी सरकारः सुनील सिंह



गाजीपुर। जनपद के सेवराई तहसील अंतर्गत गहमर में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी भदौरा मंडल की मतदाता चेतना अभियान कार्यशाला हुई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार नई उपलब्धियों से जुड़ रहा है। देश में प्रगति और विकास के साथ साथ गरीब कल्याण के लिए समर्पित रूप से सरकार काम कर रही है और कहा कि संतुलित मतदाता सूची देश के लोकतंत्र को मजबूत करेगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यस्क का मतदाता सूची में नाम हो यह भारतीय जनता पार्टी का लक्ष्य है। लोकसभा संयोजक कृष्ण बिहारी राय ने कहा कि मतदाता सूची का संशोधन और पुनर्निरीक्षण का कार्य समय समय पर होता रहता है। इस विशेष अवसर पर राष्ट्रवादी राजनैतिक दल का कार्यकर्ता होने के कारण हमारी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है कि हमारे बूथ कि मतदाता सूची शुद्ध संतुलित और त्रुटि विहिन हो। पूर्व विधायक सुनिता सिंह ने सबके प्रति धन्यवाद आभार व्यक्त किया और कहा कि भा?जपा कार्यकर्ताओं के सेवा समर्पित कार्यों में सदैव से इमानदारी और निष्ठा का निस्वार्थ भाव देश और समाज के प्रति रहा है और यह निष्ठा देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मजबूत सरकार का परिणाम है। जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने कार्यशाला में उपस्थित शक्ति केन्द्र संयोजकों एवं बुथ अध्यक्षों को अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। संचालन सुजीत सिंह ने किया।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में 391 शिकायतों में प्रार्थना पत्र में सिर्फ35 हुआ निस्तारण



गाजीपुर। जन समस्याओ के त्वरित निस्तारण हेतु सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील मुहम्मदाबाद में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमे 147 शिकायतध्प्रार्थना प्राप्त हुए और मौके पर 11 का निस्तारण किया गया। जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु सातो तहसीलो की सूचना के अनुसार सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 391 शिकायतध्प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें मौके पर 35 शिकायतध्प्रार्थना पत्रो का निस्तारण किया गया। इसी क्रम में तहसील जखनियॉ में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 42 शिकायतध्प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें 04 का मौके पर निस्तारण किया। तहसील जमानियॉ में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 31 शिकायतध्प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें से 02 का मौके पर निस्तारण किया गया। सदर तहसील में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 50 शिकायतध्प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें मौके 04 का निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतध्प्रार्थना पत्रो का सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि अविलम्ब मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करते हुए निस्तारण करायी जाय।

## शारदीय नवरात्र सप्तमी को माता चौकी का कार्यक्रम



संतकबीरनगर। शारदीय नवरात्र के जिला मुख्यालय पर स्थित सूर्या इंटरनेशनल एकेडमी खलीलाबाद में शनिवार को संगीतमयी भक्ति जागरण का कार्यक्रम हुआ। जिसकी शुरूआत पंडितों द्वारा मां दुर्गा जी की पूजा-अर्चना से कराई गई। भक्ति जागरण शिक्षिकाओं ने मां अम्बे के गीतों के जरिए पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। जिसमें उपस्थित शिक्षक/शिक्षिकाओं एवं भक्तगण ने संगीतमयी गीतों पर जमकर झूमे। प्रबंधक डॉ0 उदय प्रताप चतुर्वेदी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से लोगों की भक्ति में आस्था बढ़ती है। इस मौके पर प्रबंधक डॉ0 उदय प्रताप चतुर्वेदी, प्रबंध निदेशिका श्रीमती सविता चतुर्वेदी, एसआर इंटर नेशनल एकेडमी के प्रबंधक राकेश चतुर्वेदी, सूर्या एकेडमी के प्रधानाचार्य रविनेश श्रीवास्तवं ने देवी मां की पूजा अर्चना की।

## महिलाओं को मानसिक बल पर विश्वास करते हुए आगे बढ़ना चाहिएः एएसपी

### बुंदेलखंड में महिलाओं के सशक्तिकरण में जागरूकता अहम कड़ीःशीतल



उरई (जालौन)। दयानंद वैदिक कॉलेज उरई के सेमिनार हॉल में मिशन शक्ति फेज-4 के अत्यंत महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आगाज बतौर मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी की मौजूदगी में हुआ। इस अवसर पर एएसपी असीम चौधरी ने महाविद्यालय की छात्राओं को संबोधित करते हुये कहा कि वर्तमान समय में छात्राओं, महिलाओं को बहुत अधिक सशक्त होने की आवश्यकता है। हमें अपने मानसिक बल पर विश्वास करना होगा न कि अपने शरीरिक बल पर। महाविद्यालय प्रबंधकारिणी कमेटी के प्रबंधक डा. देवेंद्र कुमार ने इक्कीसवीं शताब्दी को महिलाओं की शताब्दी बताया। प्राचार्य प्रो. डा. राजेश चंद्र पांडेय ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया। कार्यक्रम में यातायात पुलिस के अधिकारी उपेंद्र कुमार ने महिलाओं की राजनैतिक सहभागिता पर जोर दिया। साइबर क्राइम सेल के वीरेंद्र कुमार ने साइबर क्राइम से संबंधित विषयों पर जानकारी दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये शीतल शर्मा वित्त/लेखाधिकारी ने बुंदेलखंड में महिलाओं के सशक्तिकरण पर जोर दिया। 58 बटालियन के सूबेदार मेजर सुरेंद्र जो कि कारगिल युद्ध के प्रत्यक्ष साक्षी रहे ने अपने महत्वपूर्ण विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा. दिलीप सेठ ने करते हुये कहा कि इक्कीसवीं शताब्दी में केंद्र सरकार द्वारा पारित महिला विधेयक बिल की चर्चा की। कार्यक्रम के अंत में मुख्य समारोह अधिकारी डा. राजेश पालीवाल ने सभी आगंतुकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम का संचालन डा. माधुरी रावत ने किया। इस अवसर पर डा. विजय यादव, डा. रामकिशोर पहारिया, डा. अलकारानी पुरवार, डा. शैलजा गुप्ता, डा. विजय चौधरी, डा. नमोनारायण, डा. गौरव यादव, डा. श्रवण त्रिपाठी, डा. अतुल बुधौलिया, डा. नीलरतन, डा. शीलू सेंगर, डा. नगमा खानम, डा. नीता गुप्ता, डा. वर्षा राहुल एवं शुभप्रिया सहित अनेकों लोग उपस्थित रहे।

## पानी को साफकरने को डालें क्लोरीनः डीएम

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने रैपुरा में बन रहे इंटकवेल, पंप हाउस, फिल्टर हाउस, एयर ब्लोअर का निरीक्षण कर कहा कि कार्यदायी संस्था जीवीपीआर को निर्देश दिये कि फिल्टर हाउस में क्लोरीन का अधिक प्रयोग करें। सैंपलिंग को लोग आते हैं तो अलग से कनेक्शन दें। सप्लाई लाइन से पानी लेकर टेस्टिंग भी की। निर्देश दिये कि क्लोरीन अधिक मात्रा में डालें, ताकि पानी साफ हो। इसके अलावा उन्होंने प्रधानाध्यापक से कहा कि डीएसपी अच्छा बनवायें। प्राथमिक विद्यालय निरीक्षण दौरान शिक्षकों की हाजिरी के बारे में जानकारी ली। ज्ञात है कि रैपुरा परियोजना के तहत 730 किमी पाइप लाइन से 84 ग्राम पंचायतों को पेयजल पहुंचाना है। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन गांवों में पाइप लाइन से पानी दिया जा रहा है, उन्हें नियमित पानी देते रहें। जिन गांवों में पाइप लाइन से पानी नहीं पहुंच रहा, क्या समस्या है, समय पर भुगतान भी हो रहा है। कोई समस्या हो तो बतायें। अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे व अधिशासी अभियंता को बतायें। मैन पावर बढ़कर समय से कार्य पूरा करायें। अधिशासी अभियंता को निर्देश दिये कि कार्यदायी संस्था पेयजल आपूर्ति होने के बाद ही भुगतान करायें।

## 73.44 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण



**श्रावस्ती।** प्रदेश के मंत्री लोक निर्माण विभाग जितिन प्रसाद एक दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम हेतु विकास खण्ड गिलौला के अन्तर्गत सिसवारा पहुंचे। मंत्री के जनपद पहुंचने पर सदस्य विधान परिषद साकेत मिश्रा जिलाध्यक्ष उदय प्रकाश त्रिपाठी जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी जिलाधिकारी कृतिका शर्मा सहित अन्य पार्टी पदाधिकारियों एवं विभागीय अधिकारियों ने अगुवानी कर स्वागत किया। इस दौरान मंत्री जी ने जिले में लोक निर्माण विभाग एवं उ0प्र0 राज्य सेतु निगम लिमिटेड की कुल 73ण्44 करोड़ रुपये की लागत से गिलौला से भिनगा मार्ग के मध्य राप्ती नदी के सिसवारा घाट पर 2 लेन सेतु व पहुंच मार्ग का शिलान्यास एवं 03 परियोजनाओं का भूमि पूजनए द्वीप प्रज्वलित एवं बटन दबाकर लोकार्पण किया। जिसमें सेतु की लम्बाई 273ण्93 मी0ए सेतु के दोनों ओर पहुंच मार्ग की लम्बाई 400 मी0 एवं अतिरिक्त पहुंच मार्ग जिसकी लम्बाई 1600 मी0 का शिलान्यास किया गया है। इस सेतु के निर्माण हो जाने से अन्धरपुरवा की तरफ 15 किमी0 एवं राप्तीध्भाखला की तरफ12 किमी0 की दूरी आने.जाने वाले लोगों के लिए कम हो जायेगी। इसके अलावा लोक निर्माण विभाग द्वारा विकास खण्ड जमुनहा में रमवापुर धूमबोझी से अहिरा तक 02 किलोमीटर सम्पर्क मार्ग के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। वहीं नानपारा.शंकरपुर.लालपुर.हुजूरपुर राज्य मार्ग संख्या.26एए नानपारा.शंकरपुर.लालपुर.हुजूरपुर प्र0जि0 मार्ग.165ई एवं बहराइच.भिनगा.सिरसिया. चौधरीडीह मार्ग संख्या.96 के नवीनीकरण कार्य का लोकार्पण किया गया। इस प्रकार कुल निर्माण कार्यो का शिलान्यास एवं 03 कार्यो का लोकार्पण मा0 मंत्री जी द्वारा किया गया। इस दौरान मा0 मंत्री जी ने जनपद वासियों की मांग पर कटरा.लालबोझी मार्ग 17 किलोमीटर परियोजना की भी घोषणा की है।इस अवसर पर मा0 मंत्री जी ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रदेश सरकार जीरो टालरेंस पर काम कर रही है। इसलिए हम सब का दायित्व है कि जो भी निर्माण कार्य कराये जा रहे हैए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराकर पूर्ण कराया जाए। उन्होने कहा कि सरकार की मंशा है कि आम जनमानस को आवागमन में कोई दिक्कत न होने पायेए इसके लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। इसलिए जो भी सड़के खराब व जर्जर अवस्था में हैए उन सड़कों की युद्धस्तर पर मरम्मत के कार्य कराकर दुरूस्त किया जाएंए ताकि आम जनमानस हेतु आवागमन को सुगम बनाया जा सके। कार्यक्रम के अन्त में जिलाधिकारी ने मंत्री जी एवं उपस्थित सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## पुलिस स्मृति दिवस पर शहीद स्मारक स्थल पर एसपी ने पुष्पचक्र अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

**श्रावस्ती।** भिनगा. पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह नें पुलिस लाइन स्थित शहीद स्मारक पर गत वर्ष पुलिस समेत केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के 264 अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि देश की कानून.व्यवस्था एकता और अखंडता बनाए रखने के लिए हमारे शूरवीरों द्वारा दिए गए सर्वोच्य बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस वर्ष उत्तर प्रदेश पुलिस के 03 जवान ड्यूटी के दौरान कर्तव्य.परायणता और अदम्य साहस का परिचय देते हुए शहादत प्राप्त की देश इन वीरों का सदैव ऋणी रहेगा उन्होंने कहा कि इन जांबाज जवानों का सर्वोच्य बलिदान खाकी पहनने वालों के लिए प्रेरणा है शहीद पुलिसकर्मियों के साहस और बलिदान को सलाम करते हुए उन कर्मवीरों को भी श्रद्धांजलि दी। तत्पश्चात अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादवए क्षेत्राधिकारी नगर अतुल कुमार चौबे क्षेत्राधिकारी इकौना सन्तोष कुमार व समस्त थाना प्रभारी शाखा प्रभारी सहित काफी संख्या में अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी द्वारा श्रद्धा.सुमन अर्पित कर शहीदों को श्रृद्धांजलि दी गयी।

## बैंकिंग सेवा का विस्तार

देवरिया। उज्जीवन स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड ने देवरिया में अपनी शाखा खोली है। बैंक का उद्देश्य डिजिटल बैंकिंग एवं राजस्व के विविधीकरण पर ध्यान केन्द्रित करते हुए बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं को अपने साथ जोड़ना है। वर्तमान में उज्जीवन एसएफबी अपनी 48 मौजूदा शाखाओं के माध्यम से उत्तर प्रदेश के 4.5 लाख से अधिक उपभोक्ताओं को अपनी सेवाएं प्रदान करता है। इस अवसर पर इत्तिरा डेविस एमडी एवं सीईओ ने कहा, उत्तर प्रदेश के देवरिया में अपनी शाखा खोलते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है। हमारे पर्सनलाइज़्ड बैंकिंग प्रोडक्ट एवं सेवाएं उत्तर प्रदेश के लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न करेंगी।

## जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक

अंबेडकर नगर । जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा कार्य की गति बढ़ाने हेतु निर्देशित किया गया। नलकूप बोरिंग कुल 83ः पूर्ण हो गई है परंतु ब्लाक रामनगरए भियांवएबसखारी में प्रगति 75ः से कम होने के कारण जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए शीघ्र पूर्ण करने हेतु प्रदर्शित किया। ओपी यूनिट में ब्लाक रामनगरए बसखारीए भियांव की प्रगति 60ः से कम प्राप्त हुई। पाइपलाइन में कुल 60ः कर पूर्ण हुआ। परंतु ब्लॉक कटेहरीए रामनगर की प्रगति 50ः से भी कम प्राप्त हुई है। पांच हाउस में ब्लाक रामनगरए बसखारीए भियांव तथा जहांगीरगंज की प्रगति 50ः से भी कम प्राप्त हुई।सोलर कार्य जहांगीरगंजए टांडा एरामनगरए कटेहरी तथा बसखारी में काफी पीछे है तथा कुल 40ः से भी कम जगहों पर कार्य प्रारंभ किया गया है। जलापूर्ति में ब्लॉक जहांगीरगंज में मात्र एक योजनाए टांडा में चारए अकबरपुर में पांचए जलालपुर में 6 योजना में जलापूर्ति की जा रही है। शीघ्र अन्य परियोजनाओं में भी संचालन प्रारंभ करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही साथ यह भी निर्देश दिया गया कि सभी ब्लॉक हेड संबंधित एसडीएम तथा खंड विकास अधिकारी से संपर्क करते हुए प्रत्येक सप्ताह मीटिंग करते हुए आने वाली बाधाओं को तत्काल दूर करें। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सर्वप्रथम जहां पर भी 90ः से ऊपर कार्य पूर्ण हो चुके हैं उसे तत्काल शतप्रतिशत कार्य पूर्ण कराया जाए। बैठक के दौरान अधिशासी अभियंता जल निगमए जिला सूचना अधिकारी तथा संबंधित विभाग अधिकारीएकर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

## विजयादशमी पर आरएसएस का पथ संचलन

संतकबीरनगर। राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ के तत्वावधान में आगामी 22, अक्टूबर दिन रविवार को विजयादशमी उत्सव के अवसर पर पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। यह जानकारी राजेश प्रकाश मिश्र (मल्लू बाऊ) ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दिया है। उन्होंने बताया कि संघ का पथ संचलन जूनियर हाईस्कूल खलीलाबाद से प्रारम्भ होकर बरदहिया बाजार में सम्पन्न होगा। जहॉ आये हुए अतिथियों का सम्बोधन किया जायेगा। उन्होंने संघ के कार्यकर्ताओं से अपील किया है कि पथ संचलन में प्रतिभाग कर सफल बनाये।

## फेस्टिव ऑफर की घोषणा

लखनऊ। भारत में क्रेडिट कार्ड जारी करने के एकल व्यवसाय का संचालन करने वाली सबसे बड़ी कंपनीए एसबीआई कार्ड ने फेस्टिव सीजन 2023 के तहत देश भर में अपने सभी कार्डधारकों के लिए कई रोमांचक ऑफर की घोषणा की है। इस घोषणा के बादए अब लाखों एसबीआई कार्ड ग्राहक लगभग 2200 मर्चेंट फंडेड और कैशबैक ऑफर का लाभ उठा सकते हैंए जिसके तहत टियर 2 और टियर 3 सहित प्रमुख शहरों में ऑनलाइन और ऑफलाइन मर्चेंट से खरीदारी करने पर कैशबैक का ऑफर दिया जा रहा है। इस ऑफर के दायरे में उपभोक्ता सामानए मोबाइलए लैपटॉपए फैशनए फर्नीचरए आभूषण और किराना सहित सभी लोकप्रिय कैटेगरी को शामिल किया गया है। ग्राहकों के लिए बड़ी खरीदारी को आसान व सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य सेए एसबीआई कार्ड ने कई प्रमुख ब्रांडों के साथ मिलकर ईएमआई पर आधारित कई ऑफर की पेशकश की है। फेस्टिव ऑफर 2023 के तहतए एसबीआई कार्ड की ओर से ग्राहकों को 600 से अधिक राष्ट्रीय स्तर के ऑफर के साथ.साथ 1500 से ज्यादा क्षेत्रीय एवं हाइपरलोकल ऑफर दिए जा रहे हैंए जो 15 नवंबर 2023 तक मान्य होंगे।

## कुल 86 मामले आये, छह का मौके पर निस्तारण

ऊंचाहार रायबरेली जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने समाधान दिवस के अवसर पर तहसील ऊंचाहार में लोगों की समस्याएं सुनी। उनके सामने बिजली, पानी, सड़क, सुरक्षा, स्वास्थ्य, पेंशन और जमीनी विवाद से संबंधित मामले आए। उन्होंने समस्याओं का संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनता की समस्याओं को प्राथमिकता पर सुना जाए और उसका त्वरित निस्तारण किया जाए। भूमि विवाद जैसे मामले में राजस्व और पुलिस विभाग की टीम मौका मुआयना करने के उपरांत समस्या को निस्तारित करे। इस बात का खास ख्याल रखा जाए कि विवादों का निस्तारण करते समय दोनों पक्षों की बात अवश्य सुनी जाए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, मुक्त चिकित्सा अधिकारी डॉ. वीरेंद्र सिंह एसडीम ऊंचाहार के अतिरिक्त सभी विभागों के अधिकारी गण का उपस्थित थे।

## गोकना घाट मूर्ति विसर्जन स्थल का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

ऊंचाहार रायबरेली जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी के साथ शारदीय नवरात्रि पर्व के अवसर पर मूर्ति विसर्जन स्थल गोकना घाट का निरीक्षण कर जायजा लिया।इस दौरान वहां पर उन्होंने साफ़सफाई की व्यवस्था देखी। साथ ही एसडीम ऊंचाहार को निर्देश दिया कि मूर्ति विसर्जन के दिन घाट पर सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था रखी जाए। घाट पर बैरिकेडिंग करके लोगों को गहरे पानी में जाने से रोका जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि मूर्ति विसर्जन के दिन इस बात का ध्यान रखा जाए कि लोग नदी में प्लास्टिक, थर्माकोल, प्लास्टर ऑफ पैरिस जैसे हानिकारक प्रदूषण फैलाने वाले पदार्थो को नदी में प्रवाहित न करें।



**खलीलाबाद शहर के प्राचीन समय माता मंदिर पर शनिवार को महाआरती में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी। महाआरती में जनप्रतिनिधि सहित सभ्रान्त नागरिक और पुलिस अधीक्षक भी सपरिवार उपस्थित थे। समय माता महारानी मंदिर समिति के आयोजकों ने सकुशल महाआरती कार्यक्रम सम्पन्न कराया**

## भइया फिर गुस्सा

भइया फिर नाराज हो गए। आखिर भइया करें क्या, ये पंजा वाले मानते ही नहीं हैं। भईया याराना के लिए इतने प्यार से दोस्ती का हाथ बढ़ाते हैं और ये हैं की हर बार दगा दे देते हैं। भइया ने सही इन्हें चिरकुट कहा है। 2017 यूपी विधानसभा चुनाव में इनसे दोस्ती की थी और एक स्वर में कहा था 'यूपी को यह साथ पसंद है' क्या पता था ये साथ वाले हाथ छुड़ा कर किनारे हो लेंगे और हम जहां के तहां रहे जायेंगे। मध्य प्रदेश चुनाव आया। भइया ने फिर दोस्ती का हाथ बढ़ाया। अभी तो चुनाव शुरू भी नहीं हुआ है कि हाथ के पंजे वालों ने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया। ऐसे में तो भइया को गुस्सा आ ही जायेगा। फिर तो भइया कुछ भी कह सकते हैं। चिरकुट कहा तो क्या हुआ। उन्होंने भी तो वखलेश कह कर भइया का अपमान किया है। चलो कोई बात नही, ये तो राजनीति है यहां मान, सम्मान, अपमान कुछ नहीं होता। आज विचारों की तकरार है, कल फिर हाथ में हाथ डाल कर घूमेंगे।






## आखिरी मौका

चिकित्सा संस्थान का ध्यान आजकल उन छात्रों पर टिका हुआ है, जो आए तो थे पढ़ने पर अब उनके बेटे की शादी के दिन आ चुके हैं। कहने का मतलब एक ही क्लास में इतने साल से पढ़ाई कर रहे हैं कि पढ़ते-पढ़ते शादी भी हो गई, बच्चे भी हो गए और अब उनके बच्चों की शादी के दिन आ गए हैं। पर ये हैं कि एक क्लास से आगे नही बढ़ पा रहे हैं। ऐसे इनकी खोज पिछले दिनों जनरल साहब के आदेश पर की गई है। कुल मिलाकर 37 लोग मिले हैं। अब डूबते को तिनके का सहारा, सो इनके डूबते कैरियर को बचाने के लिए संस्थान ने एक और मौका देने का निर्णय लिया है। पिछले दिनों छात्रों संग बैठक में संस्थान ने कहा कि या तो पास हो जाएं या फिर घर चले जाएं। संस्थान पर इतना मेहरबानी तो जरूर करें। अब ऐसे छात्रों के लिए यह आखिरी मौका है कुछ कर गुजरने का।

## पुरानी पार्टी में नया बदलाव

देश की सबसे पुरानी पार्टी के सूबाई दफ्तर की रंगत इधर कुछ बदली-बदली नजर आ रही है। जब से नए कमांडर ने चार्ज संभाला है तबसे पुराने सूबेदार फिर से सक्रिय हो गए हैं। यही नहीं इस नवरात्र में यहां पर एक आश्चर्यजनक परिवर्तन देखने को मिला। अभी तक पार्टी जिन कार्यक्रमों से दूरी बनाकर रखती थी, नए कमांडर न सिर्फ उनमें जोर-शोर से शामिल होते हैं बल्कि अभी उन्होंने अपने दफ्तर में बाकायदा कन्या पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया। उन्होंने कन्याओं के पांव पखारें, आरती उतारी और उन्हें दक्षिणा और उपहार भेंट किए। उन्होंने अपने दफ्तर में बाबा विश्वनाथ की तस्वीर भी लगा रखी है। जानकारों का कहना है कि यह सब कुछ यूं ही नहीं हो रहा इसके पीछे 2024 का चुनाव है। सूबे में अपना जनाधार खो चुकी पार्टी को नए कमांडर हिन्दुत्व के जरिए फिर से उबारना चाहते हैं। इसी ख्वाइश में वह लगातार हिन्दुत्व के एजेंडे को धार देने में जुटे हुए हैं।



# मुख्यमंत्री ने महाअष्टमी व महानवमी पर दी बधाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने शारदीय नवरात्र में महाअष्टमी एवं महानवमी के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जगत की समस्त व्यवस्थाओं को आदिशक्ति भगवती संचालित करती हैं। इनके अनंत रूप हैं। आदिशक्ति प्रधान नौ रूपों में नवदुर्गा बनकर चराचर जगत पर अपनी करुणा की वर्षा करती हैं। नवरात्र में मां के इन नौ रूपों का पूजन श्रद्धा एवं भक्तिभाव से किया जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवरात्र में मां दुर्गा की आराधना मातृशक्ति के प्रति सनातन परम्परा के सम्मान का प्रतीक है। इसी क्रम में नवरात्र में महाअष्टमी एवं महानवमी पर भक्तगण कन्या पूजन करते हैं। नवरात्र का पर्व केवल व्रत और उपवास का नहीं, बल्कि नारी शक्ति और कन्याओं के सम्मान का भी पर्व है। यह पर्व मातृशक्ति के प्रति भारत की भावना का प्रभावी प्रतिनिधित्व करता है। आइए, इस अवसर पर आध्यात्मिक साधना के साथ ही, नारी गरिमा की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के प्रतीक स्वरूप मिशन शक्ति के चतुर्थ संस्करण को सफल बनाएं।

# तीन दिन सीएम योगी अनुष्ठान व आराधना में रहेंगे लीन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ गोरखपुर

**शारदीय** नवरात्र में शक्ति की भक्ति में तरंगित गोरक्षपीठ रविवार से मंगलवार तक लगातार तीन दिन विशेष आनुष्ठानिक कार्यक्रमों के लिए तैयार है। इन तीन दिनों तक मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ विविध अनुष्ठान व आराधना में लीन रहेंगे।

गोरक्षपीठाधीश्वर रविवार (22 अक्टूबर) को नवरात्र की अष्टमी तिथि में विधि विधान से महानिशा पूजन व हवन कर लोक मंगल की प्रार्थना करेंगे। उल्लेखनीय है कि नवरात्र के प्रथम दिन गोरखनाथ मंदिर के मठ के प्रथम तल पर स्थित शक्ति मंदिर में सीएम योगी ने कलश स्थापना की थी। अष्टमी की रात वह यहीं आदिशक्ति की आराधना कर महानिशा पूजन करेंगे। नाथ संप्रदाय की परंपरा के अनुसार अष्टमी की रात में सात्विक बलि देकर विशेष हवन किया जाता है। सोमवार (23 अक्टूबर) को सुबह 8.30 बजे से मातृ शक्ति के प्रति श्रद्धा व सम्मान के प्रतीक के रूप में कन्या पूजन का अनुष्ठान होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कन्या पूजन कर मातृ शक्ति के प्रति गोरक्षपीठ की परंपरा को आगे बढ़ाएंगे। गोरक्षपीठाधीश्वर नौ दुर्गा स्वरूपा नौ कुंवारी कन्याओं के पांव पखारेंगे, उनके माथे पर रोली, चंदन, दही, अक्षत का तिलक लगा विधि विधान से पूजन करेंगे। पूरी श्रद्धा से भोजन कराकर दक्षिणा व उपहार देकर उनका आशीर्वाद भी लेंगे। इस दौरान परंपरा के अनुसार बटुक पूजन भी किया जाएगा। जबकि मंगलवार (24 अक्टूबर) को गुरु गोरक्षनाथ के विशिष्ट पूजन व गोरक्षपीठाधीश्वर के तिलकोत्सव के बाद सायंकाल विजयदशमी की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। जाति, पंथ का भेदभाव मिटाकर सामाजिक समरसता की स्थापना और लोक कल्याण ही गोरक्षपीठ का ध्येय हैए और यही नाथपंथ के इस विश्व प्रसिद्ध पीठ की पहचान भी। सामाजिक समरसता की एक बड़ी नजीर प्रतिवर्ष विजयादशमी के अवसर पर निकलने वाली गोरक्षपीठाधीश्वर की परंपरागत शोभायात्रा में भी देखने को मिलती है। इस शोभायात्रा में हर वर्ग के लोग तो शामिल होते ही हैं, इसका अल्पसंख्यक समुदाय (मुस्लिम व बुनकर समाज) के लोगों द्वारा भव्य स्वागत भी किया जाता है। गोरक्षपीठ ने कभी भी किसी को जाति या मजहब के चश्मे से नहीं देखा। मंदिर परिसर में अल्पसंख्यक समुदाय के ऐसे दुकानदार बहुतायत में हैं जो पीढ़ियों से यहीं रोजी रोजगार में रत हैं। सांसद के रूप में योगी आदित्यनाथ रोजाना सुबह फरियादियों की समस्याओं का समाधान कराते थे तो उसमें बहुत सारे अल्पसंख्यक समुदाय के पुरुष-महिलाओं की होती थी। आज भी जब यहां सीएम का जनता दर्शन कार्यक्रम होता है तो भी यह नजारा देखने को मिलता है। दशहरे के दिन गोरखनाथ मंदिर की विजयादशमी शोभायात्रा का इंतजार तो पूरे शहर को होता है लेकिन सबसे अधिक उत्साह अल्पसंख्यक समुदाय के उन लोगों में दिखता है जो मंदिर के मुख्य द्वार से थोड़ी दूर घंटों पहले फूलमाला लेकर गोरक्षपीठाधीश्वर के स्वागत को खड़े रहते हैं। गोरक्षपीठाधीश्वर का काफिला जब यहां रुकता है तो सामाजिक समरसता की वह तस्वीर विहंगम होती है। परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी विजयादशमी के दिन मंगलवार सायंकाल गोरखनाथ मंदिर से गोरक्षपीठाधीश्वर की शोभायात्रा धूमधाम से निकाली जाएगी। पीठाधीश्वर गुरु गोरक्षनाथ का आशीर्वाद लेकर अपने वाहन में सवार होंगे। तुरहीए नगाड़े व बैंड बाजे की धुन के बीच गोरक्षपीठाधीश्वर की शोभायात्रा मानसरोवर मंदिर पहुंचेगी। यहां पहुंचकर गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ गोरक्षपीठ से जुड़े मानसरोवर मंदिर पर देवाधिदेव महादेव की पूजा अर्चना करेंगे। इसके बाद उनकी शोभायात्रा मानसरोवर रामलीला मैदान पहुंचेगी। यहां चल रही रामलीला में वह प्रभु श्रीराम का राजतिलक करेंगे। इसके साथ ही प्रभु श्रीराम, माता जानकी, लक्ष्मण व हनुमानजी का पूजन कर आरती भी उतारी जाएगी। यही नहीं विजयादशमी के दिन गोरखनाथ मंदिर में होने वाले पारंपरिक तिलकोत्सव कार्यक्रम में गोरक्षपीठाधीश्वर श्रद्धालुओं को आशीर्वाद भी देंगे। विजयादशमी के दिन शाम को गोरखनाथ मंदिर में परंपरागत भोज का भी आयोजन होगा जिसमें अमीर-गरीब और जाति-मजहब के विभेद से परे बड़ी संख्या में सर्वसमाज के लोग शामिल होते हैं। गोरक्षपीठ में विजयादशमी का दिन एक और मायने में भी खास होता है। इस दिन यहां संतों की अदालत लगती है और दंडाधिकारी की भूमिका में होते हैं गोरक्षपीठाधीश्वर। नाथपंथ की परंपरा के अनुसार हर वर्ष विजयादशमी के अवसर पर गोरखनाथ मंदिर में पीठाधीश्वर द्वारा संतों के विवादों का निस्तारण किया जाता है।

# विरासत व अतीत को भुला कर विकास की बुलंदिया नहीं छू सकता कोई समाज

### मुख्यमंत्री ने किया नौसेना शौर्य संग्रहालय निर्माण कार्य परियोजना का भूमि पूजन व शिलान्यास किया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज लखनऊ और प्रदेश के लिए ऐतिहासिक क्षण है। यहां आदिगंगा गोमती नदी के तट पर नौसेना शौर्य संग्रहालय की स्थापना की नींव रखी गयी है। 34 वर्षों तक भारतीय नौसेना की क्षमता में अभिवृद्धि कर उसकी सामरिक स्थिति को सुदृढ़ करने वाले आईएनएस गोमती को अधिसूचित किए जाने पर यह नौसेना शौर्य संग्रहालय का हिस्सा बनने जा रहा है। हमारे लिए यह गौरव का क्षण है। यह संग्रहालय भारत के शौर्य और पराक्रम का माध्यम बनेगा। इससे हमारी युवा पीढ़ी को भारतीय नौसेना के बारे में जानने का अवसर प्राप्त होगा।

मुख्यमंत्री शनिवार को सीजी सिटी में नौसेना शौर्य संग्रहालय निर्माण कार्य परियोजना का भूमि पूजन तथा शिलान्यास करने के उपरान्त इस अवसर पर आयोजित समारोह में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। समारोह में इंडियन नेवल बैंड की प्रस्तुति तथा वन्दे मातरम का गायन किया गया। मुख्यमंत्री ने सभी को शारदीय नवरात्रि तथा विजयादशमी की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने परियोजना स्थल पर वृक्षारोपण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि नौसेना शौर्य संग्रहालय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत को गति प्रदान करने का माध्यम बनेगा। यह भारतीय नौसेना की बढ़ती ताकत का प्रतीक भी बनेगा। अपनी विरासत और अतीत को विस्मृत कर कोई भी समाज और राष्ट्र विकास की बुलन्दियों को नहीं छू सकता है। अतीत सदैव व्यक्ति और समाज के साथ चलता है। अतीत के गौरवशाली क्षण हमें नई प्रेरणा प्रदान करते हैं और हमारा पथ प्रदर्शन करते हैं। यह हमें आगे बढ़ने का अवसर भी देते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नौसेना शौर्य संग्रहालय परियोजना स्थल के बगल में ही 64 एकड़ का वेटलैंड है। इस वेटलैंड के विकास के लिए पर्यटनए सिंचाई तथा वन विभाग मिलकर कार्यक्रम आगे बढ़ाएंगे। इसके साथ ही, उत्तर प्रदेश के वह जवान जिन्होंने देश की आजादी के बाद विभिन्न युद्धों में सीमाओं की सुरक्षा करते हुएए देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए और विभिन्न राज्यों में कानून व्यवस्था की बेहतर स्थिति की स्थापना के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया, उनकी स्मृतियों को बनाए रखने के लिए प्रदेश में एक स्मारक की स्थापना का कार्य भी सरकार आगे बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आईएनएस गोमती के गौरव और गरिमा के अनुरुप पूरी प्रतिबद्धता से शौर्य संग्रहालय बनाने में मदद करेगी। उत्तर प्रदेश इस दृष्टि से समृद्ध राज्य है कि यहां पर्याप्त जल संसाधन मौजूद हैं। प्रदेश की नदियों की सम्भावनाओं को देखते हुए उत्तर प्रदेश में स्टेट वॉटर.वे अथॉरिटी के गठन की कार्यवाही को आगे बढ़ाया जा रहा है, जिससे यहां जल परिवहन की सम्भावनाओं का बेहतर उपयोग किया जा सके। देश का पहला इनलैण्ड वॉटर-वे वाराणसी से हल्दिया के बीच शुरू हो गया है। यह वर्तमान में पूर्णतः क्रियाशील है। प्रधानमंत्री ने इसके माध्यम से उत्तर प्रदेश को लैंड लॉक्ड स्टेट की छवि से मुक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दक्षिण कोरिया अपनी टेक्नोलॉजी के लिए जाना जाता है। वहां के राजघराने की मान्यता है कि उनकी दादी मां अयोध्या की राजकुमारी थीं। अयोध्या में उन्हें राजकुमारी रत्ना तथा दक्षिण कोरिया में क्वीन हो के रूप में जाना जाता है। उनकी स्मृतियों के लिए अयोध्या में एक स्मारक बनाया गया है। आज से 2000 वर्ष पूर्व राजकुमारी रत्ना अयोध्या से जल मार्ग के माध्यम से ही दक्षिण कोरिया पहुंची थी। यह दर्शाता है कि 2000 वर्ष पूर्व भी उत्तर प्रदेश का सम्बन्ध जल मार्ग से था। मुख्यमंत्री ने कहा कि समुद्र में कार्य करने का भारत का अनुभव बहुत पुराना है। भगवान श्रीकृष्ण की द्वारिका समुद्र के अन्दर ही बनी थी। भगवान श्रीकृष्ण ने आज से 5 हजार वर्ष पूर्व जल परिवहन तथा नौकाओं के बेड़े के माध्यम से द्वारिका को सबसे समृद्ध नगरी के रूप में स्थापित किया था। भगवान श्रीराम ने लंका जाने के लिए सेतुबन्ध का निर्माण कर दिया था। इस अवसर पर विधायक राजेश्वर सिंह, नीरज बोरा, योगेश शुक्ल, अमरेश कुमार, लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, पश्चिमी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफि सर कमाण्डिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी, सेन्ट्रल कमाण्ड के जनरल ऑफिसर कमाण्डिंग-इन-चीफ ले. जनरल एनएस राज सुब्रमनी प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री, गृह एवं सूचना संजय प्रसाद, प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम, नौसेना के अधिकारी तथा कैडेट्स उपस्थित थे।

# 107 युवाओं को मिला रोजगार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजकीय** आईटीआई अलीगंज में आयोजित रोजगार दिवस का उद्घाटन प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने किया। इस मौके पर अभ्यर्थियों को कम्पनियों में मेहनत एवं लगन से काम करने के लिए प्रेरित किया गया।

ट्रेनिंग काउंसिलिंग एण्ड प्लेसमेंट आफिसर एमए खां ने बताया कि रोजगार दिवस में आई हुई कम्पनियों द्वारा जॉब लिए 107 अभ्यर्थियों को 10000 से 20000 रुपये प्रतिमाह के वेतन पर रोजगार एवं अन्य सुविधाएं जैसे उपस्थिति पुरस्कार, फ्री कैन्टीन एवं फ्री ट्रांसपोर्ट की सुविधा के साथ जॉब के आफर दिये गये तथा यह भी कहा कि जो अभ्यर्थी रोजगार दिवस में चयन से वंचित रह गये है वे अभ्यर्थी 31 अक्टूबर 2023 को राजकीय आईटीआई अलीगंज, लखनऊ में होने वाले रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं।

# प्रदेश में महंगाई, बेरोजगारी व अत्याचार चरम पर: अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में महंगाई, बेरोजगारी अन्याय और अत्याचार चरम पर है। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी ही भाजपा का मुकाबला कर सकती है। इसीलिए भाजपा सरकार सबसे ज्यादा अन्याय और अत्याचार समाजवादी पार्टी के नेताओं पर कर रही है। भाजपा से हर मुकाबले के लिए समाजवादियों को तैयार रहना होगा।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार उद्योगपतियों के लिए काम कर रही है जबकि समाजवादियों ने आम जनता, किसानों, नौजवानों के लिए काम किया। इसका उदाहरण समाजवादी सरकार में बना आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे और इस सरकार में बन रहा गंगा एक्सप्रेस वे हैं। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे से प्रतिदिन एक करोड़ रूपया सरकार के खजाने में आ रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि आज भाजपा के पास बढ़ती महंगाई का कोई जवाब नहीं है। भाजपा महंगाई रोकने में पूरी तरह विफल है। हर चीज की कीमत बढ़ा दी है। इसका मुनाफा उद्योगपतियों की जेब में जा रहा है। अगर सिर्फ डीजल और पेट्रोल में महंगाई की बात करे तो याद कीजिए 2014 में कीमत क्या थी और अब कितनी ज्यादा बढ़ गयी है। खाने-पीने और सभी जरूरत की दूसरी चीजों में भी भाजपा ने महंगाई बढ़ा दी। महंगाई इसलिए बढ़ाई जिससे उसके मित्र उद्योगपतियों को मुनाफा हो। अखिलेश ने कहा कि भाजपा किसान विरोधी है। एक तरफ महंगाई बढ़ाकर उद्योगपतियों को मुनाफा करा रही है लेकिन किसानों को गेंहू और धान का लागत मूल्य भी नहीं दिला रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि आज पूरा उत्तर प्रदेश डेंगू बुखार और संक्रामक बीमारियों की चपेट में है। उन्होंने कहा कि इस सरकार में सबसे ज्यादा अन्याय का सामना समाजवादी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को करना पड़ रहा है।

# किसानों से संपर्क व संवाद कर भाजपा को शक्तिशाली बनाना है: धर्मपाल सिंह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि भारत कृषि प्रधान देश है। कृषि एवं ऋषि की व्यवस्था के कारण भारत महानतम देश रहा है। किसान मोर्चा के सभी कार्यकर्ताओं को शत् प्रतिशत किसानों से सम्पर्क, संवाद तथा सम्बन्ध स्थापित कर भारतीय जनता पार्टी को शक्तिशाली बनाना चाहिए। धर्मपाल सिंह ने यह बात शनिवार को किसान मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारियों एवं क्षेत्रीय अध्यक्षों, महामंत्रियों की बैठक में कही। भाजपा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल ने मोर्चा के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में वोटर चेतना महा.अभियान चल रहा है। इसमें पूरी शक्ति लगाकर नौ जवानों और किसानों से सम्पर्क करके चुनाव आयोग की तिथियों के द्वारा मतदाता बनाने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वोटर चेतना अभियान के माध्यम से किसान मोर्चा एक-एक किसान की दहलीज और खेत खलिहान तक पहुंचेगा। भाजपा की परम्परा में सतत सम्पर्क व संवाद है। जो पार्टी को सर्वव्यापी, सर्वस्पर्शी बनाता है। पार्टी के विभिन्न कार्यक्रम व अभियान भाजपा के अनुशासित कार्यकर्ताओं का लगातार जनता से सम्पर्क व संवाद का माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 50 हजार ग्राम समितियों के 5 लाख से अधिक कार्यकर्ताओं के बीच केन्द्र व प्रदेश की किसान हितैषी नीतियों को पहुंचाने का काम करना है। धर्मपाल सिंह ने कहा कि 27 अक्टूबर को मतदाता सूची का ड्राफ्ट चुनाव आयोग द्वारा प्रकाशित किया जाएगा। 29 अक्टूबर को मन की बात कार्यक्रम सुनने के पश्चात् पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, सांसद, विधायक से लेकर सभी जनप्रतिनिधि घर-घर सम्पर्क कर मतदाता पुनरीक्षण के कार्य में जुटेगें।

# प्रदेश में विद्युत व्यवस्था को सुधारने के लिए हो रहा सबसे बड़ा निवेश

### आरडीएसएस स्कीम के तहत 65 हजार करोड़ से ज्यादा के कार्यों का प्रस्ताव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश के विद्युत ढांचे को और बेहतर बनाने के लिए योगी सरकार प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। विद्युत व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिए भारत सरकार द्वारा संचालित रिवैम्प डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) के तहत प्रदेश में आजादी के बाद से सबसे बड़ा निवेश किया जा रहा है। इसी क्रम में 65 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के कार्यों का प्रस्ताव अक्टूबर में अनुमोदन के लिए प्रेषित किया जाना है। इसमें 60 प्रतिशत राशि केंद्र सरकार से तो शेष 40 प्रतिशत राशि राज्य सरकार द्वारा वहन की जाएगी। योजना के पूर्ण होने के बाद प्रदेश की विद्युत व्यवस्था का स्वरूप पूरी तरह व्यवस्थित हो जाएगा। इससे उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता युक्त निर्बाध विद्युत प्राप्त होगी।

प्रदेश की विद्युत व्यवस्था बेहतर हो इसके लिए विद्युत इंफ्रास्ट्रक्चर का बेहतर होना आवश्यक है। इसी लक्ष्य को लेकर योगी सरकार ने आरडीएसएस को व्यापक स्तर पर प्रदेश में लागू किया है। इस योजना की कार्यान्वयन अवधि 2021-22 से 2025-26 तक है। इसके तहत वर्ष 2024-25 तक वितरण हानियों को 12-15 प्रतिशत तक लाने का लक्ष्य है। योजना के अंतर्गत प्रदेश में विद्युत तंत्र के आधुनिकीकरण के लिए 65457.20 करोड़ के कार्यों का प्रस्ताव अक्टूबर 2023 में अनुमोदन के लिए प्रेषित किया जाना है। इसमें प्रस्तावित धनराशि का 60 प्रतिशत 39274.32 करोड़ भारत सरकार से अनुदान स्वरूप तथा शेष 40 प्रतिशत 26182.88 करोड़ का वित्त पोषण राज्य सरकार एवं वितरण निगम द्वारा किया जाएगा। आधुनिकीकरण के प्रस्तावित मुख्य कार्यों में 1175 नग नए 33/11 केवी उपकेंद्रों का निर्माणए 2002 नग 33/11 केवी उपकेंद्रों की क्षमता वृद्धि, लगभग 22 हजार किमी नई 33 केवी लाइनों का निर्माणए 115704 वितरण परिवर्तकों की स्थापनाए लगभग 44 हजार किमी 11 केवी लाइन का निर्माणए लगभग 57 हजार किमी एलटी लाइन का निर्माणए 151576 वितरण परिवर्तकों की क्षमतावृद्धि का कार्य तथा शहरी क्षेत्र में 17 नग स्काडा एवं डीएमएस का कार्य किया जाना है।

योजना के प्रमुख कार्यों में वितरण हानियों को कम करने के कार्य और लॉस रिडक्शन स्मार्ट मीटरिंग एवं विद्युत तंत्र के आधुनिकीकरण के कार्य सम्मिलित हैं। विद्युत तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं वितरण हानियों को कम करने के लिए भारत सरकार द्वारा कुल 16498.51 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है जिसमें स्वीकृत धनराशि का 60 प्रतिशत यानी 9899.17 करोड़ रुपए भारत सरकार द्वारा अनुदान स्वरूप तथा शेष 40 प्रतिशत 6599.44 करोड़ रुपए का वित्त पोषण राज्य सरकार एवं वितरण निगम द्वारा किया जाएगा। लॉस रिडक्शन के मुख्य कार्यों में उपभोक्ताओं को संयोजन निर्गत करने में 271 लाख किमी आर्मर्ड केबलिंग का उपयोगए एक्सएलपीई आर्मर्ड केबल से 15 हजार किमी एलटी लाइन का निर्माण, 1.18 लाख किमी एबी केबल से खुले तारों की एलटी लाइन की प्रतिस्थापना और 35 हजार किमी 11 केवी लाइनों का विस्तार एवं सुदृढीकरणए 16 हजार किमी 11 केवी फीडर विभक्तीकरण का कार्य किए जाने हैं।

इसके अतिरिक्त प्रदेश में कुल 2.69 करोड़ उपभोक्ताओं के परिसरों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर की स्थापनाए वितरण परिवर्तकों पर कुल 15.26 लाख स्मार्ट मीटरों की स्थापना तथा 20874 नग फीडरों पर स्मार्ट मीटर की स्थापना किया जाना है। मीटरिंग के कार्य के लिए भारत सरकार द्वारा कुल 18885.48 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान गई है, जिसमें स्वीकृत धनराशि की 15 प्रतिशत धनराशि यानी 2832.82 करोड़ अनुदान स्वरूप तथा शेष 16052.66 करोड़ का वित्त पोषण राज्य सरकार एवं वितरण निगम द्वारा किया जाएगा।

# काशी की देव दीपावली को रौशन करेंगे गोरखपुर के 'हवन दीप'

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**देवाधिदेव** महादेव के त्रिशूल पर पतित पावनी गंगा के किनारे बसी काशी। इसका शुमार दुनिया के प्राचीनतम नगरों में होता है। कहा गया है काशी तीनों लोकों से न्यारी है। काशी ही नहीं यहां की हर चीज बाकी जगहों से न्यारी है। लोगए अड़ीए होली और दीपावली भी। यूं तो काशी वर्ष पर्यंत उल्लसित रहती है पर यहां के कुछ आयोजन बेहद विशिष्ट माने जाते हैं। इन्हीं में से एक है 'देव दीपावली' जिसका आयोजन दीपावली के बाद होता है। काशी में 'देव दीपावली' के खास अवसर पर इस बार कुछ रौशनी और ढेर सारी खुशबू मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह जनपद गोरखपुर के 'हवन दीपों' की भी होगी।

ये 'हवन दीप' देशी गाय के गोबर से से बन रहे हैं। इसके लिए सिद्धि विनायक वूमेन स्ट्रेंथ सोसाइटी की संगीता पांडेय को प्रदेश के एमएसएमई विभाग की ओर से संचालित यूपी डिजाइन एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट की ओर से ऑर्डर मिला है। हवन दीप देशी गाय के गोबर से ही क्योंघ् इस सवाल पर संगीता का कहना है कि विदेशी नस्ल की गायों की गोबर की तुलना में देशी का गोबर टाइट होने की वजह से इसे शेप ;आकारद्ध देना आसान होता है। इस समय गोरखपुर से सटे गुलरिहा गांव की करीब 50 महिलाएं हवन दीपों को अपने हुनरमंद हाथों से आकर देने में जुटीं हैं। हवन दीप पूरी तरह प्रदूषण मुक्त होता है। जलने के बाद राख को छोड़ इससे कोई अपशिष्ट बचता ही नहीं। इसे बनाने के लिए पहले देशी गाय का गोबर एकत्र कर उसमें अगरबत्ती को सुगंधित करने वाला इसेंस डाला जाता है। फिर गोबर को खूब सानकर उसे कफ सिरप के आकार के ऊपर से कटी शीशी के चारो लपेटा जाता है। सूखने पर शीशी को गोबर से अलग कर देते हैं। फिर इसमें हवन में प्रयोग की जाने वाली सारी सामग्री ;सुपारीए जौए तिलए देशी घीए गुग्गुल आदिद्ध डालकर लोहबान से लॉक कर दिया जाता है। ऊपर से आसानी से जलने के लिए कुछ कपूर रख दिया जाता है। ये सारी चीजें रौशनी और खुशबू देने के बाद राख में तब्दील हो हो जाती हैं। बकौल संगीता पांडेय करीब तीन हफ्ते पहले एक ऑर्डर के तहत वह 5000 हवन दीप अमेरिका भी भेज चुकीं हैं। विदेशों से और भी ऑर्डर हैं। परए संगीता का कहना है कि मेरे लिए पहले अपना उत्तर प्रदेश और देश सर्वोपरि है। क्यों के सवाल पर उनका जवाब था कि जिस तरह योगी जी के मुख्यमंत्री बनने के बाद हमारे पर्व और त्योहार जीवंत हो उठे उसे और जीवंत करने में अगर मुझे कोई मौका मिलता है तो यह मेरा सौभाग्य। फिर मैं गोरखपुर से हूं। यहां के हर किसी के लिए गोरक्षपीठ शक्ति, ऊर्जा का केंद्र है। मेरे लिए भी। योगी जी सिर्फ मुख्यमंत्री ही नहीं इस पीठ के पीठाधीश्वर भी हैं। उनके किसी काम में किंचित भूमिका भी मेरे लिए मायने रखती है।

उल्लेखनीय है कि संगीता पांडेय ने बच्चों और परिवार के बेहतर भविष्य के लिए कुछ साल पहले मात्र 1500 रुपये से पैकेजिंग का काम शुरू किया था। आज उन्हें सफल महिला उद्यमियों में शामिल किया जाता है। हाल ही में उन्होंने ग्रेटर नोएडा के एक्सपो में भी अपने प्रोडक्ट्स के साथ प्रतिभाग किया था। उनको स्थानीय और प्रदेश स्तर पर कई सम्मान भी मिल चुके हैं।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस पर डीएम ने फरियादें सुनीं

## ●समस्या निस्तारण को भेजी पुलिस व राजस्व टीमें





**लखीमपुर खीरी।** आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में जिले की सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। तहसील निघासन के सभागार में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने एसपी गणेश प्रसाद साहाए सीडीओ अनिल कुमार सिंहए सीएमओ डॉ संतोष गुप्ताए पीडी एसएन चौरसियाए डीडीओ दिनकर विद्यार्थी व अन्य अधिकारियों ने आये हुए फरियादियों के समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए गए ।डीएम ने समाधान दिवस में आए फरियादियों से समस्याओं की सुनवाई की। डीएम ने कई मामलों में समस्या निस्तारण को पुलिस व राजस्व टीमें भेजी। डीएम ने मामलों के समाधान को सम्बन्धित अफसरों को जरूरी हिदायतें दीं। जनसमस्याओं का निस्तारण मुख्यमंत्री व शासन की प्राथमिकता है। सभी अधिकारी जनसमस्याओं के निस्तारण की गुणवत्ता व समयबद्धता पर विशेष ध्यान दें। आने वाले फरियादियों के समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवायी कर उसका समयबद्धता से निस्तारण सुनिश्चित कराये ताकि फरियादी को अनावश्यक रूप से भाग.दौड़ न करनी पड़े। समस्याओं के निस्तारण की कार्यवाही पर इस बात पर विशेष ध्यान रखा जाय कि निस्तारण की कार्यवाही से फरियादी भी संतुष्ट दिखे। डीएम की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 99 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत कियेए जिसमें 05 शिकायत का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 42, पुलिस 21, नगर निकाय 05, विद्युत 06, बैंक 2, विकास 14, आपूर्ति 05, स्वास्थ्यए निबन्धनए दिव्यांगजनए गन्ना 01.01 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिन्हें पृष्ठाकिंत कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया। इस दौरान मुख्य रूप से एसडीएम अश्वनी कुमार सिंहए डीडीओ दिनकर विद्यार्थीए पीडी एसएन चौरसियाए सीओ राजेश कुमारए तहसीलदार भीमसेन सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। मोहम्मदी तहसील सभागार मे उपजिलाधिकारी अवनीश कुमार की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ एजिसमें कुल 32 शिकायतें प्राप्त हुई दिन में सात का मौके पर देखा है किया गया शिकायतों में प्रमुख रूप से सबसे अधिक राजस्व की 13,बिकास की 05,पुलिस की तीनएविझुत की 06, पूर्ति पुलिस और कृषि विभाग की दो दो शिकायत आई संपूर्ण समाधान दिवस में पुलिस उपाध्यक्ष अरविंद कुमार वर्मा एतहसीलदार नीलम तिवारीएप्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# संपूर्ण सुपोषण अभियान : डीएम-एसपी ने सैम श्रेणी के 3 बच्चों को बाटी सुपोषण किट




**लखीमपुर खीरी।** तहसील निघासन में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर डीएम महेंद्र बहादुर सिंहए एसपी गणेश प्रसाद साहा व सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने अभिनव पहल ष्संपूर्ण सुपोषण अभियानष् के तहत सैम श्रेणी अति कुपोषित के 03 बच्चों को न केवल दुलारा बल्कि उनके अभिभावकों सुपोषण किट प्रदान की।डीएम ने कहा कि आज प्रदान की जा रही सुपोषण किट सामग्री का नियमित सेवन कराएए यह किट बच्चों को सुपोषित बनाने के लिए वरदान साबित होगी। डीएम ने सीडीपीओ.आंगनबाड़ी कार्यकत्री को निर्देश दिए कि वह इन बच्चों का नियमित मॉनिटरिंग करके यह सुनिश्चित कराएं कि सुपोषित किट एवं केंद्र से मिलने वाले पोषाहार का बच्चे को नियमित सेवन कराए। इस अवसर उप जिलाधिकारी अश्विनी कुमार सिंहए तहसीलदार भीमसेनए सीडीपीओ पूजा त्रिपाठी सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# टैबलेट वितरण समारोह में उपस्थित सांसद एवं शिक्षकगण

## शिक्षक उच्च तकनीक का प्रयोग कर करें शिक्षण कार्य . अशोक रावत



संडीला-हरदोईद्ध। परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों के टैब्लेट वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए सांसद अशोक रावत ने कहा कि शिक्षक नवीन तकनीक का प्रयोग करके छात्र छात्राओं को आधुनिक एवं उन्नत शिक्षा प्रदान करें।

ब्लाक संडीला कछौनाए बेंहदर और कोथावां के समस्त प्राथमिक एवं संविलियन विद्यालयों के शिक्षकों को टैब्लेट वितरण करते हुए सांसद अशोक रावत ने कहा कि प्रदेश एवं केन्द्र की सरकार सारे देश में शिक्षा के स्तर को सुधारने और शिक्षा के क्षेत्र में नवीन तकनीक के प्रयोग पर विशेष जोर दे रही है। शिक्षकों का यह दायित्व है कि वे नवीन तकनीक से छात्र छात्राओं को इस प्रकार शिक्षा प्रदान करें कि उन्हें शिक्षा प्राप्त करना दरुह न लगकर रुचिकर लगे और साथ ही साथ उनका बहुमुखी विकास भी हो। इस अवसर पर एसडीएम तान्या सिंहए बीडीओ धर्मेश चन्द्र पाण्डेयए डीईओ संडीला सीमी निगारए बीईओ बेंहदर अशोक कुमार यादवए बीईओ कछौना शशांक सिंहए बीईओ कोथावां ब्रजेश कुमार त्रिपाठीए ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अमित कुमार गुप्ता के अलावा शिक्षक नेता अनंत कुमार आदि ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन विक्रांत कुमार ने किया।

# वीएचएनडी सत्र पर एक दिन के जन्मे बच्चे का टीकाकरण देख बच्चें के घर पहुंच गए सीएमओए लिया हाल-चाल

## सीएचसी निघासन का सीएमओ ने किया औचक निरीक्षणए एचडब्ल्यूसी और वीएचएनडी सत्र पर भी पहुंचे सीएमओ



**लखीमपुर खीरी।** सीएमओ डॉण् संतोष गुप्ता द्वारा शनिवार को सीएचसी निघासन का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने दिमागी बुखार केंद्र व 20 बेड के नवनिर्मित वार्ड सहित लुधौरी के हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर व क्षेत्र में चलाए जा रहे वीएचएनडी सत्रए संचारी रोग नियंत्रण अभियानए दस्तक अभियान का भी जायजा लिया। साफसफाई को लेकर नाराजगी जताई और सफाई व्यवस्था को चाक.चौबंद रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि उनके द्वारा सीएचसी निघासन का शनिवार को औचक निरीक्षण किया गया। जहां पर उन्होंने दिमाग की बुखार केंद्र सहित इमरजेंसी व 20 बेड के नवनिर्मित वार्ड का निरीक्षण किया। प्रसव कक्ष देखाए इमरजेंसी सेवाओं का निरीक्षण किया। सभी जगह पर पर्याप्त सफाई व्यवस्था न होने को लेकर उन्होंने नाराजगी जाहिर की। नवनिर्मित वार्ड को जल्द शुरू करने के निर्देश दिए। जिससे क्षेत्र की जनता को इसका फायदा तत्काल मिलाने लगे। उन्होंने खैरहानी गांव में चल रहे वीएचएनडी सत्र का निरीक्षण किया। वहां तैनात एएनएम को सभी जांचें और संपूर्ण टीकाकरण सुनिश्चित करने के आदेश दिए। इस दौरान उन्होंने शनिवार को ही जन्मे बच्चे के टीकाकरण को देखा और उसके घर पहुंच कर बच्चे का हाल.चाल परिजनों से पूंछा। इस पर परिजनों ने काफी खुशी जाहिर की। इसी के साथ उन्होंने हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर लुधौरी का निरीक्षण किया। संचारी रोग नियंत्रण अभियान की प्रगति और घर.घर दस्तक अभियान की समीक्षा की। इस दौरान उनके साथ सीएचसी अधीक्षक डॉ पंकज और पाथ संस्था के अमरेश कुमार उपस्थित रहे।

# विकास भवन के कर्मचारी ने की धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश

**बरेली ।** सोशल मीडिया पर विकास भवन के कर्मचारी ने हिन्दू धर्म को लेकर अभद्र टिप्पणी कर दी मामले की शिकायत एक्स पर शिकायत कर कार्रवाई की मांग की गई तब प्रेमनगर इंस्पेक्टर को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए ।हिमांशु पटेल ने एक्स (ट्वीटर) पर बरेली और यूपी पुलिस से शिकायत की उन्होंने ट्वीट में लिखा कि प्रेमनगर थाना क्षेत्र के आवास विकास कॉलोनी के रहने वाले ऋषि सिंह विकास भवन के कर्मचारी हैं उन्होंने सोशल मीडिया फेसबुक पर हिन्दू धर्म पर बेहद आपत्तिजनक टिप्पणी की है पोस्ट वायरल होने के बाद से ही हिन्दू वादी संगठनों में आक्रोश है उन्होंने एक्स पर दो फोटो भी साझा किए है एक फोटो में अभद्र टिप्पणी की गई है, जबकि दूसरा ऋषि सिंह की फेसबुक प्रोफाइल का स्क्रीनशार्ट है ।

## क्विक न्यूज

### नेवी के भूतपूर्व सैनिकों की समस्याओं के समाधान के लिये 25 अक्टूबर को नेवल हेडक्वार्टर से आएगी टीम

बरेली। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल राघवेन्द्र सिंह राघव ने बताया कि आगामी 25 अक्टूबर को नेवी के भूतपूर्व सैनिकों की समस्याओं के समाधान के लिये एक टीम नेवल हेडक्वार्टर से बरेली आयेगी। जिस किसी नेवी के पूर्व सैनिकों की कोई समस्या जैसे पेंशनध्पारिवारिक पेंशन, भाग-दो आदेश, पत्नी व बच्चों के नाम में संशोधन आदि हो तो वह एक दिन पहले अपना रजिस्ट्रेशन कर 25 अक्टूबर को अपरान्ह 03.00 बजे जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय में पहुंच कर समस्या का समाधान करा सकते हैं।

### जिला युवा कल्याण विभाग द्वारा विभिन्न विधाओं में आयोजित की जायेगी प्रतियोगिताएं

बरेली, । जिला युवा कल्याण एवं प्रा0वि0द0 अधिकारी ने बताया कि जनपद स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रमध्प्रतियोगिता का अयोजन दिनांक 06 नवम्बर को आईएमए हाल में स्टेट स्पेसिफिक थीम पर आधारित प्रतियोगिताएं नुक्कड़ नाटक, ळतवनच विसा कंदबम, ळतवनच विसा ेवदह,ेवसव विसा कंदबम,ेवसव विसा ेवदह लाईफ स्किल के अन्तर्गत प्रतियोगिता ेजवतल ूतपजपदह , चवेजमत उंपदह , कमबसंउंजपवद , चीवजवहतंचील विधाओं में किया जायेगा।

उक्त प्रतियोगिता हेतु कलाकर की आयु 12 जनवरी 2024 को 15 से 29 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। विजयीध्चयनित कलाकारों का आगामी राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय युवा उत्सव में प्रतिभाग करने का अवसर प्राप्त होगा। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के इच्छुक कलाकार एवं सांस्कृतिक संस्था निर्धारित आवेदन पत्र में अपनी प्रविष्टि दिनांक 31 अक्टूबर 2023 तक कार्यालय जिला युवा कल्याण अधिकारी, विकास भवन, कमरा नंबर 47 में जमा कर सकते हैं।

### अस्पताल जा रहे युवकों की दुर्घटना में मौत

बरेली । रात के समय मोटरसाइकिल पर अपने दोस्त के साथ अस्पताल में भर्ती पत्नी को खाना देने जा रहे एक वकील और उसके दोस्त की रास्ते में ही सड़क दुर्घटना में मौत हो गई पुलिस ने दोनों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजें ।नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव सतुईया खुर्द निवासी 24 वर्षीय राकेश कुमार पुत्र कुवर सेन और उसके दोस्त तुमडिया गांव के रहने वाले वकील अमित कुमार की बीती रात नवाबगंज स्थित एस्सार पेट्रोल पंप के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतकों के घर वालों ने बताया कि अमित की पत्नी वंदना कई दिनों से नवाबगंज के एक अस्पताल में भर्ती है कल रात लगभग 9रू30 बजे अमित अपने दोस्त राकेश के साथ मोटरसाइकिल पर अस्पताल में भर्ती पत्नी को खाना देने के लिए घर से निकला था लेकिन रास्ते में ही एस्सार पेट्रोल पंप के सामने तेजी से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाला वाहन फरार हो गया स्थानीय लोगों की सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती करने की कोशिश की लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी पुलिस ने मृतकों के घर वालों को सूचना दी जो मौके पर पहुंचे और शवो की ।

### ट्रेन से गिरकर बैंक कर्मी की मौत

**बरेली ।** ट्रेन में यात्रा कर रहे एक बैंक कर्मचारियों की चलती ट्रेन से गिरकर मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा । प्रतापगढ़ जिले के सदर कोतवाली थाना क्षेत्र के गांव देवकली निवासी कौशलेंद्र सिंह पुत्र गम्मू लाल की आज सुबह तड़के फरीदपुर थाना क्षेत्र में पितांबरपुर रेलवे स्टेशन के पास चलती ट्रेन से गिरकर मौत हो गई मृतक के घर वालों ने बताया कि कौशलेंद्र बरेली में सिविल लाइन इलाके में किराए के मकान में रहता था और अर्बन कोऑपरेटिव बैंक में क्लर्क के पद पर तैनात था कुछ दिन पहले उसकी तैनाती शाहजहांपुर की शाखा में हो गई वह रोजाना ट्रेन से ड्यूटी करने जाता था आज सुबह तड़के वह ड्यूटी करने के लिए ही ट्रेन से शाहजहांपुर जा रहा था लेकिन रास्ते में पितांबरपुर में स्टेशन के पास वह चलती ट्रेन से नीचे गिर पड़ा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई साथ चल रहे यात्रियों में घटना की जानकारी रेलवे पुलिस को दी मौके पर पहुंची और घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी जो मौके पर पहुंचे और शव की पहचान कर ली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जाच शुरू कर दी मृतक दो बच्चों का पिता था ।

### दुर्घटना में घायल ग्रामीण की मौत

बरेली । सड़क दुर्घटना में घायल एक ग्रामीण की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई लाश को पुलिस में पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।बिशारतगंज थाना क्षेत्र के गांव सहसा निवासी 45 वर्षीय छोटे सिंह पुत्र मुकुट सिंह की बीती रात एक निजी अस्पताल में मौत हो गई उसे 12 अक्टूबर को घायल अवस्था में भर्ती कराया गया था मृतक के घर वालों ने बताया कि छोटे सिंह घटना वाले दिन गांव के ही रहने वाले अजय वीर के साथ बीसलपुर स्थित एक रिश्तेदार के घर गए थे जहां से वापस लौटते समय भुता थाना इलाके में उनकी बाइक को पीछे से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी ।

# महिला की संदिग्ध मौत पर लगाया हत्या का आरोप

**बरेली** विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगने से मौत हो गई मायके वालों ने पति और ससुरालियों पर हत्याकांड आरोप लगाया पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू कर दी ।शाही थाने के गांव बसई निवासी राजेश की 22 वर्षीय पत्नी गीता ने बीती रात घर में ही छत के कुंड से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतका के चाचा भमोरा थाना क्षेत्र के गांव आलमपुर जाफराबाद निवासी डोरी लाल ने बताया कि उसके बड़े भाई टीकाराम ने पिछले साल मार्च महीने में गीता का विवाह राजेश से किया था उसने गीता के पति और उसके घर वालों पर गीता की हत्या का आरोप लगाते हुए बताया कि पति और घर के लोग गीता को कम दहेज लाने की बात पर प्रताड़ित करते थे और इसी के चलते उन्होंने बीती रात उसकी गला दबाकर हत्या कर दी और लाश को घर में ही छोड़कर फरार हो गए गांव में रहने वाले रिश्तेदारों की सूचना के बाद जब मायके वाले मौके पर पहुंचे तो पति और घर के लोग फरार हो चुके थे और गीता की लाश बिस्तर पर पड़ी थी उन्होंने घटना की

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील फरीदपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन

**बरेली, ।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आज जनपद बरेली की तहसील फरीदपुर के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ।

जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में आए शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को सुना और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकार की प्राथमिकताओं में से एक सम्पूर्ण समाधान दिवस भी है, समस्त अधिकारी इसे गंभीरता से लें और प्राप्त शिकायतों का निस्तारण समयान्तर्गत तथा नियमानुसार किया जाए। उन्होंने कहा कि जिस शिकायत का निस्तारण किया जाए, उस शिकायत से संबंधित शिकायतकर्ता संतुष्ट है या नहीं। इसकी जानकारी भी ली जाए।जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि तहसील फरीदपुर से आईजीआरएस के माध्यम से जिला स्तर पर किस गांव से तथा किस विभाग की सबसे ज्यादा शिकायतें आई हैं उस गांव में उप जिलाधिकारी सम्बंधित अधिकारियों सहित गांव में चौपाल लगाकर शिकायतों का संतोषजनक निस्तारण करायें और तीन के अंदर इसकी अनुपालन आख्या प्रस्तुत की जाये।जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि उक्त के अतिरिक्त विगत माह में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवसों में जिन विभागों की शिकायतें आ रही हैं सम्बंधित अधिकारी उन्हें नोट अवश्य करें तथा समुचित गुणवत्तापरक निस्तारण कराना सुनिश्चित करें।जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 मेघ श्याम को निर्देश दिये कि गौआश्रय स्थलों का निरीक्षण कर पशुओं हेतु आवश्यक व्यवस्थाओं को देखें कहीं कोई कमी तो नहीं है अगर कोई गाय लम्पी स्किन रोग ग्रसित हो उसे अलग कर उपचार किया जाये और जांच रिपोर्ट मुख्य विकास अधिकारी को प्रस्तुत करें।जिलाधिकारी ने एआर कोऑपरेटिव को निर्देश दिये कि तहसील फरीदपुर में स्थित समस्त खाद वितरण केन्द्रों पर जाकर यह देखें कि खाद देने से पूर्व नियमानुसार खतौनी आदि जांचकर उसी अनुपात में वितरण किया गया है या नहीं। कही ऐसा तो नहीं कि कृषि भूमि में अनुपात से ज्यादा खाद वितरण किया जा रहा है, जांच कर आख्या दें।

# 11 निर्धन कन्याओं का कराया विवाह , मंत्री रेखा आर्य ने हल्दी लगाकर लिया कन्यादान



**बरेली।** उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य आज बरेली के पुराने शहर में स्थित बाबा बनखण्डी नाथ मन्दिर में आयोजित गरीब कन्याओं के विवाह कार्यक्रम में शामिल हुई । इस कार्यक्रम में 11 गरीब कन्याओं का विवाह कराया गया। जिसमे 11 कन्याओं मेंमुस्कान संग प्रदीप कुमार , राजकुमारी संग विपिन सक्सेना, पूनम संग सत्यपाल, अंजू संग पिंटू , स्वाति मौर्या संग अंगन पाल , सुनीता संग पिंटू मौर्या, लक्ष्मी संग कैलाश, खुशी राठौर संग चमन कुमार, नीलम संग वीरेंद्र सिंह सागर, आशना संग शिवम सिंह , संजना संग राजेश, इन सभी 11 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य ने कन्याओं को हल्दी लगाकर लिया कन्यादान विवाह की सभी रस्में रामलीला ग्राउंड में आयोजित हुई । जहां पंडित जी ने शादी की सभी रस्में कराई और मंत्री रेखा आर्य , गिरधारी लाल साहू उर्फ पप्पू ने आशीर्वाद दिया। नव दंपतियों को श्री रामलीला समिति के ओर से उपहार स्वरूप गिफ्ट भी दिये गये।इस दौरान उत्तराखण्ड सरकार की कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य एवं उनके पति गिरधारी लाल साहू ने कन्यादान किया। विवाह की रस्में होने से पहले रेखा आर्य बारात में अपने पति के शामिल हुई हुई। इस कमेटी के संरक्षक के रूप में गिरधारी लाल साहू उर्फ पप्पू का संकल्प लिया था कि नव रात्रि में हम अपनी ऐसी गरीब कन्याएं जो आर्थिक रूप से बंधन में नहीं बंध पा रही थी।

# दो मोटरसाइकिल टकराई युवक की मौत

**बरेली ।** दो मोटरसाइकिलों के बीच हुई टक्कर से घायल हुए युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई लाश को पुलिस में पोस्टमार्टम के लिए भेजा

फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र के गांव खिरका निवासी 30 वर्षीय जसविंदर पुत्र श्याम लाल की बीती रात निजी अस्पताल में मौत हो गई मृतक के घर वालों ने बताया कि जसविंदर सिंह सीबीगंज स्थित अशोक लीलैंड की एजेंसी पर काम करता था और बीती रात वह मोटरसाइकिल से ड्यूटी समाप्त होने के बाद घर वापस लौट रहा था लेकिन फतेहगंज पश्चिमी के ट्यूलिया ब्रिज पर तेजी से आ रही दूसरी मोटरसाइकिल ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे दोनों बाइक जमीन पर गिर पडी लेकिन जसविंदर गंभीर रूप से घायल हो गया दूसरा बाइक सवार फरार हो गया सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया और घर वालों को सूचना दी अस्पताल में कुछ देर बाद ही जसविंदर ने दम तोड़ दिया पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।

# समाधान दिवस में सुनी जनसमस्याएं



**संडीला-हरदोई।** संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम ने जन शिकायतों को सुनकर उनका निस्तारण करने के निर्देश दिए। तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता एसडीएम तान्या सिंह ने की। उनहोंनें तहसील स्तरीय अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण एक सप्ताह के अंदर कर दिया जाना चाहिए। उन्होंनें भूमि विवादों के निस्तारण के लिए राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाने के निर्देश दिए। इस समाधान दिवस में 67 शिकायतें प्राप्त हुईं। समाधान दिवस में सीओ वंदना शर्माए तहसीलदार एवं अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## शरद वैश्य ने पांच वर्षीय बालक की बचाई जान

**संडीला-हरदोई।** एक पांच वर्षीय बालक जिसके द्वारा खेलते समय नाक में बोल्ट डाल लिया गया थाए उसकी जान चिकित्साधीक्षक डॉण् शरद वैश्य ने लगभग 2 घण्टे के कठिन प्रयास से बचाने में सफलता प्राप्त की।प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम रईसों निवासी जगदीश प्रसाद के 5 वर्षीय पुत्र अमन ने खेलते समय नाक में खेलते समय नाक में लोहे का नट डाल लिया जो आगे

# सहयोगी दलों के नेताओं का सम्मान करने की आदत डाले कांग्रेसः दीक्षित

**संडीला-हरदोई।** वरिष्ठ समाजवादी चिंतक एवं संविधान बचाव देश बचाओर अभियान के प्रदेश अध्यक्ष डॉ0 रमेश दीक्षित ने कहा कि कांग्रेस नेताओं को गठबंधन धर्म का पालन करने और सहयोगी दलों के नेताओं का सम्मान करने की आदत डालनी चाहिए। हमारा एकमात्र लक्ष्य भाजपा को पराजित करना होना चाहिए। पैत्रक आवास पर पधारे समाजवादी चिंतक एवं लखनऊ विश्वविद्यालय के राजनीति शास्त्र के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ0 रमेश दीक्षित ने एक संक्षिप्त भेंट में कहा कि सारे देश में भाजपा का संवैधानिक संस्थाओं को धीरे धीरे समाप्त करने और नागरिक अधिकारों को कुचलने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। सच्चाई यह है कि आज हमारा संविधान खतरे में है। संविधान बचाने के उद्देश्य से ही इंडिया गठबंधन बनाया गया है।

# पुलिस स्मृति दिवस पर अपर पुलिस महानिदेशक ने पुलिस लाइन में शहीदों श्रद्धा सुमन अर्पित किए



बरेली। पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन में शहीद स्मारक के सामने परेड का आयोजन किया गया । परेड के उपरांत उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग में कर्तव्य पथ पर अडिग रहते हुए अपने प्राणों को न्योछावर कर देने वाले वीर शहीद जवानों को याद कर श्रद्धा सुमन व श्रद्धांजलि अर्पित की गयी । अपर पुलिस महानिदेशक पीसी मीणा,पुलिस महानिरीक्षक डॉ राकेश सिंह ने शहीद वीर जवानों की बहादुर के किस्से बताएं ।उन्होंने पुलिस बल की तरह अन्य राज्यों एवं केंद्रीय अर्द्धसैनिक पुलिस बल में शामिल शहीदों को याद करते हुए उनको भी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री घुले सुशील चंद्रभान, पुलिस अधीक्षक यातायात राम मोहन सिंह , पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मुकेश चंद्र मिश्र ,पुलिस अधीक्षक अपराध मुकेश प्रताप सिंह के अलावा समस्त क्षेत्राधिकारी गण व समस्त पुलिसकर्मी शामिल रहे ।संचालन श्री जगदीश सिंह पाटनी व व्यवस्था संभालने का कार्य को अंजाम रिजर्व लाइन प्रतिसार निरीक्षक हरमीत सिंह ने दिया ।

# डीएम व पुलिस अधीक्षक ने की सुनीं समस्याएं

**संपूर्ण समाधान दिवस**

- शिकायतों के निस्तारण के दिए निर्देश
- जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने रसूलाबाद रामलीला व मेले की व्यवस्थाओं का लिया जाएगाए दिये निर्देश




**संवाददाता।** कानपुर देहात

**जिला** स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी आलोक सिंह व पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति द्वारा तहसील रसूलाबाद में लोगों की समस्याओं को सुनकर गुणवत्तापूर्णए संतुष्टिपरकए त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 160 शिकायतें प्राप्त हुईए जिनमें चार शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ।

इनमें सबसे ज्यादा शिकायतें राजस्व विभाग की 100 विकास व पुलिस विभाग के 16.16ए विद्युत पांचए आपूर्ति विभाग 8ए नगर पंचायत 04ए समाज कल्याण 03ए व अन्य 08 शिकायतें प्राप्त हुई। तहसील समाधान दिवस के अवसर पर विभिन्न अन्य विभागों की शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष लोगों द्वारा रखी गईए जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराकरए निस्तारण आख्या से जिला प्रशासन को अवगत कराने के निर्देश दिये। भूमि विवाद से संबंधित शिकायत के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने प्रशासन व पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर निस्तारण किए जाने के निर्देश दिएए उन्होंने कहा कि अधिकारी प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करेंगे इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इससे पूर्व जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा तहसील परिसर से फसल अवशेष प्रबंधन जागरूकता प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि इस प्रचार वाहन के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को फसल अवशेष को ना जलाने हेतु जागरूक करें।

तहसील दिवस के पश्चात जिलाधिकारी द्वारा धर्मगढ़ बाबा मंदिर प्रांगण में लगे मेले व रामलीला पंडाल का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने लोगों के आने.जाने वाले रास्तोंए सीसीटीवी कैमरो आदि के संबंध में जानकारी ली तथा सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही न होने पाए। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एके सिंहए डीएफओ एके द्विवेदीए उप जिलाधिकारी रसूलाबाद नीलिमा यादवए क्षेत्राधिकार रसूलाबाद तनु उपाध्यायए तहसीलदार आदि उपस्थि थे।

# दुर्गा पूजा गरबा डांडिया में महिलाओं ने बिखेरी छटा

- नवदुर्गा के रूप में बच्चियों के आगमन ने सभी को किया मंत्र मुग्ध

**संवाददाता।** फतेहपुर



**संयुक्त** महिला समितिकी ओर से शहर के एक मैरिज लान में दुर्गा पूजा गरबा डांडिया का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं ने जमकर छटा बिखेरने का काम किया। उधर नवदुर्गा के रूप में बच्चियों के आगमन ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। महिलाओं के बीच परंपरागत पोशाक रैंप वाक का भी आयोजन किया गया। दुर्गा पूजा गरबा डांडिया में मुख्य अतिथि के रूप में कानपुर महापौर प्रमिला पांडेय के अलावा जन वाहिनी की राष्ट्रीय अध्यक्ष माला व भाजपा नेत्री प्रेमा सिंह राठौर की उपस्थिति रही। शुभारंभ मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्जवलित व दुर्गा आरती से किया। उमा शरण गुप्ता ने अतिथियों को शील्ड व अंग वस्त्र देखकर सम्मानित किया। बच्चियों का नवदुर्गा के रूप में आगमन मंत्रमुग्ध कर देने वाला रहा। जिसमें 8 से 9 साल की बच्चियां देवी बनी थी। समिति महिलाओं ने एक साथ पचास थालियों के साथ नौ देवियों के अलावा दुर्गा काली, सरस्वती की आरती की। पूरा पंडाल मां के जयकारों से गूंज उठा। ज्ञानस्थली विद्या मंदिर के बच्चों ने डांडिया महारास से अनुपम छटा बिखेर दी। समिति की अध्यक्ष उमा शरण गुप्ता ने बताया कि विगत आठ वर्षों से लगातार डांडिया गरबा संयुक्त महिला समिति द्वारा कराया जा रहा है। जिसकी तैयारी एक महीने पहले से ही शुरू हो गई थी। संस्था का उद्देश्य भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देना भारतीय संस्कृति को जन जन तक पहुंचना है। समिति की पदाधिकारी सांत्वना सिंह, रीता सिंह, सुनीता एडवोकेट, वंदना द्विवेदी ने बताया कि गुजरात का पारंपरिक लोक नृत्य गरबा डांडिया फतेहपुर में सर्वप्रथम संयुक्त महिला समिति द्वारा ही कराया गया।

# जनपद न्यायालय में दशहरा मिलन समारोह आयोजित किया गया



**संवाददाता।** कनपुर देहात

**राम** के आदर्श लक्ष्मण रेखा की उस मर्यादा के समान है जो लाँघी तो अनर्थ ही अनर्थ और सीमा की मर्यादा में रहे तो खुशहाल और सुरक्षित जीवन।यह बात सिविल बार एसोसिएशन अध्यक्ष जितेन्द्र प्रताप सिंह चौहान ने जनपद न्यायालय में अधिवक्ताओं के दशहरा मिलन समारोह पर कही। उन्होंने कहाकि दशहरा मिलन हमें अत्याचार दुराचार से संघर्ष की प्रेरणा देता। राम का जीवन चरित्र इस प्रेरणा का दर्शन है।

प्रजा का सच्चा जनसेवक राम जैसा आदर्श सद्चरित्र आज के युग में दुर्लभ है। राम के चरित्र में पग-पग पर मर्यादा, त्याग, प्रेम और लोकव्यवहार के दर्शन होते हैं। उनका पवित्र चरित्र लोकतंत्र का प्रहरी, उत्प्रेरक और निर्माता भी है। जितेन्द्र चौहान ने कहाकि राम वंचितों, दलितों, सताए हुए लोगों के प्रथम सरंक्षक भी है, और वनवासियों, दलितों के साथ पहली शाही सेना बनाने का श्रेय भी हम राम को दे सकते है। कहाकि वंचित एशोषित, वास्तविक जरूरतमंद के साथ सत्ता का खड़ा होना राम राज की बुनियाद है। जिस लोकल्याणकारी राज्य का शोर हम सुनते है उसकी अवधारणा भी हमें राम ने ही दी है।

जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव ने कहाकि एक पुत्र का पिता के प्रति आज्ञा और आदरभावएभाइयों के प्रति समभाव, पति के रूप में निष्ठावान अनुरागी चरित्र, प्रजापालक, दुष्टसंहारक अपराजेय योद्धा, मित्र, आदर्श राजा, लोकनीति और राजनीति के अधिष्ठाता से लेकर आज के आधुनिक जीवन की हर परिघटना और समस्या के आदर्श निदान के लिए राम के सिवाय कोई दूसरा विकल्प हमें नजर नही आता है। राम ने सत्ता के लिए साधन और साध्य की जो मिसाल प्रस्तुत की है वह आज भी अपेक्षित है। जिला बार एसोसिएशन पूर्व अध्यक्ष व किशोर न्याय बोर्ड सदस्यधमजिस्ट्रेट रवीन्द्र नाथ मिश्रा ने कहाकि राम सभी दृष्टियों से परिपूर्ण पुरुष है उन्होंने अपने जीवन में जो सांसारिक लीला की है काल की हर मांग को सामयिकता का धरातल देता है, और वनवासी राम तो लोकचेतना का पुनर्जागरण करने वाले प्रथम प्रतिनिधि है। एकीकृत बार एसोसिएशन पूर्व अध्यक्ष सम्पत लाल यादव ने कहाकि राम सभी दृष्टियों से परिपूर्ण पुरुष है उन्होंने अपने जीवन में जो सांसारिक लीला की है काल की हर मांग को सामयिकता का धरातल देता है। इस अवसर पर अधिवक्ताओं ने भब्य राम दरबार चित्र पर माल्यार्पण कर मिस्ठान वितरण किया। प्रमुख रूप से जिला बार मन्त्री घनशयाम सिंह राठौर समुक्त मन्त्री सर्वेन्द्र सिंह यादव योगेन्द्र प्रताप सिंह चौहान आनन्द स्वरूप शुक्ला धर्मेन्द्र सिंह प्रदीप कमल रहे।

# लाइसेंसी बंदूक से दुकानदार ने गोली मार की आत्महत्या

**संवाददाता।** फतेहपुर

**थरियांव** थाना क्षेत्र के आंबापुर चौराहे पर निजी मकान बना कर निवास कर रहे 50 वर्षीय विजय पाल सिंह लोधी सपरिवार के साथ रहते थे। मकान के निचले स्तर पर रेडीमेड की दुकान किये हुए थे। शनिवार की सुबह अचानक विजय पाल सिंह ने अपनी एकनली लाइसेंसी बंदूक से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर लिया। गोली की आवाज सुन पत्नी राम सिया देवी और बेटी सरिता देवी कमरे में पहुंच कर देखा तो वह खून से लथपथ तड़प रहे थे। मृतक की बेटी सरिता देवी ने बताया कि पिता की मानसिक स्थिति बिगड़ जाया करती थी। उनका इलाज चल रहा था। भाई भूपेंद्र सिंह आज लखनऊ लेकर जाने की तैयारी कर रहे थे। पिता के अचानक आत्महत्या करने से परिवार में हडकंप मच गया।

# अडॉप्शन वीक की थीम पर मिशन शक्ति फेज 4 के अंतर्गत जागरूकता कैंप का आयोजन

**संवाददाता।** कानपुर देहात

**मुख्य** सचिव उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिला प्रोबेशन अधिकारी के मार्ग दर्शन में मिशन शक्ति फेज 4 के अंतर्गत आज दिनांक 21/10/2023 को 'अडॉप्शन सप्ताह' थीम पर स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज रायपुर कुकेहट बी एल इंटीटेट विद्यालय सरवन खेड़ा विद्यालय में बालिकाओं को मिशन शक्ति 4.0 के अंतर्गत आत्मरक्षा के गुण के माध्यम से बालिकाओं को जागरूक किया गया।

संरक्षण अधिकारी धर्मेंद्र कुमार ओझा द्वारा पंचायत भवन सरवनखेड़ा में उपस्थित महिलाओं के साथ एडॉप्शन वीक का संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे बालक बालिकाओं को लैंगिक अपराधए साइबर क्राइमए बाल विवाहए बाल श्रम आदि पर संवाद स्थापित किया गया। इसी के साथ छात्र छात्राओं को चाइल्ड हेल्प लाइन के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया की किस प्रकार उन्ही किसी भी समस्या को या स्वयं अथवा किसी अन्य बच्चे के साथ होने वाली हिंसा पर मौन रहने की आवश्यकता नहीं है।

बल्कि उसके लिए 1098 नंबर पर अपने उस समस्या को बताने की जरूरत है जिससे की उसका समाधान किया जा सके। साथ विद्यालय के प्रधानाध्यापक तथा शिक्षको से भी ये अपील की के हर बच्चे के साथ मित्रत्वका व्यवहार रखे जिसे की वह अपनी समस्या को आपसे बोल सके। महिला कल्याण अधिकारी प्रतिमा श्रीवास्तव द्वारा भी बताया गया की जिले में महिला कल्याण विभाग की ओर से निरंतर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कराया जा रहा है। एवम आगे भी मिशन शक्ति फेज 4 हेतु कैंप द्वारा विभिन्न मुद्दों पर जागरूकता तथा प्रचार प्रसार कराया जाएगा।

कार्यक्रम में बालको के हित के लिए सरकार द्वारा चली जा रही योजनाओं से भी अवगत कराया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा भी बच्चो से संबंधित कई समस्याओं पर विचार विमर्श कर गया। इस कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन कार्यालय से संरक्षण अधिकारी महिला कल्याण अधिकारी केंद्र प्रबंधक सरवन खेड़ा प्रधआ अनिल कुमार बाजपेई विद्यालय स्टाफउपस्थित रहा।

## क्विक न्यूज

### एसपी ने शहीद पुलिसकर्मियों को दी श्रद्धांजलि

**फतेहपुर।** पुलिस स्मृति दिवस पर पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीद पुलिस कर्मियों को श्रद्धासुमन अर्पित किये। एसपी ने अपने संबोधन में पुलिस कर्मियों को शहीद पुलिस कर्मियों से प्रेरणा लेकर ईमानदारी और साहस से काम करने की नसीहत दी। कार्यक्रम में अमर शहीदों का नाम उल्लिखित करने के बाद पुलिस अधीक्षक समेत राजपत्रित व अराजपत्रित अधिकारियों व कर्मचारियों ने शहीद स्थल पर पुष्प चक्र अर्पित किये। सलामी गार्ड द्वारा सलामी व शोक प्रदर्शन किया गया। एसपी ने शहीद हुए पुलिस कर्मियों के परिवार से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए शाल व उपहार भेंटकर सम्मानित किया। इस मौके पर पुलिस उपाधीक्षक नगर वीर सिंह, प्रतिसार निरीक्षक, निरीक्षक अभिसूचना इकाई मौजूद रहे।

### बर्बाद फसल का उचित मुआवजा देने की मांग

**फतेहपुर।** भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति की मासिक बैठक में विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा की गई। प्रदेश सरकार से मांग की गई कि बारिश व ओलावृष्टि के कारण बर्बाद हुई फसलों का उचित मुआवजा किसानों को दिया जाये। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रेम सिंह पटेल ने की। आगामी आठ नवंबर को लखनऊ के गन्ना संस्थान में आयोजित होने वाली महा पंचायत में भाग लेने पर विचार किया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि बारिश व ओलावृष्टि के कारण जिले के किसानों की ज्यादातर फसल बर्बाद हो गई है। इसलिए प्रदेश सरकार किसानों की खराब फसल का उचित मुआवजा दे जिससे किसानों की मदद हो सके। कहा कि आवारा जानवरों से भी किसानों को छुटकारा दिलाया जाये। इस मौके पर संतराम पटेल, पुष्पेंद्र यादव, अतुल यादव, सूरजभान, हरिश्चंद्र पटेल, अंजू देवी, सरस्वती गुप्ता, राधा अग्रहरि, ज्योति गुप्ता, गोविंद गुप्ता, हाकिम सिंह पटेल, उमा देवी, सुनीता यादव, कुसमा लोधी, माया गौतम मौजूद रहीं।

### पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

**फतेहपुर।** बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दरवेशपुर गांव निवासी नईम का पुत्र हलीम शुक्रवार की शाम पांच बजे घर से निकला था। जिसका शव गांव के बाहर जंगल में नीम के पेड़ से लटका मिला। पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया। मृतक के पिता नईम ने बताया कि हलीम का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था। शराब पीने का आदी था। पहले भी कई बार वह घर से निकल चुका था।

### सड़क हादसे में बाइक सवार एक की मौत, दूसरा घायल

**फतेहपुर।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के समदा सहोदरपुर गांव निवासी चंद्र किशोर का पुत्र रवि पंजाब में नौकरी करता था। बताते हैं कि दुर्गा पूजा के पर्व पर वह छुट्टी लेकर घर आ रहा था। शाम को आने पर वह सीधे अपने मौसा संतलाल निवासी कैथनपुरवा पहुंचा। जहां वह मौसेरे भाई रंकित के साथ मोटरसाइकिल से गांव जा रहा था। जैसे ही यह लोग लकड़ी मथइयापुर के समीप पहुंचे तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया जिससे रवि की घटनास्थल पर मौत हो गई जबकि रंकित बुरी तरह घायल हो गया। सरकारी एंबुलेंस ने घायल को इलाज के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया।

### कलेक्ट्रेट कर्मचारियों ने धरना देकर सीएम को भेजा ज्ञापन

**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश मिनिस्ट्रीरियल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सरफराज हुसैन व मंत्री राम किशोर की संयुक्त अगुवाई में कर्मचारियों ने कलेक्ट्रेट परिसर में धरना दिया। धरने को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि कलेक्ट्रेट कर्मचारी काफी समय से अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद करते चले आ रहे हैं। लेकिन आज तक उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया। जिसके चलते तीन चरणों में आंदोलन किया जा रहा है। कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित मांगों का एक ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपकर कलेक्ट्रेट का नाम मिनी/जनपद सचिवालय रखे जाने, लिपिक संवर्ग के कर्मचारियों को नायब तहसीलदार के दस प्रतिशत पदों पर प्रोन्नति प्रदान किए जाने, ग्रेड पे वेतन बढ़ाये जाने, पुरानी पेंशन योजना बहाल किए जाने, पटेल सहायकों को लेखा संवर्ग का वेतनमान दिये जाने संबंधी शासनादेश निर्गत किए जाने, संघ के कार्यालय हेतु दारूलशफा में कक्ष आवंटित किए जाने, समान कार्य के लिए समान वेतन के सिद्धांत के आधार पर कलेक्ट्रेट कर्मियों को भी सचिवालय के बराबर वेतन भत्ते दिये जाने, सामूहिक बीमा धनराशि बढ़ाये जाने, स्वैच्छिक सेवानिवृत्त चाहने वाले कार्मिकों के आश्रितों को सेवायोजन प्रदान किए जाने सहित अन्य मांगे भी शामिल रहीं।

# दुधमुंही से दुष्कर्म का आरोपित पुलिस मुठभेड़ में हुआ घायल

- पैर में लगी गोली

**संवाददाता।** हमीरपुर

**मुस्करा** थाना क्षेत्र में दुधमुही बच्ची के साथ दुष्कर्म किए जाने के मामले में आरोपी सगे चाचा को पुलिस घटनास्थल में ले गई जहां पर आरोपी ने पुलिस पर गोली चला दी जवाब में पुलिस ने भी अभियुक्त के पैर में गोली मार दी। हालत गंभीर होने पर सदर अस्पताल रेफर कर दिया है। पुलिस के अनुसार बीस अक्टूबर को दिन में ग्राम मसगांव में एक कलयुगी चाचा ने अपनी सगी छह माह की दुधमुही बच्ची के साथ हैवानियत करते हुए दुष्कर्म करने का प्रयास किया। जिस पर पुलिस ने आरोपी चाचा अखिलेश के विरुद्ध दुष्कर्म पाक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। इसके बाद पुलिस आरोपी को निशान देही के आधार पर रात्रि में 1 बजे गांव के बाहर घटना स्थल पर ले गई जहां पर आरोपी ने बताया कि उसने एक पेड़ के पास खून से सने कपड़े छुपा कर रखे हुए है। पुलिस के अनुसार आरोपी जैसे ही पेड़ के पास कपड़े निकालने के लिए झुका तो वहां पर पहले से रखें अवैध तमंचे से उसने पुलिस पर गोली चला दी जिससे पुलिस कर्मी बाल बाल बच गए। जवाब में पुलिस कर्मियों ने आरोपी को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा तो उसने फिर से गोली मारने की धमकी दी जिस पर पुलिस ने जवाब में आरोपी पर गोली मार दी गोली उसके दाहिने पैर में लगी तुरंत ही पुलिस उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्करा ले आई जहां पर हालात नाजुक होने पर उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है।

# जनकल्याण की कामना को लेकर सांसद आरके सिंह ने सोमनाथ मंदिर में किया रूद्राभिषेक

**संवाददाता।** चित्रकूट

**जनकल्याण** की कामना को लेकर शनिवार को बांदा-चित्रकूट आर के सिंह पटेल ने तपोभूमि चित्रकूट के चर गांव स्थित भगवान शिव के प्राचीन सोमनाथ मंदिर में हवन-पूजन कर जगत कल्याण की कामना की इसके बाद हुए विशाल भंडारे में हजारों लोगों ने शिरकत कर प्रसाद ग्रहण किया। संसदीय क्षेत्र के चहुमुखी विकास को संकल्पित बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल ने शनिवार को चित्रकूट जिले के चर गांव स्थित सोमनाथ के ऐतिहासिक शिव मंदिर में जनकल्याण की कामना को लेकर रूद्राभिषेक के साथ भगवान भोलेनाथ की विधिवत पूजा अर्चना की। इसके बाद मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी, भाजपा जिलाध्यक्ष बांदा संजय सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष चित्रकूट लवकुश चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, ब्लाक प्रमुख सुशील द्विवेदी, अरविंद कुमार मिश्रा, गुलाब पटेल, नगर पंचायत अध्यक्ष मऊ अमित द्विवेदी, जिला पंचायत सदस्य विनीत द्विवेदी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष बद्री प्रसाद त्रिपाठी, नगर पंचायत के ब्रांड एम्बेसडर शारदा अग्रहरि, सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह, व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष ओम केशरवानी, पम्मू सिंह समेत हजारों लोगों ने शिरकत कर भगवान सोमनाथ के दर्शन-पूजन के बाद प्रसाद ग्रहण किया।

# पेज एक का शेष

## राजनयिक वापसी...

में खालिस्तानी अलगाववादी और भारत में वांछित हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंट की संलिप्तता का कनाडा की संसद में ट्रूडो के आरोप लगाने के बाद दोनों देशों के बीच राजनयिक तनाव पैदा गया। भारत ने कनाडा के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। ट्रूडो ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भारत सरकार, भारत और कनाडा में लाखों लोगों के लिए जीवन को सामान्य रूप से जारी रखना अविश्वसनीय रूप से कठिन बना रही है। इससे पहले, कनाडा के अधिकारियों ने भारत में अपने राजनयिक मिशन में कर्मचारियों की कमी के कारण वीजा को मंजूरी की प्रक्रिया में देरी को लेकर आगाह किया था। ब्रिटेन और अमेरिका दोनों फाइव आइज नेटवर्क का हिस्सा हैं। यह एक खुफिया गठबंधन है जिसमें अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और न्यूजीलैंड शामिल हैं तथा यह निगरानी-आधारित और सिग्नल इंटेलिजेंस (एसआईजीआईएनटी) दोनों का उपयोग करता है। इस साल जून में खालिस्तानी अलगाववादी नेता और भारत में वांछित आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंट के शामिल होने को लेकर कनाडा की संसद में ट्रूडो के आरोप लगाए जाने के बाद दोनों पक्षों के बीच राजनयिक तनाव पैदा गया था। भारत ने कनाडा के आरोपों को दृढ़ता से खारिज किया था।

## अंतरिक्ष में...

से ऊपर गया, जो कि ध्वनि की गति है और फिर मिशन निष्फल होने की (अबार्ट) स्थिति में सीईएस की कार्यप्रणाली को दर्शाया गया। इसरो ने एकल-चरण तरल प्रणोदक वाले रॉकेट के इस प्रक्षेपण के जरिए मानव को अंतरिक्ष में भेजने के अपने महत्वाकांक्षी कार्यक्रम गगनयान की दिशा में आगे कदम बढ़ाया। इसरो का लक्ष्य तीन दिवसीय गगनयान मिशन के लिए मानव को 400 किलोमीटर की पृथ्वी की निचली कक्षा में अंतरिक्ष में भेजना और पृथ्वी पर सुरक्षित वापस लाना है। इसरो ने शुक्रवार को कहा था कि इस परीक्षण उड़ान की सफलता शेष परीक्षणों और मानवरहित मिशन के लिए आधार तैयार करेगी, जिससे पहला गगनयान कार्यक्रम शुरू होगा। यह प्रक्षेपण सुबह आठ होना था, लेकिन मौसम संबंधी प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण इसका समय पहले सुबह साढ़े आठ बजे तथा फिर 15 और मिनट के लिए पुनर्निर्धारित करना पड़ा। एकल चरण तरल प्रणोदन रॉकेट जैसे ही आसमान की ओर उड़ान भरने वाला था, उससे मात्र चार सेकंड पहले स्क्रीन पर होल्ड (रोका जाना) का संकेत दिखने लगा। सोमनाथ ने कहा, प्रक्षेपण की शुरुआती प्रक्रिया के बाद ग्राउंड कम्प्यूटर ने होल्ड जारी किया। इस कम्प्यूटर को स्वचालित लॉन्च अनुक्रम कम्प्यूटर कहा जाता है। उन्होंने बताया कि कम्प्यूटर ने इंजन को तय प्रक्रिया के अनुसार चालू करने में किसी विसंगति की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह प्रणाली में निगरानी संबंधी किसी दिक्कत के कारण हुआ और इसलिए वैज्ञानिक इसका बहुत तेजी से पता लगा सके और इसे दुरुस्त कर सके। सोमनाथ ने कहा कि गैसों को भरने में थोड़ा समय लगा और यह काम पूरा हो जाने के बाद स्वचालित लॉन्च अनुक्रम की प्रक्रिया उचित तरीके से हुई। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया के तहत यान की अच्छी तरह से जांच की गई। उन्होंने कहा कि इसके बाद मिशन कम्प्यूटर और ग्राउंड सपोर्ट कम्प्यूटर ने लॉन्च को अधिकृत किया और 34.9 मीटर लंबे टीवी-डी। को प्रक्षेपण की अनुमति दी। इसरो प्रमुख ने कहा, मुझे खुशी है कि हमारी टीम ने विसंगति का पता लगा लिया और इसे दूर कर दिया। सभी को बधाई। यह गगनयान कार्यक्रम की तैयारी के लिए हर किसी के लिए यह एक बड़ा प्रशिक्षण है...मुझे खुशी है कि प्रक्षेपण आवंटित प्रक्षेपण समय (लॉन्च विंडो) के भीतर हो सका। प्रक्षेपण के बाद मिशन के हर चरण की सफलता के साथ ही वैज्ञानिकों की खुशी भी बढ़ती जा रही थी। सोमनाथ ने सूचित किया, सीईएस क्रू मॉड्यूल को वाहन से दूर ले गया। इसके बाद क्रू मॉड्यूल के सभी संचालन, सीईएस के अलग होने, सभी पैराशूट खुलने और आवश्यक वेग पर समुद्र में उतरने की प्रक्रियाएं बहुत अच्छी तरह से पूरी हुईं। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष एजेंसी अगले साल की शुरुआत में मानव रहित गगनयान मिशन के तहत प्रक्षेपण करेगी। क्रू मॉड्यूल रियलाइज़ेशन के मिशन कार्यकारी और गगनयान के मिशन निदेशक आर. हटन ने आज की सफलता की सराहना की। हटन ने कहा, इस विशेष मिशन में सबसे महत्वपूर्ण चालक दल की सुरक्षा है...मिशन में प्रदर्शित किया गया है कि मानो कोई पक्षी अपने बच्चे को सुरक्षित स्थान पर ले जा रहा हो। उन्होंने कहा कि यह मिशन मजबूत और विश्वसनीय है लेकिन हम कोई जोखिम में नहीं ले सकते और इसलिए यदि कोई खराबी होती है तो प्रक्षेपण यान में एक ऐसी प्रणाली होनी चाहिए जो क्रू मॉड्यूल को दूर ले जाकर नीचे उतारे। इस प्रणाली को क्रू एस्केप सिस्टम कहा जाता है। हटन ने कहा कि परीक्षण यान के पहले मिशन में आज इसे सटीकता से दिखाया गया। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, यह प्रक्षेपण हमें भारत के पहले मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम गगनयान को साकार करने के एक कदम और करीब ले जाता है। इसरो के हमारे वैज्ञानिकों को मेरी शुभकामनाएं। शाह ने भी एक्स पर लिखा, चंद्रयान तीन के सफल प्रक्षेपण के बाद हमारा देश अंतरिक्ष के क्षेत्र में एक और बड़ा कदम उठाने के लिए तैयार है। आज इसरो ने गगनयान के टीवी-डी। परीक्षण यान का प्रक्षेपण कर अंतरिक्ष के क्षेत्र में एक और उल्लेखनीय यात्रा की पटकथा लिखी। उन्होंने कहा, मैं सफलता के इस महत्वपूर्ण अवसर पर हमारे वैज्ञानिकों और हमारे नागरिकों को हार्दिक बधाई देता हूं। स्टालिन ने एक्स पर लिखा, गगनयान टीवी-डी। परीक्षण यान की सफलता पर इसरो को बधाई। यह अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में भारत की यात्रा में अहम मील का पत्थर है। मैं इसरो की पूरी टीम के समर्पण एवं कड़ी मेहनत के लिए उसकी सराहना करता हूं। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने एक्स पर कहा, प्रथम गगनयान मिशन परीक्षण वाहन उड़ान (टीवी-डी1) को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए इसरो को बधाई। यह भारत के अपने चालक दल वाले अंतरिक्ष मिशनों को लॉन्च करने में एक बड़ा कदम है और अंतरिक्ष अनुसंधान में पर्याप्त प्रगति हासिल करने में हमारी क्षमता को साबित करता है। यह परीक्षण यान मिशन समग्र गगनयान कार्यक्रम के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है क्योंकि कल परीक्षण के लिए लगभग पूरी प्रणाली एकीकृत की गई है। क्रू मॉड्यूल रॉकेट में पेलोड है, और यह अंतरिक्ष यात्रियों के लिए अंतरिक्ष में पृथ्वी जैसे वातावरण के साथ रहने योग्य जगह है। इसमें एक दबावयुक्त धात्विक आंतरिक संरचना और थर्मल सुरक्षा प्रणालियों के साथ एक बिना दबाव वाली बाहरी संरचना शामिल है।

## मुश्किल भरी...

उन्हीं लोगों को धोखा दिया जिन्होंने उन्हें चरम अराजकता के स्तर तक पहुंचने में सक्षम बनाया और अब दो राज्यों में सरकारों के साथ एक राष्ट्रीय पार्टी के रूप में अपनी राह बदल ली। महुआ मोइत्रा इस मामले में बिलकुल विफल रहीं। गौतम अडानी की आलोचना करने के मामले में भी वे अकेली रह गईं। यहां तक ??कि उनकी पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी, जो आरआईएल अध्यक्ष मुकेश अंबानी की सबसे अच्छी दोस्त हैं, ने भी इस अडानी विरोधी अभियान में उनका समर्थन नहीं किया। किसी भी मुद्दे पर बेबाक टिप्पणी करने वाले उनके संसदीय सहयोगी डेरेक ओ ब्रायन भी इस पूरे अडानी-महुआ प्रकरण में आश्चर्यजनक रूप से शांत रहे हैं। सुश्री मोइत्रा ने कुछ साल पहले पूर्वोत्तर राज्यों के एक हवाई अड्डे पर सीआईएसएफ कर्मियों के खिलाफ सार्वजनिक रूप से अपने नाराजगी जाहिर की थी तो वह तो राष्ट्रीय सुर्खियां और प्राइम टाइम बहस का विषय बनीं। तब वह विक्टिम कार्ड खेल रही थीं। सुश्री मोइत्रा ने जब किसान बिल पर संसद में खुलेआम हंगामा किया तो वह यूट्यूब और यूट्यूबर्स की प्रिय बन गईं। वह सर्वहारावाद का प्रतिनिधित्व कर रही थीं जो भारतीय राजनीति में बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने पिछले साल जब कोलकाता में दुर्गा पूजा के दौरान सिन्दूर खेला के लिए नृत्य किया तो सभी ने उनकी तुलना बहुप्रशंसित ओटीटी श्रृंखला आर्या में सुष्मिता सेन से की। लेकिन फिर उन्होंने अपना ध्यान गौतम अडानी के व्यवसाय या अडानी समूह से जुड़ी व्यावसायिक नैतिकता की कथित कमी पर केंद्रित कर लिया। यहीं पर खुद को लगातार 'निडर पीड़िता' के रूप में स्थापित करने की उनकी कोशिश एक खलनायक की भूमिका में बदल गई। अचानक उनके सिन्दूर खेला की तुलना अब उनकी सिगार पीती शराब पीती महिला की वायरल तस्वीरों से होने लगी है। हो सकता है कि हमने चंद्रमा पर चंद्रयान भेजा हो, लेकिन जब राजनीतिक नेताओं और विशेष रूप से महिलाओं की बात आती है तो एक 'पार्टी एनिमल' को वह गौरव कभी नहीं मिल पाएगा, जिसे एक नेता हमेशा हासिल करने की इच्छा रखता है। सुश्री मोइत्रा ने भाजपा और अडानी इंटरप्राइजेज के खिलाफ अपनी मौजूदा लड़ाई में जो किया है, वह उनकी कमजोरी और ऊंचे दांव वाली राजनीतिक जंग की पूरी तरह से समझ की कमी को उजागर करती है। जिस दिन वकील जय अनंत देहाद्राई द्वारा लोकसभा अध्यक्ष और सीबीआई निदेशक को लिखित शिकायत भेजने की कहानी सामने आई। उन्होंने इसे एक एक्स की ईर्ष्या के रूप में खारिज कर दिया। आज तक कोई भी महिला राजनेता अपने व्यक्तिगत संबंधों वैवाहिक या अन्य की स्थिति के बारे में इतनी खुलकर सामने नहीं आई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और उनके पूर्व पति राजनीतिक विभाजन के दो पक्षों हैं, लेकिन आप उनसे कभी नहीं सुनेंगे कि वह अपने पूर्व पति के बारे में क्या सोचती हैं। महुआ मोइत्रा के मामले में यह वह एक्स पति भी नहीं है जिसके बारे में हम बात कर रहे हैं। यह अकारण नहीं है, जब समलैंगिक संबंधों में रहने वालों को समान अधिकार देने की बात आती है तो भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने भी 'विवाह संस्था' के साथ कोई छेड़छाड़ नहीं की। इसीलिए कुछ दिनों बाद जब दर्शन हीरानंदानी ने जय देहाद्राई द्वारा उन पर लगाए गए सभी आरोपों की पुष्टि करते हुए एक हलफनामा प्रस्तुत किया, तब भी उन्हें समझ नहीं आया कि कैसे प्रतिक्रिया दें। इसलिए उन्होंने सवाल उठाया कि हलफनामा सादे कागज पर क्यों था। उन्हें आश्चर्य हुआ कि क्या 'मोदी' ने इस 'कबूलनामे' के लिए हीरानंदानी के सिर पर बंदूक रख दी थी। एक दिन बाद हीरानंदानी के हलफनामे की एक नोटरीकृत प्रति सार्वजनिक डोमेन में दिखाई दी, जिस पर दुबई के महावाणिज्य दूत की उपस्थिति में हीरानंदानी ने हस्ताक्षर किए थे। मामले को और भी बदतर बनाने के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय में महुआ मोइत्रा का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील ने जय देहाद्राई के साथ समझौता करने की भारी गलती की। वह भी जय के सौजन्य से सार्वजनिक डोमेन में आ गया तो अब सुश्री मोइत्रा के पास भागने के लिए कोई जगह नहीं है। यदि उन्होंने अपने संसदीय लॉगिन की पेशकश की किसी विदेशी व्यक्ति से सीधे संसदीय प्रश्न पूछने के लिए की तो यह उनकी बेहद खराब छवि पेश करता है। कोई ऐसा व्यक्ति जो उस संसद को महत्व नहीं देता जिसका वह प्रतिनिधित्व करती है। इस उलझे हुए जाल से बाहर निकलने का रास्ता ढूंढना सुश्री मोइत्रा के लिए वास्तव में एक कठिन काम होने जा रही है। सुश्री मोइत्रा ने वाक्पटु होने की अपनी जो छवि बनाई थी, वह अब स्पष्ट रूप से नहीं दिखेगी।

# पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ स्वदेश लौटे

## ●चार साल से आत्म-निर्वासन में थे ब्रिटेन में

भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ अपनी पार्टी का नेतृत्व करने और जनवरी में संभावित आम चुनाव में रिकॉर्ड चौथी बार सत्ता में आने के प्रयास के तहत ब्रिटेन में चार साल के आत्म-निर्वासन के बाद शनिवार को विशेष विमान से दुबई से स्वदेश लौट आए। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के प्रमुख शरीफ (73) विशेष विमान उम्मीद-ए-पाकिस्तान से दुबई से स्थानीय समयानुसार अपराह्न डेढ़ बजे इस्लामाबाद पहुंचे। शरीफ के आगमन पर, उनकी कानूनी टीम ने उनसे मुलाकात की और 19 अक्टूबर को अदालत द्वारा अनुमोदित जमानत प्रक्रिया के तहत इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में जमा करने के लिए कुछ कानूनी दस्तावेजों पर उनके हस्ताक्षर लिए। हवाई अड्डे पर अधिकारियों ने उनका बायोमेट्रिक्स भी लिया।





पीएमएल-एन सुप्रीमो की कानूनी टीम में पूर्व कानून मंत्री आजम तरार शामिल हैं। इस्लामाबाद में करीब एक घंटा रुकने के बाद वह मीनार-ए-पाकिस्तान में एक रैली को संबोधित करने के लिए लाहौर रवाना होंगे। हवाई अड्डे पर शरीफ के स्वागत के लिए कार्यकर्ताओं को बुलाया नहीं गया था, लेकिन दर्जनों समर्थक इस्लामाबाद हवाई अड्डे पर पहुंच गए। विशेष उड़ान में सवार लगभग 150 पीएमएल-एन समर्थक पूरी उड़ान के दौरान नारे लगाते रहे। उड़ान के दौरान शरीफ शांत रहे और उन्होंने शाम को लाहौर में अपने संबोधन के नोट्स पढ़े। दुबई हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बातचीत में पूर्व प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान में बेहद अराजक स्थिति पर निराशा जताई और विश्वास जताया कि उनकी पार्टी नकदी संकट से जूझ रहे देश को मौजूदा संकट से बाहर निकालने में सक्षम है। शरीफ ने कहा, मैं आज चार साल बाद पाकिस्तान वापस जा रहा हूं। जब मैं पाकिस्तान छोड़कर विदेश जा रहा था, तो मुझे खुशी का कोई एहसास नहीं था, लेकिन आज मैं खुश हूं। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि यह बहुत अच्छा होता, अगर देश की स्थिति 2017 की तुलना में आज बेहतर होती। उन्होंने कहा, हालात 2017 से बेहतर नहीं हैं...यह सब देखकर मुझे दुख होता है कि हमारा देश आगे बढ़ने के बजाय पीछे चला गया है। उन्होंने कहा, देश की हालत देखकर मैं बहुत चिंतित और निराश हो जाता हूं। जिस देश को आगे बढ़ना था, वह अब आर्थिक और एकजुटता के दृष्टिकोण से पीछे जा रहा है। शरीफ ने कहा कि केवल पाकिस्तान निर्वाचन आयोग (ईसीपी) ही यह तय कर सकता है कि चुनाव कब होंगे। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग सक्षम प्राधिकार और निष्पक्ष संस्था है। निर्वाचन आयोग ने अभी तक चुनाव की तारीख तय नहीं की है, लेकिन पूर्व में कहा था कि चुनाव जनवरी के अंत तक होंगे। अतीत में अपने साथ हुए व्यवहार पर अफसोस जताते हुए शरीफ ने कहा कि वह ऐसे व्यक्ति हैं, जो 150 अदालती सुनवाइयों का सामना कर चुके हैं। उन्होंने कहा, सिर्फ मैं ही नहीं, बल्कि मेरी बेटी भी। उसे भी क्लीन चिट मिल गई। उसे यह मिलना ही था। मेरी सरकार के दौरान उसके पास कोई पद नहीं था, कार्यालय भी नहीं था। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री और उनके भाई शहबाज शरीफ सहित उनके परिवार के खिलाफ भी फर्जी मामले दर्ज किए गए। उन्होंने कहा कि पूर्व गृह मंत्री राणा सनाउल्लाह खान और पीएमएल-एन नेता हनीफ अब्बासी के खिलाफ भी फर्जी मामले दर्ज किए गए। नवाज शरीफ ने कहा, मैंने जाने से पहले भी कहा था कि मैं सब कुछ अल्लाह पर छोड़ता हूं और मैं अब भी ऐसा ही कहूंगा। जब उनसे नौ मई की हिंसा में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी की संलिप्तता के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा हम 28 मई वाले हैं। पाकिस्तान ने 28 मई 1998 को तत्कालीन प्रधानमंत्री शरीफ के नेतृत्व में परमाणु परीक्षण किया था। पीएमएल-एन अध्यक्ष और उनके भाई शहबाज ने कहा कि उनके नेता लोगों के बीच रहेंगे और देश को एकजुट करने के लिए वापस आए हैं, इसे और विभाजित करने के लिए नहीं। उच्च न्यायालय द्वारा चार सप्ताह के लिए जमानत दिए जाने के बाद शरीफ नवंबर 2019 में चिकित्सा आधार पर लंदन चले गए।

## क्विक न्यूज

### विदेश मंत्री जयशंकर ने सिंगापुर के गृह मंत्री के साथ द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की

**सिंगापुर।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सिंगापुर के गृह और कानून मंत्री के. षणमुगम से शनिवार को मुलाकात की और उनके साथ क्षेत्रीय एवं वैश्विक घटनाक्रम और द्विपक्षीय संबंधों को अधिक मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की।जयशंकर दक्षिण पूर्व एशिया की अपनी दो देशों की यात्रा के दूसरे चरण में सिंगापुर पहुंचे। वह वियतनाम की चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा के बाद यहां आए हैं।जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट किया, आज, गृह और कानून मंत्री के. षणमुगम से मिलकर खुशी हुई। हमारे द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के बारे में विचारों का आदान-प्रदान किया गया। इस बीच क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा हुई। विदेश मंत्री की षणमुगम के साथ मुलाकात सिंगापुर के उनके समकक्ष विवियन बालकृष्णन, उप प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग, व्यापार एवं उद्योग मंत्री गैन किम योंग और वरिष्ठ मंत्री टेयो ची हीन से मुलाकात के एक दिन बाद हुई।जयशंकर ने बृहस्पतिवार को सिंगापुर के रक्षा मंत्री एनजी इंग हेन से बातचीत की और यहां भारत के आसियान तथा पूर्वी एशिया के राजदूतों के क्षेत्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता की। सिंगापुर के विदेश मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में कहा था कि जयशंकर की यात्रा सिंगापुर और भारत के बीच घनिष्ठ और दीर्घकालिक संबंधों की पुष्टि करती है जो रणनीतिक विश्वास की मजबूत नींव पर बने हैं।

### अमेरिका में पगड़ी पहने सिख युवक पर हमला करने वाले व्यक्ति के खिलाफ नफरत फैलाने का आरोप

**न्यूयार्क। प**गड़ी पहनने को लेकर एक सिख युवक पर बस में हमला करने के आरोप में यहां 26 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया और उस पर नफरत फैलाने का आरोप लगाया गया है। मीडिया में आई खबरों से यह जानकारी मिली। सीबीएस न्यूज की खबर के मुताबिक, पुलिस ने बृहस्पतिवार को क्रिस्टोफर फिलिपो नामक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। फिलिपो को दो साल से अधिक समय तक जेल में रहने के बाद जुलाई 2021 में पैरोल पर सशर्त रिहा किया गया था और 15 अक्टूबर को क्वींस में 118वीं स्ट्रीट और लिबर्टी एवेन्यू के पास बस में हुई घटना के बाद उस पर नफरत फैलाने का आरोप लगाया गया। पुलिस के मुताबिक, फिलिपो ने न्यूयॉर्क सिटी एमटीए बस में 19 वर्षीय सिख युवक को टोका और उसकी पगड़ी का जिक्र करते हुए कहा, हम इस देश में इसे नहीं पहनते हैं। उसने उसे (सिख युवक को) अपना मास्क उतारने को भी कहा। पुलिस के अनुसार, इसके बाद संदिग्ध ने पीड़ित के चेहरे, पीठ और सिर के पीछे मुक्का मारा, जिससे सिख युवक घायल हो गया। पुलिस ने कहा कि आरोपी ने सिख युवक के सिर से पगड़ी हटाने की भी कोशिश की। न्यूयॉर्क डेली न्यूज की खबर के अनुसार, रिकॉर्ड से पता चलता है कि मैनहट्टन में डकैती के प्रयास के मामले में जेल में दो साल से अधिक की सजा काटने के बाद जुलाई 2021 में फिलिपो को पैरोल पर सशर्त रिहा किया गया था। पुलिस ने कहा कि पिछले महीने ब्रुकलिन में सरकारी कामकाज में बाधा डालने के आरोप में भी उसे गिरफ्तार किया गया था। सिख युवक ने बुधवार को कहा कि वह इस हमले से स्तब्ध और क्रोधित है। युवक ने कहा कि किसी को भी इस वजह से परेशान नहीं किया जाना चाहिए कि वह कैसा दिखता है। एबीसी न्यूज ने सामाजिक कार्यकर्ता जपनीत सिंह को उद्धृत करते हुए कहा, अभी, पीड़ित सदमे में है और उसका परिवार चिंतित है।

### मिस्र-गाजा सीमा खुलने के बाद फलस्तीनियों के लिए आवश्यक सहायता पहुंचाने की प्रक्रिया शुरू

**राफा ( गाजा पट्टी )।** मिस्र और गाजा के बीच की सीमा शनिवार को खोल दी गई, जिसके बाद इजराइली घेराबंदी वाले क्षेत्र में भोजन, दवा और पानी की कमी से जूझ रहे फलस्तीनियों के लिए सहायता पहुंचाने की प्रक्रिया शुरू हो गई। गाजा जाने के लिए 200 से अधिक ट्रक लगभग 3,000 टन सहायता सामग्री लेकर कई दिनों से सीमा पर खड़े थे। सहायताकर्मियों ने बताया कि केवल 20 ट्रक को अंदर आने की अनुमति दी गई जो गाजा में अभूतपूर्व मानवीय संकट से निपटने के लिए अपर्याप्त है। गाजा के 23 लाख फलस्तीनी, जिनमें से आधे अपने घर छोड़कर भाग गए हैं, गंदा पानी पीने को मजबूर हैं और उनके समक्ष खाद्य सामग्री का संकट है। अस्पतालों का कहना है कि पूरे क्षेत्र में बिजली कटौती के कारण उनके पास चिकित्सा आपूर्ति और आपातकालीन जनरेटर के लिए ईंधन की कमी हो गई है।इजराइल हमास के हमले के जवाब में अभी भी गाजा पर हवाई हमले कर रहा है।हमास के आतंकवादियों द्वारा दक्षिणी इजराइल के शहरों पर सात अक्टूबर को हमले किए जाने के बाद इजराइल ने गाजा पट्टी की घेराबंदी कर दी और कई जवाबी हवाई हमले किए। दिन में एक बार भोजन करने को मजबूर और पेयजल की कमी से जूझ रहे गाजा में कई लोग सहायता का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। बमबारी में बड़ी संख्या में घायल हुए लोगों का उपचार कर रहे अस्पताल कर्मियों को भी चिकित्सा आपूर्ति और जनरेटरों के लिए ईंधन की तत्काल आवश्यकता थी। सैकड़ों विदेशी नागरिक भी युद्ध के बीच गाजा से मिस्र जाने के लिए सीमा के खुलने का इंतजार कर रहे थे। इस बीच हमास द्वारा एक अमेरिकी महिला और उसकी किशोर बेटी को रिहा किए जाने के बाद शनिवार को इजराइल और फलस्तीनी आतंकवादियों के बीच गोलीबारी हुई। इजराइली सैन्य प्रवक्ता, रियर एडमिरल डैनियल हागारी ने कहा, गाजा में मानवीय स्थिति नियंत्रण में है। उन्होंने कहा कि सहायता केवल दक्षिणी गाजा तक पहुंचाई जाएगी, जहां सेना ने लोगों को स्थानांतरित करने का आदेश दिया है। हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार गाजा में 4,300 से अधिक लोग मारे गए हैं। मंत्रालय का कहना है कि माना जाता है कि अन्य 1,400 लोग जीवित या मृत, मलबे के नीचे दबे हुए हैं। राफा के फलस्तीनी हिस्से में एसोसिएटेड प्रेस के एक पत्रकार ने 20 ट्रक को उत्तर की ओर दीर अल-बलाह शहर की ओर जाते देखा, जहां उत्तर से आए कई लोगों ने शरण ली हुई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कहा कि शनिवार को राफा से होकर गुजरने वाले 20 ट्रक में से चार ट्रक से चिकित्सा आपूर्ति ले जाई गई, जिसमें तीन महीने के लिए 3,00,000 लोगों के लिए आवश्यक आपूर्ति, दवाओं समेत चिकित्सा आपूर्ति शामिल हैं।

### शादी समारोह के लिए भारतीयों की नई पसंद बन रहा ओमान

**मस्कट।** ओमान में विभिन्न स्थानों पर भारतीयों के विवाह समारोह आयोजित करने के मामलों में पिछले साल की तुलना में दोगुनी वृद्धि हुई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। ओमान सल्तनत के विरासत एवं पर्यटन मंत्रालय के एक प्रतिनिधि ने कहा कि ओमानी अधिकारियों ने देश को भारतीय शादियों के लिए एक सुंदर और आकर्षक स्थान के रूप में स्थापित करने की तैयारी कई साल पहले ही शुरू कर दी थी।बज़ ट्रैवल टूरिज्म के कंट्री मैनेजर अर्जुन चड्ढा ने कहा, ओमान नजदीक है और अन्य पसंदीदा स्थलों की तुलना में भारत के लिए बेहतर एयरलाइन कनेक्टिविटी है। यह भारतीय शादियों में शामिल होने के लिए यूरोप और दुनिया के अन्य हिस्सों से आने वाले आगंतुकों के लिए भी एक आदर्श स्थान है। चड्ढा ने मस्कट में बताया, अपनी प्राकृतिक स्थलाकृति, आतिथ्य के मामले में वैश्विक पहचान और बेहतरीन बुनियादी ढांचे के चलते सलालाह सबसे अधिक मांग वाले स्थलों में से एक है, जो अनोखी शादियों के लिए बिल्कुल उपयुक्त है। प्रतिष्ठित विवाह स्थलों में पहाड़ी इलाके में स्थित अलीला जबल अखदर और समुद्र तट के करीब मौजूद अलीला हिनू खाड़ी शामिल है। ए प्राकृतिक सुंदरता के मामले में काफी आकर्षक है। अलीला हिनू बे, सलालाह हवाई अड्डे से 45 मिनट की दूरी पर स्थित है। यहां मेहमानों को पुराने तटीय शहर मिरबत में अरब संस्कृति से रूबरू होने का मौका मिलता है। अलीला जबल अखदर रिजॉर्ट के महाप्रबंधक पुनीत सिंह ने कहा, जबल अखदर में सितंबर से अप्रैल तक सर्दी के दौरान, यूरोपीय लोग आते है जो आमतौर पर कुछ दिन मस्कट में, एक दिन रेगिस्तान में और कुछ दिन पहाड़ों पर बिताते है।

### भारतीय मूल की शिक्षाविद, दक्षिण एशिया की इतिहासकार को ब्रिटेन का पुरस्कार

**लंदन।** ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय की भारतीय मूल की दो शिक्षाविद और किंग्स कॉलेज लंदन की एक दक्षिण एशियाई इतिहासकार ब्रिटेन का 30 लाख पाउंड का लीवरहल्मे ट्रस्ट पुरस्कार 2023 प्राप्त करने वाले 30 व्यक्तियों में शामिल है। यह पुरस्कार विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण शोध करने वालों को दिया जाता है। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में दर्शनशास्त्र संकाय की प्रोफेसर अमिया श्रीनिवासन को ज्ञान-पद्धति शास्त्र, सामाजिक एवं राजनीतिक दर्शन, नारीवाद और दर्शनशास्त्र के इतिहास पर उनके काम के लिए इस पुरस्कार के लिए चुना गया है। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय की समाजशास्त्र विभाग की प्रोफेसर रिधि कश्यप को जनसांख्यिकी, सामाजिक सांख्यिकी, कम्प्यूटेशनल सोशल साइंस, डिजिटल एंड कम्प्यूटेशनल डेमोग्राफी और लैंगिक असमानताओं पर उनके काम के लिए सम्मानित किया गया है।इस बीच, किंग्स कॉलेज लंदन में आधुनिक दक्षिण एशिया और हिंद महासागर की इतिहासकार डॉ. बेरेनिस गयोट-रिचर्ड को दक्षिण एशिया के इतिहास और अंतरराष्ट्रीय इतिहास एवं औपनिवेशीकरण से मुक्ति के इतिहास पर उनके काम के लिए सम्मानित किया गया है।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

**I, Sadia Iqbal, W/o. Javed** Akhtar, R/o. A-189, 4th floor, Abul Fazal Enclave-II, Shaheen Bagh, Jamia Nagar, New Delhi-110025 have changed my name after marriage as Sadia Javed for all future purposes.

PD(185)A

## हमास ने दो अमेरिकी नागरिकों को रिहा किया: बाइडन

भाषा। वाशिंगटन



**इजराइल पर** सात अक्टूबर के हमले के बाद हमास द्वारा बंधक बनाए गए दो अमेरिकी नागरिकों को रिहा कर दिया गया है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने शुक्रवार को यह घोषणा की और आश्वस्त किया कि उनकी सरकार दोनों नागरिकों की सुरक्षित स्वदेश वापसी सुनिश्चित करने और उन्हें इस सदमे से उबरने में हर संभव मदद करेगी। बाइडन ने बंधक बनाई गई एक अमेरिकी महिला और उसकी किशोर बेटी की रिहाई सुनिश्चित करने में कतर और इजराइल की सरकारों के सहयोग के लिए शुक्रिया अदा किया। इसके तुरंत बाद बाइडन ने रिहा किए गए दोनों बंधकों और उनके परिवार से फोन पर बात की। राष्ट्रपति ने एक बयान में कहा, इजराइल के खिलाफ सात अक्टूबर को भयावह आतंकवादी हमले के दौरान हमास द्वारा बंधक बनाई गईं दो अमेरिकी नागरिकों की आज हमने रिहाई सुनिश्चित की। उन्होंने कहा, हमारे साथी नागरिकों ने पिछले 14 दिनों में एक भयावह कष्ट का सामना किया है और मुझे बहुत खुशी है कि वे जल्द अपने परिवार से फिर से मिलेंगी, जो डर से टूट गए हैं। इन व्यक्तियों और उनके परिवार को इस सदमे से उबरने में अमेरिका सरकार का पूरा समर्थन मिलेगा और इस समय हम सभी को उनकी निजता का सम्मान करना चाहिए। मुक्त कराई गई मां-बेटी हमास द्वारा रिहा किए जाने वाले बंधकों में से पहली थीं और 200 से अधिक लोग अब भी बंधक हैं। बाइडन ने कहा कि हमले के शुरुआती क्षण से उनका प्रशासन हमास द्वारा बंधक बनाए गए अमेरिकी नागरिकों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए 24 घंटे काम कर रहा था और उसने अब भी बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने का प्रयास बंद नहीं किया है। अमेरिका के विदेश मंत्री टोनी ब्लिंकन ने यहां पत्रकारों से कहा, हमास द्वारा सात अक्टूबर को बंधक बनाए गए दो अमेरिकी नागरिकों को करीब एक घंटा पहले इजराइल के अधिकारियों के हाथ में सुरक्षित सौंप दिया गया। उन्होंने कहा कि अमेरिकी दूतावास से एक टीम जल्द उनसे संपर्क करेगी। उन्होंने दोनों बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए कतर सरकार का धन्यवाद किया। वहीं, एसोसिएटेड प्रेस (एपी) की खबर के अनुसार, बाइडन ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें लगता है कि सऊदी अरब के साथ रिश्ते सामान्य करने की इजराइल की कोशिश को रोकने के कारण हमास ने उस पर हमला किया। बाइडन ने एक कार्यक्रम में कहा, हमास के इजराइल पर हमला करने के कारणों में से एक यह भी हो सकता है कि... वे जानते थे कि मैं सऊदी के साथ बैठक करने वाला हूं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने संकेत दिया कि उन्हें लगता है कि हमास के आतंकवादियों ने सात अक्टूबर को घातक हमला इसलिए किया क्योंकि सऊदी इजराइल को मान्यता देना चाहता था और वे औपचारिक रूप से ऐसा करने में सक्षम होने के करीब थे। यरुशलम और रियाद लगातार रिश्ते सामान्य करने की दिशा में करीब पहुंच रहे थे और बाइडन दोनों देशों को साथ लाने में मदद करने के लिए काम कर रहे थे।

### अमेरिका ने पाक को बैलिस्टिक मिसाइलों के पुर्जों की आपूर्ति करने वाली चीनी कंपनियों पर लगाया प्रतिबंध

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका ने** पाकिस्तान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के लिए मिसाइलों से जुड़े उपकरणों की आपूर्ति करने के वास्ते तीन चीनी कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि ए प्रतिबंध वैश्विक अप्रसार व्यवस्था के तहत लगाए गए हैं। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, आज, हम कार्यकारी आदेश 13382 के अनुसार तीन कंपनियों पर प्रतिबंध लगा रहे हैं जो सामूहिक विनाश के हथियारों के प्रसारकों और उनके वितरण से जुड़ी हैं। यह तीनों कंपनियां चीन की हैं और इन्होंने पाकिस्तान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के मिसाइल से जुड़े पुर्जों एवं उपकरणों की आपूर्ति की है। पाकिस्तान का चीन सदाबहार सहयोगी है जो इस्लामाबाद के सैन्य आधुनिकीकरण कार्यक्रम के लिए हथियारों और रक्षा उपकरणों का मुख्य आपूर्तिकर्ता रहा है।यह तीनों कंपनियां जनरल टेक्नोलॉजी लिमिटेड, बीजिंग लुओ लुओ टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड और चांगझौ यूटेक कंपोजिट कंपनी लिमिटेड हैं।

### कार्ल सागन ने 30 साल पहले पृथ्वी पर जीवन का पता लगाया था

बर्मिंघम। कन्वरसेशन) 30 साल हो गए हैं जब कार्ल सागन के नेतृत्व में वैज्ञानिकों के एक समूह ने नासा गैलीलियो रोबोटिक अंतरिक्ष यान पर लगे उपकरणों के डेटा का उपयोग करके पृथ्वी पर जीवन के प्रमाण पाए थे। जी, आपने ठीक पढ़ा। अपने ज्ञान के कई मोतियों में से, सागन यह कहने के लिए प्रसिद्ध थे कि विज्ञान ज्ञान के भंडार से कहीं अधिक है - यह सोचने का एक तरीका है। दूसरे शब्दों में, मनुष्य नए ज्ञान की खोज कैसे करता है, यह कम से कम उतना ही महत्वपूर्ण है जितना स्वयं ज्ञान। इस प्रकार, अध्ययन ँनियंत्रण प्रयोगै का एक उदाहरण था - वैज्ञानिक पद्धति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा। इसमें यह पूछना शामिल हो सकता है कि क्या कोई दिया गया अध्ययन या विश्लेषण की विधि उस चीज़ के लिए सबूत ढूंढने में सक्षम है जिसे हम पहले से जानते हैं।

## अमेरिकी प्रशासन विदेशी छात्रों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम में बदलाव करें: भारतीय प्रवासी निकाय

भाषा। वाशिंगटन

**स्नातक क**र रहे छात्रों और उपलब्ध एच1बी वीजा के बीच बहुत अधिक अंतराल बताते हुए एक भारतीय प्रवासी समुदाय निकाय ने शुक्रवार को अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन प्रशासन से विदेशी छात्रों के लिए वैकल्पिक व्यावहारिक प्रशिक्षण (ओपीटी) कार्यक्रम में बदलाव करने का आग्रह किया है। फाउंडेशन फॉर इंडिया एंड इंडियन डायस्पोरा स्टडीज (एफआईआईडीएस) ने अमेरिकी गृह मंत्री एलेजांद्रो मयोरकास को लिखे एक पत्र में कहा कि इस अंतराल के कारण भारतीय छात्र अमेरिकी उद्योग में योगदान करने के अवसर से चूक रहे हैं। एफआईआईडीएस द्वारा सुझाए गए कई बदलावों में विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अभियान्त्रिकी और गणित (एसटीईएम) के विषयों में डिग्री वाले पात्र छात्रों के लिए एसटीईएम ओपीटी की अवधि को 24 महीने से बढ़ाकर 48 महीने करना, ओपीटी स्नातकोत्तर में आवेदन करने की अवधि को 60 दिन से बढ़ाकर 180 दिन करना और एसटीईएम डिग्री धारकों को गैर-एसटीईएम डिग्री धारकों की तुलना में एच1बी वीजा लॉटरी में चुने जाने के छह गुना अधिक अवसर प्रदान करना है। एफआईआईडीएस के नीति और रणनीति प्रमुख खंडेराव कांड ने पत्र में कहा, ऐसा करने से हम न केवल उस प्रतिभा को बनाए रखते हैं जो हमारे नवाचार को बढ़ावा देती हैं बल्कि यह उन आर्थिक लाभों के लिए भी आवश्यक है जो इस छात्रों से हमारे देश को मिलता है। उन्होंने पत्र में कहा, वैश्विक प्रौद्योगिकी के उभरते परिदृश्य और कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं साइबर सुरक्षा में बढ़ती चुनौतियों को देखते हुए अत्यधिक कुशल एसटीईएम छात्र न केवल आर्थिक रूप से फायदेमंद है बल्कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा का भी मामला है। राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी (एनएसए) ने उभरती प्रौद्योगिकियों में प्रतिभा की कमी को राष्ट्रीय सुरक्षा में खतरे के रूप में उजागर किया है। पत्र में कहा गया, ओपीटी अवधि बढ़ाकर, अतिरिक्त एच1बी वीजा आवंटन प्रदान कर और लॉटरी की संभावना बढ़ाकर देश में हम उस प्रतिभा को बरकरार रख सकते हैं जो हमारे प्रौद्योगिक विकास और राष्ट्रीय सुरक्षा को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है।

### बाइडन प्रशासन का एच1बी वीजा कार्यक्रम में बदलाव का प्रस्ताव

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने एच1बी विदेशी कर्मचारी कार्यक्रम में बदलाव का प्रस्ताव रखा है जिसका मकसद पात्रता को युक्तिसंगत बनाकर दक्षता में सुधार करना, एफ-1 छात्रों, उद्यमियों और गैर-लाभकारी निकायों के लिए काम करने वाले लोगों को अधिक लचीलापन प्रदान करना और अन्य प्रवासी कर्मचारियों के लिए बेहतर स्थिति सुनिश्चित करना है।अमेरिकी नागरिकता और आव्रजन सेवा (यूएससीआईएस) इन नियमों को 23 अक्टूबर को संघीय रजिस्टर में आधिकारिक रूप से प्रकाशित करेगी। इन नियमों को संसद द्वारा तय की गई इन वीजा की 60,000 की संख्या में बदलाव किए बिना प्रस्तावित किया गया है।गृह मंत्रालय ने इन प्रस्तावित नियमों को सार्वजनिक किया है।

## मध्य पूर्व में संघर्ष से ब्रिटेन में उजागर हुए हिंसा

द कन्वरसेशन। न्यूकैसल



**एक ऐसे संकट पर**, जिसे अभी तक एक विशिष्ट पदनाम नहीं दिया गया है, ब्रिटेन द्वारा व्यक्त की गई प्रतिक्रिया में उपयोग किए गए शब्दों के साथ साथ उपयोग न किए गए शब्दों पर भी ध्यान केंद्रित किया गया है - उनका महत्व इस बात से बढ़ जाता है कि उनके उपयोग, या गैर-उपयोग का क्या अर्थ निकाला जा सकता है। पोग्रोम एक ऐसा शब्द है, जो कक्षा या व्याख्यान थिएटर के बाहर ज्यादा नहीं सुना जाता है। लेकिन जब प्रधान मंत्री ऋषि सनक ने मध्य पूर्व में भयावह स्थिति पर बयान देने के लिए हाउस ऑफ कॉमन्स को संबोधित किया तो यह उनके द्वारा बोले गए कुछ शुरूआती शब्दों में से एक था। यह शब्द - जिसका अर्थ है यहूदियों का सामूहिक नरसंहार - एक ऐसा शब्द है जिससे 7 अक्टूबर को आत्मरक्षा के रूप में हमास की कार्रवाई के बारे में सोचने वाले लोग भी सहमत होंगे। यह इस क्षण को ग्रह पर सबसे कठिन संघर्ष में अलग करता है।किसी अन्य विदेशी मामले का यूके पर इतना गंभीर घरेलू प्रभाव नहीं है। ब्रिटेन के इराक में प्रवेश करने और यूरोपीय संघ छोड़ने से जनता उद्वेलित हुई, लेकिन थोड़े समय के लिए। इज़राइल-फलस्तीन विवाद 50 वर्षों से अधिक समय से सुलग रहा है, और फलस्तीन एकजुटता अभियान के एक कार्यकर्ता जन्ना जिहाद अय्यद अल-तमीमी, के लिए यह अपने आप में, ब्रिटिश साम्राज्यवाद के परिणाम का हिस्सा है। विदेश नीति: विदेश नीति का आयाम, अपेक्षाकृत, सीधा है, यद्यपि दुविधा रहित नहीं है। मोटे तौर पर, कंजर्वेटिव सरकार और लेबर विपक्ष इज़राइल के समर्थन में हैं: शुरू में स्पष्ट रूप से , और फिर, यदि स्पष्ट रूप से नहीं, तो शमन के साथ। इसके पीछे प्रमुख आधार मानवतावाद है, और यह कि हमास के कार्यों के लिए फ़लस्तीनियों को कष्ट सहना पड़ रहा है।शुरुआती चौंका देने वाली आम सहमति का टूटना शुरू हो चुका है। लेबर इससे हट गए हैं और, कुछ शिक्षाविदों ने, इजरायली सरकार की प्रतिक्रिया को सामूहिक सजा के रूप में वर्णित किया है। यह एक विवादास्पद दावा है, लेकिन इज़राइल के सहयोगियों के बीच विभाजन निस्संदेह था जैसा कि हमास का इरादा था। यह किसी ऐतिहासिक मिसाल से रहित नहीं है। सत्तर साल पहले, द्वितीय विश्व युद्ध में ब्रिटेन द्वारा नागरिकों को निशाना बनाने पर लेबर पार्टी और शिक्षाविदों की आवाज़ खामोश थी। नागरिक और लड़ाकों के बीच फर्क धुंधला गया था। इज़राइल के लिए, युद्ध में होना उन्हीं बारीकियों की आड़ में किया गया बचाव है। ब्रिटेन जो कूटनीतिक हथकंडे अपना सकता है, उन्हें तनाव कम करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए लागू किया गया है। विदेश सचिव, जेम्स क्लेवरली को (अपने स्वयं के खतरे से निपटने के लिए) भेजा गया था। इसके तत्काल बाद सुनक ने अपने इजरायली समकक्ष बेंजामिन नेतन्याहू से कम से कम दो बार बात की और ब्रिटेन के साथ निकटतम संबंध रखने वाले क्षेत्रीय देश जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला से मुलाकात की और फिर इजरायली प्रधान मंत्री के साथ बैठक के लिए इजरायल के लिए उड़ान भरी। सब कुछ बहुत चतुराई से किया गया था, सरकार ने कुछ कहने से परहेज किया, क्योंकि ब्रिटेन यूरोपीय संघ के विचारों से मुक्त था (हालांकि यूरोपीय आयोग के अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन और जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़ उनसे पहले वहां पहुंचने में कामयाब रहे)।

### बंद नाक खोलने के लिए ली जाने वाली लोकप्रिय दवा को अमेरिकी दवा नियामक ने अप्रभावी पाया

**लंदन( द कन्वरसेशन )।** अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन के एक सलाहकार पैनल ने पाया है कि बंद नाक खोलने के लिए अधिकांश सर्दी और फ्लू उत्पादों में इस्तेमाल की जाने वाली दवा काम नहीं करती है। पैनल ने नोट किया कि टैबलेट, कैप्सूल और तरल रूप में फिनाइलफ्राइन ने बंद नाक खोलने में राहत नहीं दी। हालाँकि, यह बताया गया कि अप्रभावी होने के बावजूद, इसकी सुरक्षा के बारे में कोई चिंता नहीं थी, इसलिए अगर लोग दवा ले रहे हैं तो उन्हें घबराना नहीं चाहिए। इसके अलावा, निष्कर्ष दवा के नेज़ल स्प्रे संस्करण पर लागू नहीं होते हैं, जिसे पैनल ने प्रभावी माना था।फिनाइलफ्राइन पहली बार 1970 के दशक में यूके में बेचा जाना शुरू हुआ। यह वायु प्रवाह को बेहतर बनाने के लिए नाक में रक्त वाहिकाओं को सिकोड़कर काम करता है, जिससे सांस लेना आसान हो जाता है।आज, फिनाइलफ्राइन यूके के कई प्रमुख सर्दी और फ्लू उत्पादों में पाया जाता है, जिनमें लेम्सिप, बीचम्स, सूडाफेड और बेनिलिन शामिल हैं।

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform the public at large that the Property Being Plot No. L-86, are measuring 250 sq. Yards, part of Khasra No. 59/24/1 situated at Village Hastsal Colony Known as Mohan Garden, Uttam Nagar, New Delhi-110059, was rightfully owned by Mr. Jaswinder Singh and Mr Jagjit Singh vide GPA, ATS, and Will dated 16/06/1997. Unfortunately, Mr Jagjit Singh died on 18.07.2018, after his demise, I namely Mr. Harpreet Singh has become the owner of share of my father, Late Mr. Jagjit Singh being his only legal heir. Further I have executed an Relinquishment deed bearing No. 8879, Volume No.4300, Pages 65 to 69, Book No.1 dated 26/04/2019 in favour of Mrs Narinder Kaur in respect of the above mentioned property.

It is to undertake that I am the only legal heir of Late Mr. Jagjit Singh and there is no other legal heir. I further undertake that I have no right, claim and interest whatsoever in the property to be mortgaged.

Further the "Upper Ground Floor, Built Upon Plot No.L-86, part of Khasra No. 59/24/1 situated at Village Hastsal Colony Known as Mohan Garden, Uttam Nagar, New Delhi-110059" is going to be mortgaged with Hinduja Housing Finance Limited, and in due regard I have no objection and cast no claim of whatsoever in respect to the said property.

If any other person having any objection kindly contact the Undersigned within 7 days.

Place : Delhi — Sd/- Advocate Amarendra Kr. Dubey,
Date : 22.10.23 — (Enr. No. D-200/2013)

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform general public that **Mr. Chittur V. Ananthakrishanan Aiyer & Mrs. Santosh Ananthakrishanan Aiyer** are the unequivocal owner of the **Residential Unit bearing No. 02 (super built-up area 3794.62 Sq.Ft.) on Second Floor, Tower-TG-1, alongwith one no. Open/covered reserved car parking space bearing no. 26 in Upper Basement, project known as 'Vipul Gardens', situated in Suncity, Sector-54, Gurgaon, (Haryana).** This legal ownership was established through a **Conveyance Deed dated 26.03.2007, Doc No- 26979.** Above said owner has misplaced the Original Conveyance Deed dated 26.03.2007 Doc. No. 26979, SRO-Gurgaonexecuted by M/s. Uddar Gagan Properties Pvt. Ltd., M/s. Vipul Ltd. (formerly known as M/s. Vipul Infrastruture Developers Ltd.) & others in favour of **Mr. Chittur V. Ananthakrishanan Aiyer & Mrs. Santosh Ananthakrishanan Aiyer.** Original Apartment deed dated 06.11.2007 doc. No. 16142 executed Mr. Chittur V. Ananthakrishanan Aiyer & Mrs. Santosh Ananthakrishanan Aiyer. Anyone who finds the above-mentioned documents, kindly handover the same to the Manager of **KotakMahindra Bank Limited.**

**Mr. Chittur V. Ananthakrishanan Aiyer and Mrs. Santosh Ananthakrishanan Aiyer** are intending to sell the said property to Mr. Sahej Mogan who is mortgaging the said property with **Kotak Mahindra Bank Limited.** If anyone wishes to raise an objection, please do so within the stipulated 10 days period by contacting **Law Veritas: North (Advocates & Legal Consultants)at Office No. 11, 1st Floor, Building No. A-44/A, Sector-16, Noida, Uttar Pradesh-201301; Landline(s): +910120-3101683/4562809; e-mail: accounts@lvnorth.in**

# पुलिसकर्मियों ने हर स्थिति में खुद को साबित किया : शाह

**● आतंकवाद, नक्सलवाद, पूर्वोत्तर में उग्रवाद की घटनाओं में आई 65 प्रतिशत की कमी: केंद्रीय गृह मंत्री**

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि आतंकवाद, नक्सलवाद (वामपंथी चरमपंथ) और पूर्वोत्तर में उग्रवाद की घटनाओं में 65 प्रतिशत की कमी आई है। उन्होंने कहा कि देश के तीन संवेदनशील क्षेत्रों - एलडब्ल्यूई (वामपंथी चरमपंथ से प्रभावित राज्य), पूर्वोत्तर और जम्मू-कश्मीर- में अब शांति स्थापित हो रही है। गृहमंत्री ने पुलिस स्मृति दिवस पर यहां राष्ट्रीय पुलिस स्मारक में शहीदों को श्रद्धांजलि देने के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने आतंकवाद को बिल्कुल बर्दाश्त न करने की नीति को कायम रखते हुए कड़ा कानून बनाया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने पुलिस बल के आधुनिकीकरण के लिए पुलिस प्रौद्योगिकी मिशन की स्थापना कर उसे दुनिया में सर्वश्रेष्ठ आतंकवाद-रोधी बल बनाने की दिशा में काम किया है। शाह ने कहा कि मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने आपराधिक न्याय प्रणाली में व्यापक बदलाव के लिए संसद में तीन विधेयक पेश किए हैं। उन्होंने कहा कि ए तीन विधेयक 150 साल पुराने कानूनों की जगह लेंगे और सभी नागरिकों के संवैधानिक अधिकार की गारंटी देंगे। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित कानून में भारतीयता की झलक होगी।

शाह ने कहा, पुलिसकर्मियों के प्रयासों और उपलब्धियों की बदौलत आतंकवाद, वामपंथी चरमपंथ और पूर्वोत्तर में उग्रवाद की घटनाओं में 65 प्रतिशत की कमी आई है। उन्होंने कहा कि चाहे आतंकवादियों से लड़ना हो, अपराध को रोकना हो, भारी भीड़ के सामने कानून-व्यवस्था बनाए रखना हो या आपदा के समय ढाल बनकर लोगों की रक्षा करना हो, पुलिसकर्मियों ने हर स्थिति में खुद को साबित किया है। शाह ने कहा कि किसी भी देश की आंतरिक और सीमा सुरक्षा सतर्क पुलिस व्यवस्था के बिना संभव नहीं है। उन्होंने आपदा में पुलिसकर्मियों की भूमिका का जिक्र करते हुए कहा कि पिछले दिनों एनडीआरएफ (राष्ट्रीय आपदा मोचन बल) के माध्यम से विभिन्न पुलिस बल के जवानों ने आपदा प्रबंधन में दुनिया भर में नाम कमाया है। उन्होंने कहा, चाहे कितनी भी बड़ी आपदा क्यों न हो, जब एनडीआरएफ के जवान वहां पहुंचते हैं, तो लोगों को विश्वास हो जाता है कि अब कोई समस्या नहीं होगी, क्योंकि एनडीआरएफ आ गई है।



पुलिस स्मृति दिवस पर नई दिल्ली में राष्ट्रीय पुलिस स्मारक में शहीदों को श्रद्धांजलि देने के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित करते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

शाह ने कहा कि मोदी के नेतृत्व वाली सरकार पुलिसकर्मियों के कल्याण के लिए चलाई जा रही कई योजनाओं में समय-समय पर बदलाव कर उन्हें बेहतर बनाने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार सभी कर्मियों के कल्याण के लिए समर्पित है और उनकी सुरक्षा के लिए चिंतित है।

आजादी के बाद से देश की सेवा करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले 36,250 पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि देते हुए उन्होंने कहा कि यह पुलिस स्मारक सिर्फ एक प्रतीक नहीं है, बल्कि राष्ट्र निर्माण के प्रति पुलिसकर्मियों के बलिदान और समर्पण को मान्यता प्रदान करता है। लद्दाख के हॉट स्प्रिंग्स में 21 अक्टूबर, 1959 को भारी हथियारों से लैस चीनी सैनिकों द्वारा घात लगाकर किए गए हमले के दौरान ड्यूटी के दौरान 10 पुलिसकर्मी शहीद हो गए थे। तब से हर साल 21 अक्टूबर को इन शहीदों और ड्यूटी के दौरान मारे गए अन्य सभी पुलिसकर्मियों के सम्मान में पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है।

पुलिसकर्मियों द्वारा किए गए बलिदान और राष्ट्रीय सुरक्षा एवं अखंडता को बनाए रखने में उनकी सर्वोच्च भूमिका को पहचान दिलाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2018 में पुलिस स्मृति दिवस पर यहां चाणक्यपुरी में राष्ट्रीय पुलिस स्मारक (एनपीएम) राष्ट्र को समर्पित किया था। स्मारक में एक केंद्रीय शिल्प आकृति, शौर्य दीवार और एक संग्रहालय शामिल है। संग्रहालय की संकल्पना भारत में पुलिस व्यवस्था पर एक ऐतिहासिक और विकसित होती प्रदर्शनी के रूप में की गई है।

# भाजपा की दूसरी सूची में वसुंधरा राजे सहित 83 नाम

**जयपुर ( भाषा )।** भाजपा ने राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए शनिवार को 83 और उम्मीदवारों की सूची जारी की जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को उनकी पारंपरिक झालरापाटन सीट से मैदान में उतारा गया है। पार्टी की इस दूसरी सूची में 50 मौजूदा विधायकों को टिकट दिया गया है जबकि नौ मौजूदा विधायकों के टिकट काटे गए हैं। दूसरी सूची में पार्टी ने किसी सांसद को विधानसभा चुनाव में नहीं उतारा है। दूसरी सूची के कुल 83 उम्मीदवारों में से 10 महिलाएं हैं। राजस्थान में विधानसभा की कुल 200 सीटें हैं और भाजपा ने अब तक कुल 124 सीटों के लिए उम्मीदवार उतार दिए हैं। पार्टी ने पहली सूची में 41 नामों की घोषणा की थी। राज्य की सभी सीटों के लिए 25 नवंबर को मतदान होगा जबकि मतगणना तीन दिसंबर को होगी। राजे के जिन समर्थकों को इस सूची में जगह मिली है उनमें दो पूर्व मंत्री शामिल हैं। पार्टी ने पांच बार के विधायक और दिग्गज नेता भैरों सिंह शेखावत के दामाद नरपत सिंह राजवी को चित्तौड़गढ़ सीट पर उतारने का फैसला किया। उसने अपनी पहली सूची में राजवी को उनकी मौजूदा सीट विद्याधर नगर सीट से टिकट नहीं दिया था। इस पर पार्टी के कुछ कार्यकर्ताओं की ओर से तीखी प्रतिक्रिया हुई थी। राजवी द्वारा नाराजगी जताए जाने एवं अपनी पारिवारिक विरासत के हवाले से पार्टी पर निशाना साधे जाने के बाद भाजपा द्वारा उन्हें टिकट दिए जाने को नुकसान भरपाई की कवायद के रूप में देखा जा रहा है। शनिवार को घोषित किए गए पार्टी के उम्मीदवारों में हाल ही में भाजपा में शामिल हुए महाराणा प्रताप के वंशज विश्वराज सिंह मेवाड़ भी शामिल हैं। उन्हें नाथद्वारा से टिकट दिया गया है जहां से कांग्रेस नेता सी पी जोशी इस समय विधायक हैं। भाजपा ने विश्वराज सिंह मेवाड़ को एक बार फिर यहीं से मैदान में उतारने का फैसला किया है।

## क्विक न्यूज

### केरल की कंपनी संघर्ष न रुकने तक इजराइल से पुलिस वर्दी का नया ऑर्डर नहीं लेगी

**कन्नूर ( भाषा )।** इजराइल के पुलिसबल को पिछले कई वर्षों से वर्दी की आपूर्ति करने वाली केरल की एक कंपनी ने फलस्तीन के गाजा में छिड़ा संघर्ष बंद न होने तक कोई नया ऑर्डर लेने से मना कर दिया है। केरल के कन्नूर में स्थित मरियन एपेरल प्राइवेट लिमिटेड ने इजराइल और फलस्तीन के आतंकी समूह हमास के बीच छिड़े संघर्ष में निर्दोष लोगों के मारे जाने की खबरें आने के बाद यह फैसला किया है। यह कंपनी पिछले कई वर्षों से इजराइली पुलिसबल के लिए वर्दी की आपूर्ति करती रही है। कंपनी के संचालक थॉमस ओलिकल ने कहा कि इस महीने की शुरुआत में पश्चिम एशिया में संघर्ष छिड़ने के बाद भी कंपनी ने कारोबारी योजना में कोई बदलाव न करने का मन बनाया था। लेकिन गाजा में आम लोगों को निशाना बनाए जाने के बाद उसने नए ऑर्डर लेना बंद करने का फैसला किया है। ओलिकल ने एक वीडियो संदेश में इस फैसले की घोषणा करते हुए कहा, हम वर्ष 2015 से ही इजराइल के पुलिसबल के लिए वर्दियां बनाते आ रहे हैं। हमास के हमले में आम नागरिकों की हत्या को स्वीकार नहीं किया जा सकता है। इसी तरह इजराइल की बदले की कार्रवाई भी नहीं स्वीकार की जा सकती है। हालांकि मरियन एपेरल के प्रमुख ने कहा कि उनकी कंपनी अंतरराष्ट्रीय प्रावधानों के अनुरूप मौजूदा अनुबंधों का पालन करेगी लेकिन यह जंग खत्म न होने तक वर्दी की आपूर्ति का कोई नया ऑर्डर नहीं लेगी।

### विहिप, बजरंग दल ने इजराइल पर हमास के हमले के खिलाफ मुंबई में प्रदर्शन किया

**मुंबई ( भाषा )।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं और नेताओं ने फलस्तीनी उग्रवादी समूह हमास के इजराइल पर हमले के खिलाफ शनिवार को यहां प्रदर्शन किया। दोनों संगठनों के कार्यकर्ता और नेता आजाद मैदान में एकत्र हुए और इजराइल में नागरिकों पर हमले की निंदा करते हुए उन्होंने नारे लगाए। विहिप के संयुक्त सचिव (कोंकण क्षेत्र) श्रीराज नायर ने कहा, हम सात अक्टूबर को इजराइल में आतंकवादी संगठन हमास द्वारा किए गए हमले की निंदा करते हैं। यह मानव जाति पर सबसे जघन्य अपराधों में से एक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी एक बयान जारी किया था कि देश संकट की घड़ी में इजराइल के लोगों के साथ मजबूती से खड़ा है। नायर ने कहा, भारत ने सदियों से जिहादी आतंकवाद झेला है और वह इजराइल के लोगों का दर्द समझता है। संगठनों के नेताओं ने प्रदर्शनस्थल पर जुटे लोगों को संबोधित किया और उनसे इजराइल का समर्थन करने की अपील की। नायर ने कहा कि उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर हनुमान चालीसा का पाठ भी किया।

### कांकेर में पुलिस के साथ मुठभेड़ में दो नक्सली ढेर

**कांकेर ( भाषा )।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित कांकेर जिले में शनिवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में दो नक्सली मारे गए। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया कि जिले के कोयलीबेड़ा थाना क्षेत्र में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में दो नक्सली मारे गए। सुंदरराज ने बताया कि कोयलीबेड़ा थाना क्षेत्र में जिला बल और जिला रिजर्व गार्ड के दल को नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना किया गया था। उन्होंने बताया कि दल शनिवार सुबह लगभग आठ बजे जंगल में था और तभी नक्सलियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर दी जिसके बाद जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि कुछ देर तक दोनों ओर से गोलीबारी के बाद नक्सली वहां से फरार हो गए। सुंदरराज ने बताया कि बाद में घटनास्थल की तलाशी लिए जाने पर वहां से दो नक्सलियों के शव, एक इंसास राइफल, एक 12 बोर राइफल एवं अन्य हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मारे गए नक्सलियों की पहचान अभी नहीं हो पाई है और आस-पास के इलाकों में तलाशी जारी है। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव को देखते हुए सुरक्षाबलों के जवान लगातार गश्त पर हैं। कांकेर जिले के तीन निर्वाचन क्षेत्र उन 20 विधानसभा क्षेत्रों में शामिल हैं जहां सात नवंबर को चुनाव के पहले चरण के तहत मतदान होगा।

### महासप्तमी पर लाखों लोग पूजा पंडालों में देवी दुर्गा के दर्शन करने के लिए उमड़े

**कोलकाता ( भाषा )।** महासप्तमी पर शनिवार को लाखों लोग यहां विभिन्न पंडालों में देवी दुर्गा का दर्शन करने और उत्कृष्ट कलाकृतियां देखने के लिए उमड़ पड़े। महानगर में पंडालों को काफी सुंदर तरीके से सजाया गया है और ए पंडाल कुछ महत्वपूर्ण स्थलों की प्रतिकृति पर आधारित हैं या इनके माध्यम से कुछ सामाजिक मुद्दों का चित्रण किया गया है। देवी दुर्गा के दर्शन करने के लिए इन पंडालों के बाहर लोगों की लंबी कतारें देखी गईं। कोलकाता में, कॉलेज स्क्वायर, एकडालिया एवरग्रीन, श्री भूमि स्पोर्टिंग क्लब, बागबाजार सर्बोजनिन, जोधपुर पार्क, पार्क सर्कस सर्बोजनिन, संतोष मित्रा स्क्वायर, अहिरीटोला सर्बोजनिन, कुमारटुली पार्क, बाबू बागान, देशोप्रियो पार्क, बोसपुकुर शीतला मंदिर जैसे पंडाल आकर्षण के मुख्य केंद्र हैं। इन पंडालों में सुबह से ही लोगों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी, जो दिन ढलने के साथ बढ़ती गई। कॉलेज स्क्वायर सर्बोजनिन पूजा समिति के प्रवक्ता विकास मजूमदार ने पीटीआई-भाषा को बताया, हमारे यहां तृतीया के दिन से लगातार लोग आ रहे हैं और महाषष्ठी के बाद से लोगों की भीड़ और बढ़ गई। उन्होंने कहा कि महासप्तमी पर सुबह के समय पंडाल तक पहुंचने में लोगों को लगभग एक घंटा लग गया, जिसे मैसूर महल की तर्ज पर विशाल झूमर और सुंदर सजावट से सजाया गया था। वहीं, शाम ढलते ही भीड़ दोगुनी हो गई।बागबाजार और मैडॉक्स स्क्वायर में देवी दुर्गा की पारंपरिक मूर्तियों की एक झलक पाने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। कोलकाता के निकट बेलूर मठ में हजारों श्रद्धालु देवी दुर्गा की एक झलक पाने के लिए एकत्र हुए। सोदेपुर में बर्मा शेल पंडाल, उत्तर 24 परगना के सुखचर में हैरी पॉटर जादूनगरी और नदिया जिले के कल्याणी में आईटीआई मोर पंडाल सहित अन्य जिलों में पंडालों में काफी भीड़ देखी गई। गैर सरकारी संगठन विभिन्न वृद्धाश्रमों में रहने वाले लोगों को दिन में देवी दुर्गा के दर्शन कराने के लिए ले गए। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने महासप्तमी के मौके पर राज्य के लोगों को शुभकामनाएं दीं।

# अनुच्छेद 370 के निरसन, जीएसटी, ओआरओपी जैसे कई लंबित काम हमारी सरकार ने किए: मोदी

**भाषा।** ग्वालियर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार ने पिछले दस वर्षों में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने, जीएसटी एवं ओआरओपी लागू करने, तीन तलाक पर प्रतिबंध लगाने और विधायिका में महिलाओं के लिए आरक्षण का प्रावधान करने सहित कई 'लंबित' कार्य किए हैं। वह यहां सिंधिया स्कूल के 125वें स्थापना दिवस पर बोल रहे थे। उन्होंने स्कूल पर एक स्मारक डाक टिकट भी जारी किया। सिंधिया स्कूल ऐतिहासिक ग्वालियर किले के अंदर स्थित है।



मोदी ने कहा , (करीब) दस साल के कार्यकाल में एक दीर्घकालिक दृष्टिकोण के तहत हमारी सरकार ने 60 साल से लंबित अनुच्छेद 370 को खत्म किया, पूर्व सैनिकों के लिए 40 साल से लंबित वन रैंक, वन पेंशन (ओआरओपी) और जीएसटी को लागू किया, तीन तलाक पर प्रतिबंध लगाया और वर्षों से लंबित महिला आरक्षण पर कानून बनाया। उन्होंने स्वर्गीय माधवराव सिंधिया का उल्लेख करते हुए कहा कि जब वह रेल मंत्री थे तब देश में शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन शुरु की गई थी, लेकिन उसके बाद दशकों तक देश में कोई नई ट्रेन शुरु नहीं की गई, पर अब, यह उनकी सरकार है जिसने आधुनिक वंदे भारत और नमो भारत जैसी आधुनिक ट्रेनें शुरु की हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने देश के युवाओं के लिए अंतरिक्ष क्षेत्र भी खोला है।

मोदी ने सिंधिया स्कूल के छात्रों से एक गांव गोद लेने, स्वच्छता पर ध्यान देने, लोकल फॉर वोकल, किसानों के बीच प्राकृतिक खेती के लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाने, एक गरीब परिवार को गोद लेने, मोटे अनाज अथवा श्री अन्न का उपयोग करने और योग का अभ्यास करने जैसी चीजों का आह्वान किया।प्रधानमंत्री ने कहा कि अभिनेता सलमान खान, गायक नितिन मुकेश और रेडियो उद्घोषक अमीन सयानी जैसी कुछ प्रसिद्ध हस्तियां इस स्कूल के पूर्व छात्र हैं। कार्यक्रम में नितिन मुकेश विशेष रूप से उपस्थित थे।कार्यक्रम को केंद्रीय मंत्री और स्कूल के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी संबोधित किया।सिंधिया ने याद किया कि 1980 के दशक में जब देश में सूचना प्रौद्योगिकी की शुरुआत हुई थी, तो इसे पाठ्यक्रम में शामिल करने वाला सिंधिया स्कूल देश का पहला संस्थान था।इस अवसर पर मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह (जो सिंधिया स्कूल के पूर्व छात्र हैं) भी उपस्थित थे।

# कांग्रेस की पहली सूची में गहलोत, जोशी और पायलट के नाम शामिल

**नई दिल्ली, जयपुर ( भाषा )।** कांग्रेस ने राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए अपने 33 उम्मीदवारों की पहली सूची शनिवार को जारी की, जिसमें मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, विधानसभा अध्यक्ष सी.पी. जोशी और पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट के नाम भी शामिल हैं। सूची में 2020 में सचिन पायलट के साथ गहलोत सरकार के खिलाफ बगावत करने वाले तीन मौजूदा विधायकों के नाम भी हैं। पार्टी की ओर से जारी उम्मीदवारों की सूची के अनुसार, गहलोत को उनकी परंपरागत सीट सरदारपुरा से ही उम्मीदवार बनाया गया है। इसी तरह पायलट टोंक से चुनाव लड़ेंगे, जहां से वह वर्तमान विधायक हैं। कांग्रेस ने विधानसभा अध्यक्ष सी.पी. जोशी को नाथद्वारा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा को लक्ष्मणगढ़ से टिकट दिया गया है। ए दोनों फिलहाल इन्हीं सीट से विधायक हैं। कांग्रेस की पहली सूची में मुख्यमंत्री गहलोत सहित छह मंत्रियों के नाम भी शामिल हैं। भंवर सिंह भाटी को कोलायत, महेंद्रजीत मालवीय को बागीडोरा, टीकाराम जूली को अलवर ग्रामीण, अशोक चांदना को हिंडोली व ममता भूपेश को सिकराय से उम्मीदवार बनाया गया है। पार्टी ने बायतू से पूर्व मंत्री हरीश चौधरी, सवाई माधोपुर से दानिश अबरार, ओसियां से दिव्या मदेरणा, सादुलपुर से कृष्णा पूनिया को उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस ने इस सूची में 28 मौजूदा विधायकों और 2018 का चुनाव निर्दलीय के रूप में जीती एक उम्मीदवार को पार्टी का टिकट दिया है। जयपुर शहर में 2018 में चुनाव हारने वाली अर्चना शर्मा को मालवीय नगर और पुष्पेंद्र भारद्वाज को सांगानेर से फिर उम्मीदवार बनाया गया है। वहीं, पिछले विधानसभा चुनाव में मुंडावर से बसपा के टिकट पर चुनाव हारे ललित कुमार यादव और मांडलगढ़ से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव में पराजय का सामना करने वाले विवेक धाकड़ को मौका दिया गया है।

## अध्यात्मवाद के खिलाफ नहीं है द्रमुक: स्टालिन

**चेन्नई ( भाषा )।** सत्तारूढ़ द्रमुक के अध्यक्ष एवं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने शनिवार को यहां कहा कि द्रमुक केवल आर्यन आधिपत्य के खिलाफ है और यह अध्यात्मवाद के खिलाफ नहीं है। उन्होंने कहा कि चाहे मंदिरों में पूजा करना हो या भक्ति, यह व्यक्ति का अपने अधिकार और इच्छा का मामला है। सोशल मीडिया पर मजबूत उपस्थिति वाले स्वयंसेवकों और पार्टी समर्थकों के साथ बातचीत में स्टालिन ने कहा कि हालांकि उनमें से प्रत्एक की प्रस्तुति में एक विशिष्ट शैली होती है, लेकिन उन सभी का सार डीएमके (द्रमुक) की शैली है। पार्टी प्रमुख ने कहा, ऐसे स्वयंसेवक पार्टी की ताकत हैं, क्योंकि वे वह कह सकते हैं, जो हम नहीं कह सकते और जिसे बोलने में हम झिझकते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोगों के पास अब उनकी पत्नी दुर्गा स्टालिन के मंदिरों के दौरे की तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट करने का काम ही रह गया है। स्टालिन ने कहा, दुर्गा तमिलनाडु के सभी मंदिरों के दौरे कर रही हैं, यह उनकी इच्छा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने अपनी पत्नी को मंदिर जाने से कभी नहीं रोका। मुख्यमंत्री ने कहा, हम केवल आर्य आधिपत्य के दुश्मन हैं, हम अध्यात्मवाद के खिलाफ नहीं हैं (मंदिरों में पूजा करना) और भक्ति व्यक्तियों का अधिकार और इच्छा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सोशल मीडिया पर राज्य में मंदिरों को नष्ट करने का दावा करते हुए अफवाह फैलाई जा रही है। उन्होंने कहा, सच्चाई क्या है? हमारे शासन ने 1,000 मंदिरों को प्रतिष्ठापित किया है और यही शासन का हमारा द्रविड़ मॉडल है। उन्होंने कहा कि द्रमुक सरकार ने 5,000 करोड़ रुपए की मंदिर संपत्ति वापस ले ली है और हिंदू धार्मिक और धर्मार्थ बंदोबस्ती विभाग ने सरकार द्वारा वापस ली गई संपत्तियों का विवरण देते हुए एक पुस्तक प्रकाशित की है। स्टालिन ने कहा कि मंदिरों का उचित प्रशासन उन लोगों को पसंद नहीं है, जो राजनीतिक लाभ के लिए भावनाएं भड़काने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा, आइए लोगों को सच बताएं।



## शरद पवार से मिले प्रकाश आम्बेडकर

**मुंबई( भाषा )।** वंचित बहुजन आघाड़ी (वीबीए) के प्रमुख प्रकाश आम्बेडकर ने शनिवार को यहां एक सम्मेलन से इतर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के सुप्रीमो शरद पवार से मुलाकात की। हालांकि, जब उनसे पूछा गया कि उनकी पार्टी विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इंक्लूसिव एलायंस इंडिया में शामिल हो सकती है तो उन्होंने इससे साफ इंकार कर दिया। दक्षिण मुंबई में स्थित वाईवी चव्हाण सेंटर में अनलिशिंग इंडिया इकोनॉमिक पोटेंशियल : डॉ. आम्बेडकर लेगसी लाइव्स ऑन शीर्षक वाले एक समारोह में पवार और आम्बेडकर दोनों ही वक्ता थे। बाबासाहेब आम्बेडकर के प्रपौत्र प्रकाश ने बताया, जब हम दोनों की मुलाकात हुई तो वहां 15 से ज्यादा लोग थे। सम्मेलन के उद्घघाटन सत्र के बाद हमने पवार के कार्यालय पर कॉफी पी। जब उनसे पूछा गया कि क्या पवार के साथ मुलाकात का नतीजा उनकी पार्टी के विपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल हो सकता है, तो उन्होंने इंकार में जवाब दिया।

## नीतीश ने सत्ता की बागडोर तेजस्वी को सौंपने का फिर दिया संकेत

**पटना ( भाषा )।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सत्ता की बागडोर राज्य के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को सौंपने का एक बार फिर संकेत दिया। कुमार ने पिछले साल कहा था कि जब बिहार में 2025 में अगला विधानसभा चुनाव होगा, तो राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के युवा नेता राज्य में सत्तारूढ़ महागठबंधन का नेतृत्व करेंगे। इससे जद (यू) में खलबली मच गई थी और संसदीय बोर्ड के प्रमुख उपेन्द्र कुशवाहा ने यह आरोप लगाते हुए इस्तीफा दे दिया था कि मुख्यमंत्री कुमार ने गठबंधन करते हुए अपने कट्टर प्रतिद्वंद्वी एवं राजद प्रमुख लालू प्रसाद के साथ एक सौदा किया है। भाजपा नेताओं के साथ व्यक्तिगत संबंध संबंधी हालिया टिप्पणी के मद्देनजर उनके एक बार फिर से पलटी मारने को लेकर जब अटकलें लगने लगीं, तो कुमार ने इसका जोरदार खंडन किया। तेजस्वी यादव की मौजूदगी में पत्रकारों से बात करते हुए कुमार ने उनके (यादव) कंधे पर हाथ रखा और कहा, अब यह बच्चा मेरे लिए सब कुछ है। यह इशारा राज्य के राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बन गया। जब पत्रकारों ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह से इस बारे में प्रतिक्रिया मांगी तो उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि मुख्यमंत्री ने जो कहा है, उसमें कोई आश्चर्य की बात है। उन्होंने कहा, कृपया याद रखें कि मुख्यमंत्री ने अतीत में यह स्पष्ट किया है कि वह चाहेंगे कि तेजस्वी अगले चुनावों में नेतृत्व करें। युवा नेता 2020 में पहले ही अपनी क्षमता साबित कर चुके हैं, जब उन्होंने प्रचार अभियान का नेतृत्व किया था और महागठबंधन जीत के काफी करीब पहुंच गया था। हालांकि, भारतीय जनता पार्टी की बिहार इकाई के अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने दावा करते हुए कहा, मैं नीतीश कुमार से कई साल छोटा हूं। मैं भी उनके सामने बच्चा हूं। इसलिए अगर वह तेजस्वी को बच्चा कहते हैं, तो कोई दिक्कत नहीं है।

## आरएसएस के वार्षिक दशहरा उत्सव को संबोधित करेंगे भागवत

**नागपुर( भाषा )।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 24 अक्टूबर को महाराष्ट्र के नागपुर शहर में अपना वार्षिक विजयादशमी उत्सव आयोजित करेगा। इसके लिए आरएसएस ने प्रसिद्ध गायक शंकर महादेवन को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया है। एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि सरसंघचालक मोहन भागवत पारंपरिक दशहरा सभा को रेशिमबाग मैदान में संबोधित करेंगे, जो संघ का एक प्रमुख कार्यक्रम है। पथ संचलन सुबह 6.20 बजे निकाला जाएगा, जबकि मुख्य कार्यक्रम सुबह 7.40 बजे शुरू होगा। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण संघ के फेसबुक, यूट्यूब और इंस्टाग्राम हैंडल पर किया जाएगा। आरएसएस की स्थापना सितंबर 1925 में दशहरा के दिन केशव बलिराम हेडगेवार ने की थी। 2022 की दशहरा रैली में संघ ने माउंट एवरेस्ट पर दो बार चढ़ने वाली दुनिया की पहली महिला पर्वतारोही संतोष यादव को मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया था।

# राजनाथ ने सैन्य विरासत महोत्सव का शुभारंभ किया

**भाषा।** नई दिल्ली

**रक्षा मंत्री** राजनाथ ने परियोजना उद्भव शुरू किया, जिसका उद्देश्य सेना को भविष्य के लिए तैयार करने पर ध्यान देने के साथ ही भारत के प्राचीन रणनीतिक कौशल को समकालीन सैन्य क्षेत्र में एकीकृत करके सेना में स्वदेशी विमर्श को बढ़ावा देना है। सिंह ने दिल्ली में भारतीय सैन्य विरासत महोत्सव के पहले संस्करण का उद्घाटन भी किया, जिसका आयोजन भारत की समृद्ध सैन्य संस्कृति और विरासत, विशेष रूप से देश की सुरक्षा में सशस्त्र बलों की अद्वितीय बहादुरी को प्रदर्शित करने के लिए किया गया है।

परियोजना उद्भव के बारे में रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इसे एक रणनीतिक शब्दावली और वैचारिक ढांचा बनाने के लिए तैयार किया गया है, जो भारत की दार्शनिक और सांस्कृतिक विरासत में गहराई से अंतर्निहित है। रक्षा मंत्रालय ने कहा, यह एक मजबूत, प्रगतिशील और भविष्य के लिहाज से तत्पर भारतीय सेना के लिए एक मंच तैयार करता है, जो न केवल देश की



ऐतिहासिक सैन्य दूरदर्शिता के अनुरूप है, बल्कि समकालीन युद्ध एवं कूटनीति की मांगों और गतिकी के भी अनुकूल है।

इसमें कहा गया है कि विश्व स्तर पर प्रचलित वर्तमान सैन्य अवधारणाओं को काफी हद तक पश्चिमी सेनाओं के अनुसंधान और सिद्धांतों द्वारा आकार दिया गया है और वे भारतीय सेना की अद्वितीय, स्थानीय आवश्यकताओं और समृद्ध सांस्कृतिक-रणनीतिक विरासत के अनुरूप नहीं हैं।मंत्रालय ने कहा, परियोजना के माध्यम से, भारतीय सेना स्वीकार करती है कि राष्ट्र में प्राचीन ग्रंथों और पांडुलिपियों का खजाना है जो शासन कला, युद्ध और कूटनीति में परिष्कृत, विविध और प्रासंगिक रूप से समृद्ध रणनीतियों को चित्रित करता है। इसमें कहा गया है, यह परियोजना नई, स्वदेशी सैन्य अवधारणाओं को विकसित करने, मौजूदा रणनीतियों को ऐतिहासिक दस्तावेजों में उल्लेखित समृद्ध, विविध सामरिक और रणनीतिक ज्ञान के साथ जोड़ते हुए बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण छलांग है। प्रोजेक्ट उद्भव भारतीय सेना और यूनाइटेड सर्विस इंस्टीट्यूशन ऑफ इंडिया का संयुक्त सहयोग है। मंत्रालय ने कहा कि भारतीय सैन्य विरासत महोत्सव का उद्देश्य भारत की समृद्ध सैन्य संस्कृति और विरासत का जश्न मनाना है, जो संवाद, कला, नृत्य, नाटक, कहानी और प्रदर्शनियों के माध्यम से सदियों से विकसित हुई है। इसमें कहा गया है कि महोत्सव मुख्य रूप से प्रख्यात विद्वानों, सेवारत और सेवानिवृत्त अधिकारियों द्वारा पैनल चर्चा के माध्यम से विभिन्न समझ और दृष्टिकोण को सामने लाएगा।

# वैज्ञानिक जानकारियों से ही होगा ग्रामीण विकास

**● पांच दिवसीय कार्यशाला का समापन**

**महाराजगंज।** ग्रामीण विकास में विज्ञान प्रद्योगिकी संचार के लिए कठपुतली माध्यम की भूमिका, महत्व, निर्माण एवं संचालन को लेकर भारत सरकार की संस्था राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद तथा इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड एडवांस्ड स्टडीज की ओर से महाराजगंज डायट में चल रही पांच दिवसीय कार्यशाला का समापन हुआ। कार्यशाला का उद्देश्य ग्रामीण विकास के लिए लोगों में वैज्ञानिक जानकारियां फैलाने रहा। कार्यशाला में कुल 41 प्रशिक्षु शामिल हुए जिन्होंने रद्दी कागज से कठपुतली निर्माण और उसका संचालन तथा पटकथा लेखन, नाट्य रूपांतरण एवं संवाद उद्बोधन का प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस अवसर पर डायट प्राचार्य सुरेश प्रताप सिंह ने प्रशिक्षुओं को कठपुतली के महत्व को बताते हुए



कहा यह एक संचार का ऐसा माध्यम है जिससे बच्चों को विज्ञान की बारीकियाँ खेल. खले में सिखाया जा सकता है।

डायट प्रवक्ता डॉ. सूरज प्रकाश मिश्रा ने मानव जीवन में विज्ञान के महत्व के बारे में बताया । कार्यशाला में पर्यावरण के प्रति ज़िम्मेदारी शीर्षक पर संवाद प्रस्तुति के लिए अभय मिश्र ने प्रथम, अभिषेक सिंह ने द्वितीय, रेखा कुमारी ने तृतीय और युगांकराव ने प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्त किया। डायट प्रवक्ता सुनील भारती ने पाँच दिवसीय कार्यशाला के मुख्य बिंदुओं पर चर्चा की और कहाकि ग्रामीण विकास के लिए लोक माध्यमों से विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पर्यावरण, नवीन खेती, जल संरक्षण, स्वास्थ्य, सहित अन्य विषयों के प्रति लोगो में जागरूकता आसानी से लाई जा सकती है। विज्ञान संचारक डॉ. अनूप चतुर्वेदी ने प्रशिक्षुओं को पटकथा लेखन और पुतुल विज्ञान नाटक लिखने के गुर बताए।

कार्यक्रम में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ के सीनियर रिसर्च फेलो रंजीत कुमार ने डायट प्राचार्य सुरेश प्रताप सिंह को साल पहनाकर उनका स्वागत किया। इसके बाद संतोष त्रिपाठी ने कार्यशाला को-आर्डिनेटर सुनील भारती को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। डॉ. अरशद जमील ने सभी को धन्यवाद ज्ञापन किया। अंत में सभी प्रशिक्षुओं को उनके प्रमाण पत्र वितरित कि गये। कठपुतली कलाकार नारायण श्रीवास्तव और सोनाली मौर्य ने अपनी प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया।

# समरविक्रमा-निसांका की पारी से श्रीलंका का खाता खुला

● नीदरलैंड को 5 विकेट रौंदा, मदुशंका व रजित की उम्दा गेंदबाजी

मिहिर चंद्र श्रीवास्तव



**लखनऊ।** जीत की तलाश में जुटी श्रीलंकाई टीम ने इकाना स्टेडियम शनिवार को विश्वकप में पहली जीत हासिल कर अपना खाता खोल लिया। उसने जोश से भरे नीदरलैंड को 5 विकेट से हरा दिया। इससे पहले अपने शीर्ष क्रम की ऊबाउ पारी के बाद पुछल्ले खिलाड़ियों के बेहतरी बल्लेबाजी के दम डच टीम नीदरलैंड ने श्रीलंका को 263 रनों का लक्ष्य दिया। नीदरलैंड की आधी टीम 22वें ओवर में 91 रन बनाकर पवेलियन पहुंच गई थी। छठे क्रम पर बल्लेबाजी करने आए साइब्रैंड एंगल ने 70 व लोगान वान बीक ने 59 रनों को सहयोग करके टीम का स्कोर सम्मानजनक स्थिती में पहुंचाया। मदुशंका व रजिता ने 4–4 विकेट प्राप्त किया। इकाना में आज हुए तीसरे मुकाबले में जवाब में उतरी श्रीलंका की टीम ने निसंका के 54 व सदीरा समरविक्रमा के नाबाद 91 रनो की मदद से दस गेंद शेष रहते 263 रन बनाकर मैच को अपने पाले में कर लिया। नीदरलैंड की ओर से आर्यन दत्त ने सबसे अधिक 3 विकेट हासिल किया। और दिनों की अपेक्षा आज इकाना में कम भीड़ रही जबकि यूपीसी ने फ्री पास भ बांटे थे। पिछले मैच में दक्षिण अफ्रीका को पराजित करके बड़ा उलटफेर करने वाले नीदरलैंड ने मैच में कई बार श्रीलंका को बैकफुट पर ढकेला। उसने श्रीलंका के सामने 263 रन का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा और इसके बाद उसके शीर्ष क्रम को झकझोर कर उसकी पेशानी पर बल ला दिए। साइब्रैंड एंगलब्रेख्त व लोगन वान बीक की बल्लेबाजी पर समरविक्रमा व पाथुम निसांका का बल्ला भारी पड़ा। समरविक्रमा ने 107 गेंद पर सात चौकों की मदद से नाबाद 91 रन की पारी खेलकर श्रीलंका को 48.2 ओवर में लक्ष्य तक पहुंचाया। श्रीलंका के शीर्ष क्रम में पाथुम निसांका (52 गेंद पर 54 रन) ही उपयोगी योगदान दे पाए। समरविक्रमा ने उनके साथ तीसरे विकेट के लिए 52 रन की साझेदारी करने के बाद चरित असलंका (66 गेंद पर 44 रन) के साथ चौथे विकेट के लिए 77 रन जोड़कर जीत के लिए मंच तैयार किया। समरविक्रमा ने इसके बाद धनंजय डिसिल्वा (37 गेंद पर 30 रन) के साथ पांचवें विकेट के लिए 76 रन की साझेदारी की जिससे श्रीलंका पांच विकेट पर 263 रन बनाकर वर्तमान टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत हासिल करने में सफल रहा। साइब्रैंड एंगलब्रेख्त ने 82 गेंद पर चार चौकों और एक छक्के की मदद से 70 रन बनाए जबकि लोगन वान बीक ने 75 गेंद पर 59 रन की सधी पारी खेली। इन दोनों ने सातवें विकेट के लिए 130 रन की साझेदारी की जो विश्व कप में नया रिकॉर्ड है। इससे नीदरलैंड ने खराब शुरुआत से उबरकर 49.4 ओवर में 262 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। श्रीलंका की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और उसने पहले 10 ओवर में ही अनुभवी कुसाल परेरा (05) और कप्तान कुसाल मेंडिस (11) के विकेट गंवा दिए। इन दोनों को ऑफ स्पिनर आर्यन दत्त (44 रन देकर तीन विकेट) ने आउट किया। निसांका ने बास डि लीडे पर लगातार तीन चौके जमाए जिनमें से दूसरे चौके से उन्होंने अर्धशतक पूरा किया, लेकिन पहले ड्रिंक्स के तुरंत बाद तेज गेंदबाज पॉल वान मीकरेन ने उन्हें विकेट के पीछे कैच आउट करा दिया। निसांका ने अपनी पारी में नौ चौके लगाए। समरविक्रमा और असलंका ने यहीं से बखूबी जिम्मेदारी संभाली और किसी तरह की जल्दबाजी नहीं दिखाई। उन्होंने नीदरलैंड के तेज और स्पिन आक्रमण के सामने ढीली गेंद का इंतजार किया। आर्यन ने असलंका को बोल्ड करके यह साझेदारी तोड़ी।

### स्कोरबोर्ड

**नीदरलैंड** : विक्रमजीत पगबाधा रजिता 04, ओडोड बो रजिता 16, एकरमैन का मेंडिस बो रजिता 29, लीडे का परेरा बो मदुशंका 06, निदामानुरु पगबाधा मदुशंका 09,एडवर्ड्स बो तीक्षणा 16, एंगलब्रेख्त बो मदुशंका 70,बीक का असलंका बो रजिता 59,मर्व का मेंडिस बो मदुशंका 07,दत्त नाबाद 09,मीकेरेन रन आउट (मेंडिसा मदुशंका) 04,**अतिरिक्तः** (लेग बाईः 01, नो बॉलः 01, वाइडः 26, पेनल्टीः 05) 33,**कुल योगः** (49.4 ओवर मे सभी आउट) 262 रन, **गेंदबाजीः** मदुशंका 9.4-1-49-4,रजिता 9-0-50-4,करुणारत्ने 9-1-58-0,तीक्षणा 10-0-44-1, हेमंता 8-0-42-0 डिसिल्वा 4-0-13-0

**श्रीलंका पारीः** निसंका का एडवर्डस बो मीकेरेन 54,कुसल परेरा का डी लीडे बो दत्त 05,कुसल मेंडिस का मीकेरेन बो दत्त 11,सदीरा समरविक्रमा नाबाद 91,असलंका बो दत्त 44, धनंजय बो एकरमैन 30,हेमंता नाबाद 04,**अतिरिक्त** : (बाईः 13, वाइडः 11) 24,कुल योगः (48.2 ओवर में पांच विकेट पर) 263 रन,**विकेट पतनः** 1-18, 2-52, 3-104, 4-181, 5-257 ,**गेंदबाजी** दत्त 10-0-44-3, बीक 10-0-57-0,मीकेरेन 8-1-39-1,डी लीडे 3-0-29-0,मर्व 9-0-42-0, एकरमैन 8.2-0-39-1

# पांचवें जीत की तलाश में उतरेंगी दोनों टीमें

## भारत और न्यूजीलैंड का हाईवोल्टेज मैच आज

भाषा। धर्मशाला





**लगातार चार** जीत के साथ विजय रथ पर सवार मेजबान भारत और गत उप विजेता न्यूजीलैंड, अंक तालिका में शीर्ष पर चल रही दो टीमों की जंग में, रविवार को यहां जीत के पंजे के साथ सेमीफाइनल में जगह बनाने का दावा मजबूत करने के इरादे से उतरेंगे। भारत और न्यूजीलैंड दोनों ने अब तक अपने चारों मुकाबले जीते हैं और दोनों टीमों के समान आठ अंक हैं। न्यूजीलैंड की टीम हालांकि बेहतर नेट रन रेट के कारण शीर्ष पर चल रही है जबकि भारत दूसरे स्थान पर है। दोनों टीमों के बीच होने वाले मुकाबले का विजेता लगातार पांचवीं जीत के साथ सेमीफाइनल का अपना दावा मजबूत करेगा। भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बेहद खराब शुरुआत के बावजूद छह विकेट की जीत के साथ टूर्नामेंट में अपने अभियान का आगाज किया। रोहित शर्मा की टीम ने इसके बाद अफगानिस्तान, पाकिस्तान और बांग्लादेश के खिलाफ क्रमशः आठ, सात और सात विकेट से आसान जीत दर्ज की। टीम ने अपने चारों मुकाबले लक्ष्य का पीछा करते हुए जीते हैं और टूर्नामेंट में अब तक उसने निचले मध्यक्रम और निचले क्रम की परीक्षा नहीं हुई है। दूसरी तरफ न्यूजीलैंड ने अपने शुरुआती मैच में इंग्लैंड को नौ विकेट से रौंदने के बाद नीदरलैंड को 99 रन से हराया। टीम ने अपने अगले दो मुकाबलों में बांग्लादेश और अफगानिस्तान के खिलाफ भी क्रमशः आठ विकेट और 149 रन की आसान जीत दर्ज की।न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबले से पहले भारत की सबसे बड़ी चिंता चोटिल ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या की गैरमौजूदगी में टीम का संतुलन तलाशना होगी। पंड्या बांग्लादेश के खिलाफ भारत के पिछले मैच में गेंदबाजी के दौरान क्षेत्ररक्षण करते हुए अपना दायां टखना चोटिल करा बैठे थे और मैच में सिर्फ तीन गेंद कर पाए। वह टीम के साथ धर्मशाला भी नहीं आए हैं।पंड्या की गैरमौजूदगी में यह तो तय है कि भारत को गेंदबाजी या फिर बल्लेबाजी विभाग में समझौता करना पड़ेगा। टीम के सामने यक्ष प्रश्न यह है कि वह पंड्या की जगह इशान किशन और सूर्यकुमार यादव में से एक को चुनकर बल्लेबाजी को मजबूत करे या फिर रविचंद्रन अश्विन और मोहम्मद शमी में से किसी को खिलाकर गेंदबाजी आक्रमण में विविधता लाए।भारत अगर इशान या सूर्यकुमार को खिलाता है तो उसके पास गेंदबाजी में सिर्फ पांच विकल्प रह जाएंगे।

## रामनाथन के सामने फाइनल में दिग्विजय की चुनौती

**धारवाड़।** एशियाई खेलो के रजत पदक विजेता और चौथी वरीयता प्राप्त रामकुमार रामनाथन रविवार को यहां आईटीएफ धारवाड़ पुरुष विश्व टेनिस टूर के भारतीय खिलाड़ियों के फाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त दिग्विजय प्रताप सिंह से भिड़ेंगे। रामनाथन ने शनिवार को शीर्ष वरीयता प्राप्त अमेरिकी निक चैपल के खिलाफ पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए 3-6, 6-3, 7-6 से जीत दर्ज की। दिग्विजय ने दूसरी वरीयता प्राप्त बोब्रोव बोगदान को करीबी मुकाबले में 6-4, 6-7 , 6-4 से हराया। इस बीच, एसडी प्रज्वल देव और नितिन कुमार सिन्हा की तीसरी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने पुरुष युगल के फाइनल में साई कार्तिक गंता और मनीष सुरेशकुमार की गैरवरीय जोड़ी को 6-4, 6-3 से हराकर खिताब हासिल किया।

## तन्वी, बोर्निल बैडमिंटन एशिया जूनियर के फाइनल में पहुंचे

**नई दिल्ली।** भारत की तन्वी शर्मा और बोर्निल आकाश चांगमई ने अपना शानदार प्रदर्शन बरकरार रखते हुए शनिवार को चीन के चेंगदू में बैडमिंटन एशिया अंडर 17 और अंडर 15 जूनियर चैंपियनशिप के फाइनल में जगह पक्की की। लड़कियों के अंडर 17 एकल वर्ग मे तन्वी ने थाईलैंड की अन्यापत फिचितप्रीचासाक की मजबूत चुनौती को 21-19, 16-21, 21-11 से ध्वस्त किया। लड़कों के अंडर 15 एकल केसेमीफाइनल मे बोर्निल ने हमवतन जगशेर सिंह खंगुरा पर सीधे गेम मे 21-16, 21-12 से जीत दर्ज की। बोर्निल अब खिताब के लिए चीन के फैन होंग जुआन से भिड़ेंगे तो वही जगशेर को कांस्य पदक के साथ संतोष करना पड़ा। पिछले साल भारत की उन्नति हुड्डा को अंडर-17 वर्ग के फाइनल मे हार का सामना करना पड़ा था ऐसे मे तन्वी के पास इस वर्ग मे चैम्पियन बनने वाली पहली भारतीय लड़की बनने का मौका होगा। फाइनल मे उनके सामने थाईलैंड की यातावीमिन केटक्लिएंग की चुनौती होगी।

## ओलंपिक क्वालीफायर के दूसरे चरण के लिए टीम की घोषणा की

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम के मुख्य कोच थॉमस डेनेरबी ने एएफसी महिला ओलंपिक क्वालीफायर के दूसरे चरण के मुकाबलो के लिए उज्बेकिस्तान दौरे पर जाने वाली 22 सदस्ईय टीम की शनिवार को घोषणा की।दूसरे चरण के क्वालीफायर के ग्रुप सी मैचो मे भारतीय टीम का सामना जापान (26 अक्टूबर), वियतनाम (29 अक्टूबर) और मेजबान उज्बेकिस्तान (एक नवंबर) से होगा।तीनो ग्रुप मे शीर्ष पर रहने वाली टीमे तीसरे चरण के लिए क्वालीफाई करेंगी।

## मैक्केन ने 50 मीटर बैकस्ट्रोक में विश्व रिकॉर्ड बनाया

**बुडापेस्ट।** ऑस्ट्रेलिया की तैराक कायली मैक्केन ने बैकस्ट्रोक स्पर्धाओ में अपना दबदबा कायम रखते हुए शुक्रवार को यहां विश्व कप प्रतियोगिता मे महिलाओ की 50 मीटर बैकस्ट्रोक मे नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। मैक्केन ने 26.86 सेकंड का समय लेकर विश्व रिकॉर्ड बनाया। उन्होने चीन की लियू जियांग के 2018 मे बनाए गए 26.98 सेकंड के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ा। इस तरह से वह 50, 100 और 200 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धाओ मे विश्व रिकॉर्ड बनाने वाली पहली महिला बन गई है।उन्होने जुलाई मे विश्व चैंपियनशिप मे इन तीनो स्पर्धाओ मे स्वर्ण पदक जीता था।

# क्लासेन-यानसेन के आगे नाचे अंग्रेज

● दक्षिण अफ्रीका ने इंग्लैंड को रिकॉर्ड 229 रन से हराया

भाषा। मुंबई



**हेनरिच क्लासेन** की आतिशी शतकीय पारी और मार्को यानसेन के साथ छठे विकेट के लिए 77 गेंद में 151 रन की साझेदारी के बाद गेंदबाजों के दबदबे वाले प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका ने आईसीसी विश्व कप के एकतरफा मैच में शनिवार को यहां इंग्लैंड को रिकॉर्ड 229 रन से हराया। एकदिवसीय मैचों में रनों के लिहाज से गत चैम्पियन इंग्लैंड की सबसे बड़ी हार है। दक्षिण अफ्रीका की यह सफलता विश्व कप के इतिहास में संयुक्त रूप से छठी सबसे बड़ी जीत है। इंग्लैंड को पिछले मुकाबले में अफगानिस्तान जबकि दक्षिण अफ्रीका को नीदरलैंड ने हराया था। दक्षिण अफ्रीका ने सात विकेट पर 399 रन बनाने के बाद इंग्लैंड की पारी को 22 ओवर में 170 रन पर समेट दिया। इंग्लैंड के रीस टॉपली ने बल्लेबाजी नहीं की। इस हार के बाद इंग्लैंड की टीम अंक तालिका में चार मैचों में तीन हार के बाद नौवें स्थान पर खिसक गई है। दक्षिण अफ्रीका तीन जीत के साथ तीसरे स्थान पर आ गया। क्लासेन ने अपनी चौथी शतकीय पारी के दौरान चार छक्के और 12 चौके जड़े। उन्होंने 67 गेंद में 109 रन बनाए। यानसेन ने 42 गेंद की नाबाद पारी में तीन चौके और छह छक्के की मदद से 75 रन बनाए। यह उनके करियर का पहला अर्धशतक है। इससे पहले रीजा हेंड्रिक्स (75 गेंद में 85 रन) और रासी वेन डर डुसेन (61 गेंद में 60 रन) ने दूसरे विकेट के लिए 121 रन की साझेदारी कर बड़े स्कोर की नींव रखी। लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड ने छठे ओवर तक तीन, 12वें ओवर तक छह और 17वें ओवर तक 100 रन पर आठ विकेट गंवा दिए थे। गस एटकिंसन (35) और मार्क वुड (नाबाद 43) ने नौवें विकेट के लिए 32 गेंद में 70 रन की साझेदारी कर टीम को और फजीहत का सामना करने से बचा लिया। दक्षिण अफ्रीका के लिए गेराल्ड कोएट्जी ने तीन जबकि लुंगी एनगिडी, मार्को यानसेन ने दो–दो तथा कागिसो रबाडा और केशव महाराज ने एक–एक विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए बेयरस्टो (10) ने पहले ओवर में एनगिडी पर छक्का लगाकर आक्रामक तेवर दिखाया लेकिन इस गेंदबाज ने अपने अगले ओवर में उन्हें चलता कर दिया। बल्ले से चमक बिखेरने वाले यानसेन ने इसके बाद गेंद से कमाल करते हुए जो रूट (दो) और डाविड मलान (छह) को पवेलियन की राह दिखाई तो वही अनुभवी रबाड़ा ने नौवें ओवर में अपनी गेंद पर बेन स्टोक्स (पांच) का कैच लपक कर टीम को चौथी सफलता दिलाई। हैरी ब्रुक्स (17) और कप्तान बटलर (15) ने रबाडा और गेराल्ड कोएट्जी पर छक्के लगाए लेकिन इस तेज गेंदबाज ने पारी के 12वें ओवर में दोनों को आउट कर इंग्लैंड की जीत की राह लगभग बंद कर दी। टीम ने 68 रन तक शीर्ष छह विकेट गंवा दिए। कोएट्जी ने इसके बाद रशीद (10) और एनगिडी ने डेविड विली (12) को आउट कर इंग्लैंड को 100 रन पर आठवां झटका दिया। इसके बाद वुड ने 17 गेंद की नाबाद पारी में दो चौके और पांच छक्के तथा एटकिंसन ने 21 गेंद की पारी में सात चौके लगाकर दर्शकों का कुछ मनोरंजन किया।

### स्कोरबोर्ड

**अफ्रीका पारीः** डिकॉक का बटलर बो टॉपली 04 हेंड्रक्स बो रशीद 85, डुसेन का बेयरस्टो बो रशीद 60, मार्कराम का बेयरस्टो बो टॉपली 42, क्लासेन बो एटिकिंसन 109, मिलर का स्टोक्स बो टॉपली 05,यानसेन नाबाद 75,कोएट्जी का स्थानापन्न (लिविंगस्टोन) बो एटकिंसन 03, महाराज नाबाद 01,**अतिरिक्तः** (बाईः 02, लेग बाईः 03, नोबॉलः 01, वाइडः 09) 15,कुल योगः (50 ओवर मे सात विकेट पर) 399 रन, **विकेट पतनः**1-4, 2-125, 3-164, 4-233, 5-243, 6-394, 7-398,**गेंदबाजी** : टॉपली 8.5-0-88-3,विली 9-1-61-0,रूट 6.1-0-48-0, एटकिंसन 9-0-60-2, वुड 7-0-76-0, रशीद10-0-61-2

**इंग्लैंड पारीः** बेयरस्टो का डुसेन बो एनगिडी 10, मलान का डिकॉक बो यानसेन 06,जो रूटका मिलर बो यानसेन 02,स्टोक्स का एवं बो रबाडा 05,ब्रुक्स पगबाधा कोएट्जी 17, बटलर का डिकॉक बो कोएट्जी 15,विली का रबाडा बो एनगिडी 12,रशीद का हेंड्रिक्स बो कोएट्जी 10,एटकिंसन बो महाराज 35, वुड नाबाद 43, टॉपली,हर्ट,अतिरिक्तः (लेग बाईः 09, नॉबोल : 01, वाइडः 05) 15,**कुल योगः** (22 ओवर मे सभी आउट) 170 रन,**विकेट पतनः**1-18 , 2-23, 3-24, 4-38, 5-67, 6-68, 7-84, 8-100, 9-170,**गेंदबाजीः** एनगिडी 5-0-26-2,यानसेन 5-0-35-2,रबाडा, 6-1-38-1, कोएट्जी 4-0-35-3, महाराज 2-0-27-1

# सूयकुमार को अभ्यास में हाथ में चोट लगी, किशन को मधुमक्खी ने मारा डंक

भाषा। धर्मशाला

**भारत को** न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व कप के बड़े मैच से पहले यहां एक और झटका लगा जब टीम के नेट सत्र के दौरान शनिवार को मध्यक्रम के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव की दाहिने हाथ पर गेंद लग गई। सूर्यकुमार को टीम के थ्रोडाउन विशेषज्ञ रघु की फुलटॉस गेंद लगी, जिससे वह काफी दर्द में दिखे। वह अपने हाथ पर आइस पैक (बर्फ) लगाते नजर आए और उन्होंने इसके बाद बल्लेबाजी नहीं की। टीम सूत्रों के मुताबिक, सूर्यकुमार की चोट ज्यादा गंभीर नहीं है और उन्हें एक्स–रे जांच के लिए नहीं ले जाया गया है। इस चोट ने हालांकि रविवार के मैच के लिए सूर्यकुमार की उपलब्धता पर सवाल खड़ा कर दिया है क्योंकि हार्दिक पंड्या की अनुपस्थिति के कारण टीम का संतुलन पहले से ही गड़बड़ाया हुआ है। पंड्या को बांग्लादेश के खिलाफ भारत के पिछले मैच के दौरान बाएं टखने में चोट लगी थी। वह टीम के साथ धर्मशाला नहीं आए है। भारत के लिए चीजें उस वक्त और मुश्किल हो गई जब बाएं हाथ के विकेटकीपर बल्लेबाज इशान किशन को शनिवार को नेट अभ्यास के दौरान पर बल्लेबाजी करते समय मधुमक्खी ने उनकी गर्दन के पीछे डंक मार दिया।

# धर्मशाला में मिला-जुला रहा है भारत का प्रदर्शन

भाषा। धर्मशाला



**न्यूजीलैंड के** खिलाफ रविवार को होने वाले विश्व कप मुकाबले में लगातार पांचवीं जीत के साथ सेमीफाइनल में जगह बनाने का दावा मजबूत करने के प्रयास में जुटे भारत का यहां हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ मैदान पर प्रदर्शन मिला–जुला रहा है। इस खूबसूरत स्टेडियम में भारत ने अब तक चार एकदिवसीय मुकाबले खेले हैं जिसमें से दो में उसने जीत दर्ज की जबकि दो में उसे हार का सामना करना पड़ा। भारत ने इस मैदान पर न्यूजीलैंड के खिलाफ एकमात्र मैच अक्टूबर 2016 में छह विकेट से जीता था जिससे विश्व कप मुकाबले से पहले मेजबान टीम का मनोबल बढ़ेगा।आईसीसी विश्व कप में हालांकि न्यूजीलैंड ने भारत पर दबदबा बनाया है। दोनों के बीच हुए नौ मैच में न्यूजीलैंड ने पांच जबकि भारत ने तीन जीते हैं और एक मैच बेनतीजा रहा। भारत को इस मैदान पर अपने पहले ही मैच में जनवरी 2013 में इंग्लैंड के खिलाफ सात विकेट की हार का सामना करना पड़ा था जबकि दिसंबर 2017 में खेले गए पिछले मैच में श्रीलंका ने उसे इसी अंतर से हराया था। श्रीलंका के खिलाफ तो भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 38.2 ओवर में सिर्फ 112 रन पर ढेर हो गई थी। भारतीय टीम ने सुरंगा लकमल (13 रन पर चार विकेट) और नुवान प्रदीप (37 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने सिर्फ 29 रन तक सात विकेट गंवा दिए थे और विकेटकीपर महेंद्र सिंह धोनी (65) के अर्धशतक से टीम बामुश्किल 100 रन के आंकड़े का पार करने में सफल रही थी। श्रीलंका ने इसके जवाब में 21वें ओवर में ही तीन विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया था।भारत ने इस मैदान पर न्यूजीलैंड के अलावा वेस्टइंडीज को भी 59 रन से शिकस्त दी थी।भारतीय बल्लेबाजों की बात करें तो बेहतरीन फॉर्म में चल रहे विराट कोहली ने यहां तीन मैच में 106 की औसत से सर्वाधिक 212 रन बनाए हैं। वह इंग्लैंड के खिलाफ यहां अपने पहले मैच में पहली ही गेंद पर आउट हो गए थे लेकिन वेस्टइंडीज के खिलाफ 127 और न्यूजीलैंड के खिलाफ नाबाद 85 रन की पारी खेलकर उन्होंने भारत को दो आसान जीत दिलाई। मौजूदा टूर्नामेंट में अब तक दूसरे सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को यह मैदान रास नहीं आता है और वह यहां तीन मैच में चार, 14 और दो रन की पारियां ही खेल पाए हैं। मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर इस मैदान पर अपने एकमात्र मैच में श्रीलंका के खिलाफ सिर्फ नौ रन बना पाए थे जबकि लोकेश राहुल को यहां अपने पहले मुकाबले का इंतजार है। इशान किशन, शुभमन गिल और सूर्यकुमार यादव ने भी 50 ओवर के प्रारूप में यहां कोई मैच नहीं खेला है।भारत की मौजूदा टीम में शामिल रविंद्र जडेजा, हार्दिक पंड्या, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी इस मैदान पर उपयोगी प्रदर्शन किया है।

# सेमीफाइनल में मारिन से हार गई पीवी सिंधु

● डेनमार्क ओपन : दोनों को मिला पीला कार्ड

भाषा। ओडेंसे (डेनमार्क)



**ओलंपिक** में दो पदक जीतने वाली भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु शनिवार को यहां डेनमार्क ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में स्पेन की अपनी चिर प्रतिद्वंद्वी कारोलिना मारिन से तीन गेम में हार कर बाहर हो गई। यह मुकाबला एक घंटे 13 मिनट तक चला जिसमें सिंधु को 18–21, 21–19, 7–21 से हार का सामना करना पड़ा। मैच के दौरान दोनों खिलाड़ियों में शाब्दिक जंग भी देखने को मिली जिससे दोनों को पीले कार्ड भी मिले। भारतीय खिलाड़ी ने शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में थाईलैंड की सुपानिडा काटेथोंग को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। सिंधु पिछले सप्ताह फिनलैंड में आर्कटिक ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में भी पहुंची थी लेकिन वह इससे आगे बढ़ने में नाकाम रही थी। सिंधु की मारिन के हाथों यहां लगातार पांचवीं हार है। स्पेन की खिलाड़ी ने उन्हें 2016 में रियो ओलंपिक के फाइनल और 2018 में विश्व चैंपियनशिप के खिताबी मुकाबले में भी हराया था। सिंधु और मारिन इससे पहले एक दूसरे की तारीफ करते रहे हैं लेकिन शनिवार को कोर्ट पर ऐसा कुछ नहीं देखने को मिला। अंपायर ने दोनों को कई बार चेतावनी दी और आखिर में उनको पीला कार्ड दिखाना पड़ा। अंपायर ने उन्हें अंक हासिल करने पर जश्न मनाने का तरीका बदलने को भी कहा। मारिन इसके बाद भी चिल्लाती रही और जश्न मनाती वही जबकि सिंधु को सर्विस लेने में देर करने के कारण दो बार चेतावनी दी गई। मारिन ने पहला गेम जीतने के बाद जोर–जोर से चिल्ला कर जश्न मनाया इसके लिए उन्हें चेतावनी भी मिली। सिंधु ने दूसरा गेम जीत कर वापसी की। निर्णायक गेम में अंपायर ने सिंधु को सर्विस लेने के लिए जल्दी तैयार नहीं होने पर चेतावनी दी। इस पर सिंधु को अंपायर से यह कहते हुए सुना गया, आपने उसे ज़ोर से चिल्लाने की अनुमति दे रखी है, पहले उसे समझाओ और तब मैं तैयार हो जाऊंगी। इसके तुरंत बाद शटल सिंधु के कोर्ट में गिर गई और दोनों इसे लेने के लिए गई। यहां पर भी दोनों के बीच नोक झोंक हुई। अंपायर ने तब दोनों खिलाड़ियों को बुलाकर पीला कार्ड दिखाया और मारिन को सिंधु की तरफ गिरी हुई शटल नहीं उठाने के लिए भी कहा।

# पंड्या के बाहर होने से टीम का संतुलन प्रभावित होगा: द्रविड़

**धर्मशाला।** भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने स्वीकार किया कि रविवार को यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले विश्व कप मुकाबले में उन्हें चोटिल ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या की कमी खलेगी और उनकी गैरमौजूदगी में टीम का संतुलन प्रभावित होगा लेकिन उन्हें उपलब्ध 14 खिलाड़ियों के साथ की सर्वश्रेष्ठ संयोजन तैयार करना होगा। पंड्या बांग्लादेश के खिलाफ पिछले मैच में अपनी गेंदबाजी पर क्षेत्ररक्षण के दौरान टखने में चोट लगा बैठे थे और वह टीम के साथ यहां नहीं आए हैं। द्रविड़ ने शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस में कहा, बेशक वह हमारे लिए एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी है और वह एक महत्वपूर्ण ऑलराउंडर है इसलिए हमें टीम को अच्छी तरह से संतुलित करने में मदद करता है। लेकिन वह इस मुकाबले में नहीं खेल पाएगा इसलिए हमें इसे ध्यान में रखते हुए देखना होगा कि सबसे अच्छा संयोजन क्या है और हम सबसे अच्छा क्या कर सकते हैं। अंत में हमें उन 14 खिलाड़ियों के साथ काम करना होगा जो उपलब्ध हैं। कभी–कभी आप उम्मीद करते हैं कि इस तरह की चीजें हो सकती हैं इसीलिए आपके पास एक टीम है। हमें यह देखना होगा कि इन परिस्थितियों और इन विकेटों को देखते हुए क्या सर्वश्रेष्ठ है। लेकिन हां, शायद उस तरह का संतुलन नहीं होगा जैसा हमने पहले चार मैचों में देखा था। पंड्या के बाहर होने पर भारत एक विशेषज्ञ बल्लेबाज और एक विशेषज्ञ गेंदबाज के साथ उतर सकता है और ऐसी स्थिति में ऑलराउंडर शारदुल ठाकुर को बाहर बैठना पड़ सकता है। टीम में शारदुल की भूमिका पर द्रविड़ ने कहा, शारदुल की भूमिका स्पष्ट है, वह हमारे लिए गेंदबाजी ऑलराउंडर है। वह जिन मैचों में खेला है उनमें हमने उसे विकेट चटकाने वाले गेंदबाज के रूप में देखा है।



अभ्यास करती टीम इंडिया

## पिचों को औसत रेटिंग देने से सहमत नहीं हूं



**धर्मशाला।** भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ मौजूदा एकदिवसीय विश्व कप की कुछ पिचों को आईसीसी द्वारा औसत की रेटिंग दिए जाने से सहमत नही है और इस पूर्व खिलाड़ी ने कहा कि सिर्फ अधिक रन बनना ही पिचो को रेटिंग दिए जाने की पात्रता नही हो सकती।अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की मेजबानी करने वाले चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम और अहमदाबाद मे पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले की मेजबानी करने वाले अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम की पिच को औसत रेटिंग दी है।द्रविड़ ने कहा कि वह एक टूर्नामेंट मे विविधता देखना चाहते है और सिर्फ रन बनने के आधार पर पिच को रेटिंग नही दी जा सकती।द्रविड़ ने न्यूजीलैड के खिलाफ मुकाबले की पूर्व संध्या पर शनिवार को यहां कहा, मै निश्चित रूप से उन दो विकेटो के लिए दी गई औसत रेटिंग से सम्मानपूर्वक असहमत रहूंगा।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।
पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।